YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-03 ❒ मंगलवार, 30 जनवरी 2024 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



नई तकनीक के प्रयोग से सिंचाई व्यवस्था का बेहतर अनुश्रवण हो सकेगा। मुख्यालय स्तर से अब राजकीय नलकूपों की निगरानी की जाएगी। लघु डाल नहरों एवं 30 वृहद व मध्यम पम्प नहरों के सुगम संचालन एवं अनुश्रवण के लिए जीएसएम आधारित केन्द्रीयकृत कंट्रोल सिस्टम स्थापित किया जाएगा। **स्वतंत्रदेव सिंह**

भारत-सऊदी अरब संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू 11 | स्वयं से प्रतिस्पर्धा का मोदी का सूत्र आत्मसात करें युवा : रविन्द्र पुरी 12

## संक्षेप

### सरकार ने सिमी पर पांच वर्ष के लिए प्रतिबंध बढ़ाया

**नयी दिल्ली।** सरकार ने स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध लगाते हुए उसे पांच वर्ष के लिए 'विधिविरुद्ध संगठन' घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि सिमी को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 3(1) के अंतर्गत पांच साल की अवधि के लिए विधिविरूद्ध संगठन घोषित कर दिया है। सिमी पर इससे पहले पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी 2019 को लगाया गया था। बयान में कहा गया है कि सिमी, देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने में लगा है जो देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक है। सिमी और उसके सदस्यों के खिलाफ विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 सहित कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### पीईटी-2023 परिणाम घोषित, भर्ती के लिए एक साल तक वैध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने सोमवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा-2023 (पीईटी) परिणाम घोषित कर दिया है। यह एक साल यानी 28 जनवरी 2025 तक के लिए वैध होगा। परीक्षा में 1260460 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। पीईटी के लिए कुल 2007533 ने पंजीकरण कराया था, इसमें से 747073 ने परीक्षा छोड़ दी थी। आयोग के अध्यक्ष प्रवीर कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में परीक्षा परिणाम को मंजूरी दी गई। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना की ओर से जारी परिणाम के मुताबिक 31 अभ्यर्थियों द्वारा अपनी ओएमआर शीट में प्रश्न पुस्तिका पर क्रमांक अंकित नहीं किया गया या गलत अंकित कर दिया गया। इसके चलते इनका आवेदन निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा 890 अभ्यर्थियों को केंद्र अधीक्षकों द्वारा लिखित परीक्षा के लिए औपबंधिक रूप से प्रवेश दिया गया था, इसलिए उनके स्कोर कार्ड में प्रोविजनल दर्ज किया गया है। आयोग के सचिव के मुताबिक छह अभ्यर्थियों का परिणाम जांच के अधीन प्रकाशित किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थियों के स्कोर कार्ड में परीक्षा परिणाम की स्थिति जांच के अधीन दर्ज किया गया है।

### जोशी ने बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक बुलायी

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के बजट सत्र से पहले दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलायी है। यह सर्वदलीय बैठक मंगलवार यानी 30 जनवरी पूर्वाह्न साढे ग्यारह बजे संसद पुस्तकालय भवन में होगी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण के साथ शुरू होगा और सरकारी कामकाज की अनिवार्यताओं को देखते हुए यह 9 फरवरी को समाप्त हो सकता है।

# बच्चों की उपलब्धि को अपना विजिटिंग कार्ड ना बनाएं मां-बाप : मोदी

## छात्रों को मोदी का मंत्र — फोन के पासवर्ड परिवार से करें साझा, रात्रि भोजन के समय गजट ना चलाएं

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने में अभिभावकों एवं शिक्षकों की भूमिका रेखांकित करते हुए आज कहा कि मां बाप को अपने बच्चे की उपलब्धि को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए और शिक्षकों को अपना काम केवल जॉब नहीं बल्कि छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी समझना चाहिए।

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) के 7वें संस्करण के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करते हुए बच्चों को सीख दी कि वे अपने सहपाठियों एवं मित्रों से लेन-देन वाला व्यवहार नहीं रखें और उनकी उपलब्धियों की खुशियां मनायें और उससे खुद आगे बढ़ने की प्रेरणा लें। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर प्रदर्शित कला और शिल्प प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाई गई रचनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि ये प्रदर्शन दर्शाते हैं कि नई पीढ़ियां विभिन्न विषयों के बारे में क्या सोचती हैं और इन मुद्दों के लिए उनके पास क्या समाधान हैं। श्री मोदी ने छात्रों को आयोजन स्थल यानी भारत मंडपम के महत्व को समझाया और उन्हें जी20 शिखर सम्मेलन के बारे में बताया जहां दुनिया के सभी प्रमुख नेता इकट्ठे हुए और दुनिया के भविष्य पर चर्चा की। उन्होंने बाहरी दबाव और तनाव को लेकर ओमान के एक निजी सीबीएसई स्कूल से दानिया शब्बू और सरकारी स्कूल से मोहम्मद अर्श तथा दिल्ली में सर्वोदय बाल विद्यालय के छात्रों से संवाद करते हुए सांस्कृतिक और सामाजिक अपेक्षाओं जैसे बाहरी कारकों के कारण होने वाले दबाव एवं तनाव को कम करने के बारे में बात की। उन्होंने छात्रों पर बाहरी कारकों के अतिरिक्त दबाव के प्रभाव को कम करने में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला और यह भी बताया कि माता-पिता ने समय-समय पर इसका अनुभव किया है। उन्होंने खुद को दबाव से निपटने में सक्षम बनाने और जीवन के एक हिस्से के रूप में इसके लिए तैयारी करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने छात्रों से एक चरम जलवायु स्थिति से दूसरे तक यात्रा करने का उदाहरण देकर खुद को मानसिक रूप से तैयार करने का आग्रह किया जहां दिमाग पहले से ही चरम मौसम की स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहता है। उन्होंने तनाव के स्तर का आकलन करने और इसे धीरे-धीरे बढ़ाकर आगे बढ़ने का भी सुझाव दिया ताकि छात्र की क्षमता इससे प्रभावित न हो। श्री मोदी ने छात्रों, परिवारों और शिक्षकों से एक व्यवस्थित सिद्धांत को लागू करने के बजाय प्रक्रिया को विकसित करते हुए सामूहिक रूप से बाहरी तनाव के मुद्दे को संबोधित करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि छात्रों के परिवारों को उनमें से प्रत्येक के लिए काम करने वाले विभिन्न तरीकों पर चर्चा करनी चाहिए। साथियों का दबाव और दोस्तों के बीच प्रतिस्पर्धा के मुद्दे पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सरकारी प्रदर्शन बहुउद्देशीय स्कूल की भाग्य लक्ष्मी, गुजरात के जेएनवी पंचमहल की दृष्टि चौहान और केंद्रीय विद्यालय, कोझीकोड की स्वाति दिलीप के सवालों पर उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बीज पारिवारिक स्थितियों में बोए जाते हैं, जिससे भाई-बहनों के बीच विकृत प्रतिस्पर्धा पैदा होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों के बीच तुलना से बचें। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो का उदाहरण दिया जहां बच्चे स्वस्थ तरीके से प्रतिस्पर्धा करते हुए एक-दूसरे की मदद करने को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना कोई प्लस-माइनस का खेल नहीं है और प्रतिस्पर्धा स्वयं से होती है क्योंकि किसी मित्र द्वारा अच्छा प्रदर्शन क्षेत्र को अच्छा करने तक सीमित नहीं रखता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रवृत्ति उन लोगों से मित्रता करने की प्रवृत्ति को जन्म दे सकती है जो प्रेरक नहीं होंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी कहा कि वे अपने बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से न करें और ना ही अपने बच्चों की उपलब्धि को अपना विजिटिंग कार्ड बनाएं। श्री मोदी ने छात्रों से अपने दोस्तों की सफलता पर खुशी मनाने की नसीहत देते हुए कहा, दोस्ती कोई लेन-देन वाली भावना नहीं है। छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने जेडपी हाई स्कूल, उप्पारापल्ली, आंध्र प्रदेश के संगीत शिक्षक कोंडाकांची संपत राव और शिवसागर असम के शिक्षक बंटी मेडी के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने रेखांकित किया कि संगीत में उन छात्रों के तनाव को दूर करने की क्षमता है जो न केवल एक कक्षा के बल्कि पूरे स्कूल के हैं। उन्होंने कक्षा के पहले दिन से लेकर परीक्षा के समय तक छात्र-शिक्षक सहयोग को धीरे-धीरे बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि इससे परीक्षा के दौरान तनाव पूरी तरह खत्म हो जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से यह भी आग्रह किया कि वे पढ़ाए गए विषयों के आधार पर छात्रों ● शेष पेज 11 पर



### पीएम की कही 10 जरूरी बातें...

1. जीवन में कॉम्पिटीशन होना जरूरी, इसके लिए खुद को तैयार करें।
2. पैरेंट्स बच्चों को हर समय समझाने से बचें।
3. दोस्तों से कॉम्पिटीशन नहीं, इंस्पिरेशन लें।
4. शिक्षक संगीत से क्लास का माहौल खुशनुमा बनाएं।
5. पेपर देने से पहले मन को शांत करें। गलतियों से बचें।
6. लिखने की प्रैक्टिस करें।
7. अच्छी सेहत के लिए न्यूट्रिशन और एक्सरसाइज पर ध्यान दें।
8. मोबाइल की तरह शरीर को भी चार्ज करें, पर्याप्त नींद लें।
9. दूसरों की सलाह से करियर का सिलेक्शन नहीं करें।
10. अपने माता-पिता का भरोसा जीतें।

### मैं बिस्तर पर जाने के 30 सेंकेंड के भीतर सो जाता हूं: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वह बिस्तर पर जाने के 30 सेकंड के भीतर सो जाते हैं। उन्होंने छात्रों को 'स्क्रीन टाइम' के प्रति आगाह किया, जिससे नींद में खलल पड़ती है। भारत मंडपम में 'परीक्षा पे चर्चा' के सातवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'स्क्रीन टाइम' नींद के समय को खा जाता है। उन्होंने कहा, ''संतुलित जीवनशैली बनाए रखने के लिए हर चीज की अधिकता से बचना चाहिए। स्वस्थ दिमाग के लिए एक स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण है और इसके लिए कुछ दिनचर्या, सूरज की रोशनी में समय बिताना और नियमित और पूरी नींद लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा, ''स्क्रीन टाइम जैसी आदतें आवश्यक नींद के समय को खा रही हैं, जिसे आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान द्वारा बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। 'स्क्रीन टाइम' शब्द आम तौर पर उस समय को संदर्भित करता है, जो कोई व्यक्ति मोबाइल और टेलीविजन के स्क्रीन का उपयोग करके बिताता है। मोदी ने कहा, ''मैंने बिस्तर पर जाने के 30 सेकंड के भीतर गहरी नींद में जाने की दिनचर्या बनाए रखी है। जागते समय पूरी तरह जागना और सोते समय गहरी नींद लेना एक संतुलन है, जिसे हासिल किया जा सकता है। मोदी ने संतुलित आहार की आवश्यकता पर बल दिया और फिटनेस के लिए नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर भी जोर दिया। शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' में पिछले छह वर्षों से छात्र, अभिभावक और शिक्षक शामिल होते रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण चौथा संस्करण ऑनलाइन आयोजित किया गया था, जबकि पांचवां और छठा संस्करण टाउन-हॉल प्रारूप में संपन्न हुआ था। पिछले वर्ष के संस्करण में कुल 31.24 लाख छात्रों, 5.60 लाख शिक्षकों और 1.95 लाख अभिभावकों ने भाग लिया था। इस साल, 'माइ गोव पोर्टल' पर करीब 2.26 करोड़ पंजीकरण हुए हैं, जो छात्रों के बीच इस कार्यक्रम को लेकर व्यापक उत्साह को दर्शाता है।

# आगामी विस सत्र में यूसीसी विधेयक पेश होगा : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार करने के लिए बनी कमेटी दो फरवरी को अपना ड्राफ्ट प्रदेश सरकार को सौंपेगी और हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक भारत,श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण और 2022 विधानसभा चुनाव से पूर्व उत्तराखंड की जनता के समक्ष रखे गए संकल्प तथा उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप उनकी सरकार प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए राज्य सरकार के संकल्प को दोहराते हुए धामी ने कहा, ''2022 में हुए उत्तराखंड के विधानसभा चुनावों में यूसीसी हमारा संकल्प था और उस संकल्प को पूरा करने के लिए जनता ने हमें आशीर्वाद दिया और सरकार में आने का मौका दिया । उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही हमने यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए समिति गठित की। उन्होंने कहा, '' समिति ने हमें बताया है कि वह दो फरवरी को अपना मसौदा प्रदेश सरकार को दे देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम ● शेष पेज 11 पर



❒ समिति दो फरवरी को यूसीसी का मसौदा प्रदेश सरकार को सौंप देगी

### राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की 56 सीटों के लिए 27 फरवरी को चुनाव कराने की घोषणा की है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि 15 राज्यों से राज्यसभा के 56 सदस्यों का कार्यकाल आगामी अप्रैल में समाप्त हो रहा है। आयोग ने इन सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की सोमवार को घोषणा कर दी। चुनाव के लिए अधिसूचना 8 फरवरी को की जायेगी। नामांकन 15 फरवरी तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 16 फरवरी को की जायेगी और नाम वापस लेने का अंतिम दिन 20 फरवरी को होगा। आयोग के अनुसार मतदान 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक होगा। मतों की गिनती 27 फरवरी को ही शाम पांच बजे की जायेगी। समूची चुनाव प्रक्रिया 29 फरवरी तक संपन्न होगी। आयोग ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की 10, बिहार और महाराष्ट्र की 6-6 , पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश की 5-5, गुजरात और कर्नाटक की 4-4, आन्ध्र प्रदेश,राजस्थान, तेलंगाना और ओडिशा की 3-3, छत्तीसगढ, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की एक-एक सीट के लिए चुनाव होगा।

# नौकरी के बदले जमीन मामले में ईडी ने लालू से की पूछताछ

एजेंसी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव से सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में पूछताछ कर रहा है।

'नौकरी के बदले जमीन' मामले ईडी के समन के बाद श्री यादव पटना स्थित ईडी कार्यालय गए। उनके साथ उनकी बेटी और राजद की राज्यसभा सदस्य मीसा भारती भी थीं, लेकिन उन्हें ईडी कार्यालय परिसर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई।

बाद में श्रीमती भारती को ईडी कार्यालय परिसर के अंदर जाने की इजाजत दे दी गई। वह श्री यादव के लिए दवा-पानी सौंपकर ईडी दफ्तर से बाहर निकलीं। जब अधिकारियों ने उन्हें कार्यालय परिसर के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी तो उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई थी। नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मामले की जांच ईडी कर रही है। आरोप के अनुसार,



श्री यादव ने वर्ष 2004 से 2009 तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील सरकार के शासनकाल के दौरान रेल मंत्री रहते हुए ग्रुप डी श्रेणी में उम्मीदवारों को दी गई नौकरियों के बदले में अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर भूखंडों का निबंधन कराया था।

### राबड़ी देवी की गौशाला के पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक व्यक्ति से रिश्वत के तौर पर संपत्ति ली: ईडी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की 'गौशाला' के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक एक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में इसे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया। यह आरोप प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को लगाया जो जमीन के बदले नौकरी मामले की जांच कर रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली की एक अदालत के समक्ष एक आरोप-पत्र दायर किया था जिसमें कुछ अन्य लोगों के अलावा लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को आरोपी बनाया गया था। आरोप-पत्र में ईडी ने लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के कथित 'करीबी सहयोगी' अमित कात्याल (49), घोटाले के कथित लाभार्थी और पूर्व 'गौशाला' कर्मचारी हृदयानंद चौधरी तथा दो कंपनी ऽ ए के इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और ए बी एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड को उनके साझा निदेशक शारीकुल बारी के माध्यम ● शेष पेज 11 पर

# बुलेट ट्रेन प्रणाली में लगेंगे 28 सिस्मोमीटर

एजेंसी

नयी दिल्ली। अहमदाबाद से मुंबई के बीच निर्माणाधीन देश की पहली हाईस्पीड रेलवे प्रणाली में सुरक्षा के लिए भूकंपमापी उपकरण लगाये जाने का फैसला हुआ है।

राष्ट्रीय हाईस्पीड रेल निगम के अनुसार इस पूरी 507 किलोमीटर की लाइन में 28 भूकंपमापी यंत्र लगाये जाएंगे जो आरंभिक भूकंपीय हलचलों को भांप कर ट्रेन के कंट्रोल रूम को सचेत कर देंगे और जरूरत पड़ने पर ट्रेनों को तुरंत रोक दिया जाएगा। इस प्रकार से भूकंप से यात्रियों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

जापानी शिंकानसेन तकनीक पर आधारित यह प्रारंभिक भूकंप जांच प्रणाली, प्राथमिक तरंगों के माध्यम से भूकंप-प्रेरित झटकों का पता लगाएगी और स्वचालित बिजली प्रवाह को बंद कर देगी। बिजली बंद होने का पता चलने पर आपातकालीन ब्रेक सक्रिय हो जाएंगे और प्रभावित क्षेत्र



में चलने वाली ट्रेनें रुक जाएंगी। ये 28 सिस्मोमीटर में से 22 को लाइन के साथ स्थापित किया जाएगा। आठ महाराष्ट्र में होंगे - मुंबई, ठाणे, विरार और बोइसर - और चौदह गुजरात में - वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, महेमदाबाद और अहमदाबाद होंगे। लाइन के साथ ट्रैक्शन सब-स्टेशनों और स्विचिंग पोस्ट में सिस्मोमीटर स्थापित किए जाएंगे। शेष छह सिस्मोमीटर भूकंप के संभावित क्षेत्रों ऽ महाराष्ट्र में खेड़, रत्नागिरी, लातूर और पांगरी और गुजरात में अदेसार और पुराने भुज में स्थापित किए जाएंगे। यह बात जापानी विशेषज्ञों द्वारा किये गये सर्वेक्षण में पता चली है कि इन स्थानों पर हाईस्पीड रेललाइन के आसपास के क्षेत्र में पिछले 100 वर्षों में 5.5 तीव्रता से अधिक के भूकंप आए हैं।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# मस्जिद के सर्वे पर रोक जारी रहेगी

एजेंसी

मथुरा। तीर्थनगरी मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद प्रकरण में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने एडवोकेट कमीशन पर स्टे आदेश को अप्रैल तक बढ़ा दिया है। हिंदू पक्ष को कहा है कि सभी पक्षकार अपने जवाब दाखिल करें। वहीं, मुस्लिम पक्ष की वादों की सुनवाई को कोर्ट तय करने संबंधी एसएलपी पर भी अगली तिथि पर सुनवाई करने को कहा। शाम तक अगली सुनवाई की तिथि सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी नहीं हुई।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने दोपहर एक बजे करीब इस मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने हिंदू पक्ष से एडवोकेट कमीशन पर लिखित जवाब मांगा। जवाब दाखिल न होने पर कोर्ट ने कहा कि अप्रैल के पहले हफ्ते में अब इस मामले में सुनवाई होगी। तब तक शाही ईदगाह के एडवोकेट कमीशन के सर्वे के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक जारी रहेगी।



❒ सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष दाखिल करे लिखित जवाब

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि हाईकोर्ट में दाखिल वादों की सुनवाई जारी रहेगी। उनकी सुनवाई पर कोई रोक नहीं है। सिर्फ एडवोकेट कमीशन के आदेश पर स्टे अप्रैल में होने वाली अगली सुनवाई तक जारी रहेगा।

महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि एडवोकेट कमीशन की नियुक्ति के लिए आवेदन बहुत अस्पष्ट है। आदेश को अगली तारीख तक लागू न करें। हिंदू पक्ष अपने आवेदन की प्रार्थना को देखे, वाद में दिए गए कथन के आलोक में एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की प्रार्थना बहुत अस्पष्ट है। हिंदू पक्ष अपना जवाब दाखिल करे कि एडवोकेट कमीशन किस लिए चाहता है।

सुप्रीम कोर्ट की पीठ में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता भी शामिल थे। उन्होंने कहा था कि आयोग को क्रियान्वित नहीं किया जाएगा। मगर, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित वादों की कार्यवाही जारी रह सकती है। हिंदू पक्ष ने हाईकोर्ट में एडवोकेट कमीशन के मांग संबंधी आवेदन में हाईकोर्ट में ● शेष पेज 11 पर

### ज्ञानवापी केस, हिंदू पक्ष की सुप्रीम कोर्ट में याचिका : शिवलिंग और वजूस्थल के सर्वे की मांग

नई दिल्ली। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के डायरेक्टर जनरल से अपील की गई है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि उसकी वास्तविकता का पता लगाया जा सके।

याचिका में कहा गया है कि सर्वे करने के लिए शिवलिंग के आसपास की आर्टिफिशियल या मॉडर्न दीवार और फ्लोर को हटाया जाए। बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए सील किए गए पूरे इलाके का वैज्ञानिक सर्वे किया जाए। इससे पहले, 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक लगा दी थी।

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका में ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाना (स्नान जल टैंक) का सर्वे कराने की मांग करने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया है कि 10 सीलबंद तहखानों में हिंदू मंदिर के सबूत और कलाकृतियां हैं।

ज्ञानवापी की एएसआई सर्वे की रिपोर्ट 25 जनवरी को देर रात सार्वजनिक हुई थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक, परिसर के अंदर भगवान विष्णु, गणेश और शिवलिंग की मूर्ति मिली हैं। पूरे परिसर को मंदिर के स्ट्रक्चर पर खड़ा बताते हुए 34 साक्ष्य का जिक्र किया गया है। मस्जिद परिसर के अंदर 'महामुक्ति मंडप' नाम का एक शिलापट भी मिला है। एएसआई ने रिपोर्ट में लिखा कि ज्ञानवापी में एक बड़ा हिंदू मंदिर मौजूद था। 17वीं शताब्दी में जब औरंगजेब का शासन था। उस वक्त ज्ञानवापी स्ट्रक्चर को तोड़ा गया। कुछ हिस्सों को मॉडिफाई किया गया। मूलरूप को प्लास्टर और चूने से छिपाया गया। 839 पेज की रिपोर्ट में एएसआई ने परिसर के प्रमुख स्थानों का जिक्र किया।

# भाजपा राज में महंगे सिलेंडर ने लोगों का खाना दूभर कर दिया : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी(सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा राज पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोमवार को 'एक्स' पर लिखा है कि 'भाजपा राज में महंगे सिलेंडर ने खाना दूभर कर दिया है तो जनता ने लकड़ी का जुगाड़ करके अपनी स्व-उज्ज्वला योजना शुरू कर दी है।' राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की मूर्ति स्थापना के बाद विपक्ष की बौखलाहट और बढ़ गयी है। उसे मुद्दे ही समझ में नहीं आ रहे हैं। नीतीश कुमार को भाजपा के साथ आने के बाद विपक्षी एकता भी चूर-चूर हो गयी। इसी बौखलाहट का परिणाम है कि रविवार को समाजवादी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि नीतिश को भाजपा ने मुख्यमंत्री के पद तक सीमित कर दिया। वे इंडिया गठबंधन में होते तो प्रधानमंत्री बन सकते थे। वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर पांडेय ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि जब सिलेंडर के दाम कम हो गये हैं तो ऐसे में उनका सोशल मीडिया पर सिलेंडर की महंगाई के बारे में लिखना, समझ से परे हैं। इस तरह की बातें तो यह बताती हैं कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। इधर विपक्ष में बिखराव विपक्ष को और परेशान करेगा।

वहीं वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्र का कहना है कि विपक्ष मुद्दा विहीन हो चुका है। उसको यह समझ में नहीं आ रहा है कि उसकी राजनीतिक जमीन कैसे बची रहे। राम लहर में विपक्ष के पास बहुमत तो दूर की बात रही, अब सिर्फ उसे अपनी जमीन को बचाये रखने का सवाल उठ खड़ा हुआ है। आने वाले चुनाव में कई दलों का अस्तित्व ही मिट जाने की संभावना है।

# राज्यसभा के चुनाव की घोषणा, 27 फरवरी को मतदान, उप्र में सर्वाधिक 10 सांसद बनेंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की घोषणा कर दी है। देश के 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा। इनमें सर्वाधिक दस सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। चुनाव आयोग के अनुसार 15 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतों की गिनती 27 फरवरी को ही शाम पांच बजे से होगी। इन 56 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल अप्रैल 2024 में खत्म होना है।

उप्र से इन दस सांसदों का कार्यकाल हो रहा खत्म भाजपा के अनिल अग्रवाल, अशोक बाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजय पाल सिंह तोमर, सुधांशु त्रिवेदी तथा हरनाथ सिंह यादव और समाजवादी पार्टी से जया बच्चन के कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहे हैं।

इन 15 राज्यों में होंगे चुनाव

आंध्र प्रदेश में तीन सीटों पर, बिहार में छह, छत्तीसगढ़ में एक, गुजरात में चार, हरियाणा में एक, हिमाचल प्रदेश में एक, कर्नाटक में चार, मध्य प्रदेश में पांच, महाराष्ट्र में छह, तेलंगाना में तीन, उत्तर प्रदेश में 10, उत्तराखंड में एक, पश्चिम बंगाल में पांच, ओडिशा में तीन और राजस्थान में तीन सीटों पर चुनाव होंगे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ अब मिलेगी नौकरी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए छात्र कल्याण कोष के माध्यम से कर्मयोगी योजना में नौकरी मिलेगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया को शुरु कर दी गई है। 31 जनवरी तक कर्मयोगी योजना में आवेदन किया जा सकता है। लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफ़ेसर संगीता साहू ने सोमवार को बताया कि शैक्षणिक सत्र के अंतर्गत छात्र के रुप में विश्वविद्यालय के छात्र अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी पायेंगे। इसके लिए पढ़ाई अलावा बाकी समय में वे सभी कार्यालय और अन्य कार्य में अपना सहयोग देगें। जिसके बदले में उन्हें 15 हजार रुपये दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा आवेदन प्रपत्र जारी किया गया है। जिसमें आवेदन का लिंक है, जिसे क्लिक कर छात्र-छात्राएं अपना आवदेन कर सकते हैं। लिंक के जरिए छात्र अपनी पूरी जानकारी देकर योजना में हिस्सा ले सकता हैं। 31 जनवरी तक ही आवेदन स्वीकार किया जायेगा। इसके बाद आने वाले आवेदन स्वीकार नहीं होगें।

## पोखरे में 55 वर्षीय व्यक्ति का मिला शव

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के तिनहवा चौराहे के पास स्थित शिव मंदिर के बगल वाले पोखरे में सोमवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार को अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तिनहवा शिव मंदिर के बगल में स्थित पोखरे में एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान ग्राम पंचायत खोटठा के टोला सेमरहिया निवासी इंद्रासन कनौजिया पुत्र राम नयन उम्र 55 वर्षीय के रूप में हुई। मृतक रविवार के दिन से ही अपने घर से निकला और घर नहीं पहुंचा। परिवार वाले उसे ढूंढते रहे परंतु पता नहीं चल पाया। सोमवार को कुछ बच्चे तिनहवा चौराहे के पास स्थित शिव मंदिर के बगल में पोखरे के पास खेल रहे थे तभी एक व्यक्ति के शव को पोखरे में तैरता हुआ दिखाई दिया।यह खबर बड़ी तेजी से क्षेत्र में फैली और लोग जुटना शुरू हो गए इसके बाद किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर अहिरौली बाजार के थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा मय हमराहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को पोखरे से बाहर निकलवाया ।इसके बाद इसकी पहचान इंद्रासन कनौजिया पुत्र रामनयन कनौजिया ग्राम पंचायत खोटठा टोला सेमराहिया थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर के रूप में हुई।मृतक की पहचान उसकी पत्नी दुर्गावती देवी ने किया।पुलिस शव को कब्जे में लेकर स्थानीय थाने ले आई और विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## उप्र शिक्षा मंत्री के आवास पर शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** काफी लम्बे समय से अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों ने सोमवार को उप्र के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया है। इन अभ्यर्थियों रविवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकारी आवास पर धरना दिया था। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों की प्रमुख मांगों में यह है कि 68500 शिक्षक भर्ती 2018 में ओबीसी और दिव्यांगजन आदि को आरक्षित श्रेणी में रखा जाये। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उप्र और संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति विधान परिषद उप्र द्वारा जारी आदेश व संस्तुति ओबीसी, दिव्यांगों आरक्षित श्रेणी में मानते हुए पूर्णांक 150 में से 60 अर्थात 40 प्रतिशत पर संशोधित परिणाम घोषित कर नियुक्ति की जाए। खबर लिखे जाने तक अपनी मांगों को लेकर शिक्षक अभ्यर्थी पदर्शन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती का आयोजन बेसिक शिक्षा परिसद उप्र की ओर से हुआ था। इसमें बड़े स्तर पर पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के लोग हैं। राष्ट्रीय और राज्य पिछड़ा आयोग में एक इसकी एक साल तक सुनवाई हुई। आरक्षण को लेकर विसंगति हुई है, जिसको लेकर कई बार प्रदर्शन, घेराव हुए हैं। लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला है।

## बसपा से नाराज नेता आएं हमारे साथ : रामदास अठावले

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नाराज नेताओं को आरपीआई के आने का निमंत्रण दिया। रामदास अठावले ने कहा कि बसपा में नाराज नेता ने हमारी पार्टी में आ सकते हैं। जो कि अध्यक्ष मायावती हमारे साथ आएं तो उनका भी स्वागत है। मायावती को आरपीआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना देंगे। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने लखनऊ में मीडिया से बातचीत में कहा कि बाबा साहब के बनाए संविधान पर सवाल उठाना बाबा साहब का अपमान है। उत्तर प्रदेश में हम चाहते हैं कि बसपा से नाराज नेता ने हमारे साथ आएं। बाबा साहब अम्बेडकर के सिद्धांत को आगे बढ़ाना है तो बसपा के नेताओं को आरपीआई में शामिल होना चाहिए। बसपा नेताओं के लिए बेहतर विकल्प आरपीआई बनेगी। आईएनडीआईए गठबंधन पर केंद्रीय मंत्री रामदास ने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन में सब टूट रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार का निर्णय सही है। बंगाल में ममता अकेले चुनाव लड़ेगी, हर जगह गठबंधन टूट रहा है। महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में दो सीटें गठबंधन में मांगी है। शिरडी लोकसभा सीट पर हमारी पूरी तैयारी है। उत्तर प्रदेश में भी अगर लोकसभा चुनाव में उन्हें सीट मिलती है तो निश्चित ही उसे सीट पर आरपीआई जीत दर्ज करेगी।

## उप्र में 49.62 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद, 10,145 करोड़ का हुआ भुगतान

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में निर्देश दिया था कि जब तक एक भी किसान का धान शेष रहेगा, क्रय प्रक्रिया जारी रहेगी। क्रय क्रेंद्रों पर किसानों को परेशानी न हो, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस पर भी विशेष नजर है। साथ ही किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता का कहना है कि प्रदेश में अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है और इन्हें 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

# बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा से विधायक पी.एन पाठक ने की मुलाक़ात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए किया अनुरोध**

कुशीनगर। विधायक पी.एन पाठक सोमवार को हिमाचल के धर्मशाला में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा से मुलाकात की। विधायक ने उनसे कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने के लिए अनुरोध किया। इस दौरान उन्हें होने वाले अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव की व्यूह रचना को भी साझा किया।

विधायक श्री पाठक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव से कुशीनगर नये कीर्तिमान की ऊंचाइयों को पहुंचेगा। यह पर्यटन विकास के साथ तमाम देशों के सभ्यता व संस्कृति के मेल-मिलाप व मधुर आदान-प्रदान का माध्यम बनकर विकासोन्मुख साबित होगा। इससे कुशीनगर में बौद्ध पर्यटन का द्वार खुलेगा। विधायक पी.एन पाठक ने बताया है कि धर्म गुरु दलाई लामा ने उनकी बातों को प्रमुखता से सुना है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता का आशीर्वाद भी दिया है। बता दें कि कुशीनगर विश्व के बौद्ध देशों में पूजनीय व दर्शनीय स्थलों में ख्याति प्राप्त है। यहां लाखों की संख्या प्रत्येक वर्ष विभिन्न बौद्ध देशों के वीवीआईपी, बौद्ध भिक्षु, अनुयाई, उपासक-उपासिकाएं समेत देश के अलग-अलग प्रांतों से भी बौद्ध भिक्षुओं की वर्ष पर्यन्त आवक बनी रहती है। बौद्ध धर्म के प्रमुख चार स्थलों में कुशीनगर भी शामिल हैं। लुंबिनी जन्मस्थली, बोधगया ज्ञान प्राप्ति, सारनाथ प्रथमा उपदेश के लिए प्रसिद्ध है। वहीं कुशीनगर महात्मा बुद्ध की पवित्र महापरिनिर्वाण स्थली है। जो बौद्ध अनुयायियों के लिए पूजनीय व पवित्र दर्शनीय स्थलों में ख्याति प्राप्त है।

संभवतः 1995 में बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर के स्वर्ण जयंती समारोह में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर चुके हैं। अगर अंतरराष्ट्रीय बुद्धिस्ट कान्क्लेव में शिरकत किए तो उनका यह दूसरा आगमन होगा। उनके संभावित आगमन को लेकर बौद्ध भिक्षुओं व अनुयायियों के अलावा पर्यटन,होटल व अन्य सभी लोगों में उत्साह है।

# चमारी गांव में बनेगा जिले का सबसे हाईटेक स्वास्थ्य केंद्र : उपमुख्यमंत्री

एजेंसी



जालौन । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को जालौन पहुंचे, यहां पर वह चमारी गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में शिरकत करने आए थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से गांव की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं ग्राम में सबसे अत्याधुनिक स्वास्थ्य केंद्र बनवाने का निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि ग्राम चमारी में श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन का आज समापन है, जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पहुंचे, यहां पर उन्होंने भागवत कथा के दौरान श्लोकों का श्रवण किया और वहां पर मौजूद भक्तों से संवाद भी किया। भागवत कथा के मंच से उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि गांव की समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान का मिला लहूलुहान शव

झांसी। कटेरा थाना क्षेत्र के पुखरया खिरक गांव में अपने खेत की रखवाली कर रहे एक युवा किसान का शव सोमवार की सुबह लहूलुहान अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। पुखरयां खिरक निवासी 33 वर्षीय महेश रैकवार बीती रात रविवार को घर से खाना खाकर अपने खेत पर रखवाली करने गया था। सोमवार को सुबह उसका शव पत्थर से कुचला हुआ रक्तरंजित अवस्था में मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी।

# कोणार्क के सूर्य मंदिर से भी पुराना है बुन्देलखंड का रहेलिया सूर्य मंदिर

हमीरपुर। बुन्देलखंड की वीरभूमि महोबा में हजारों साल पुराने सूर्य मंदिर को विश्व के मानचित्र पर लाए जाने की मांग फिर से शुरू हो गई है। बिना सरिया और सीमेंट से बना यह मंदिर कोर्णाक के सूर्य मंदिर से भी बहुत पुराना है जिसे क्रूर कुतुबुद्दीन ऐबक भी तहस-नहस नहीं करा पाए थे। ग्रेनाइट पत्थरों से ही बना यह मंदिर हजारों साल बीतने के बाद भी ये मजबूती से आज भी खड़ा है। बुन्देलखंड का महोबा ऐतिहासिक धरोहरों के लिए जाना जाता है। ये कभी हमीरपुर जिले की एक तहसील होती थी लेकिन वर्ष तत्कालीन मुलायम सिंह यादव की सरकार ने महोबा को पृथक जिला बना दिया था। जिला बनने के बाद महोबा क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ। पिछले तीन दशक पूर्व पिछड़े महोबा की तस्वीर ही बदल गई है। बुंदेलखंड में कई ऐतिहासिक और धार्मिक विरासतें मौजूद हैं। सदियों पुराने कई मंदिर आज भी अपनी छाप छोड़े हुए हैं। ऐसे ही एक ऐतिहासिक विरासत सूर्य मंदिर मुख्यालय से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर रहेलिया गांव में स्थित है। सूर्य मंदिर का निर्माण चंदेल राजा राहिल देव वर्मन ने 890 से 910 ई के मध्य कराया था। यह मंदिर नागर शैली में बनाया गया है। सीमेंट और गारा का प्रयोग के बिना ही मंदिर का निर्माण कराया गया है। सूर्य मंदिर से कुछ दूरी पर सूर्य कुंड का निर्माण कराया गया था। बताया जाता है कि सूर्य कुंड का पानी कभी नहीं सूखता है। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि वह सूर्य मंदिर को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने के लिए लगातार मांग कर रहे हैं। प्रशासन से अपील की जा रही है कि यूनेस्को प्रस्ताव भेजकर सूर्य मंदिर को विश्व धरोहर की सूची में शामिल कराया जाए। जिससे बुंदेलखंड के इस जनपद को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी और वीर भूमि में रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेगीं। जिलाधिकारी मनोज कुमार ने सूर्य मंदिर को संवारने के लिए प्रयास किया, जिसके क्रम में सूर्य मंदिर में सुंदर लाइटिंग कराई गई और मंदिर तक पहुंचने के लिए सड़क का निर्माण और लाइटिंग ट्री का निर्माण भी कराया गया है। जिससे सूर्य मंदिर में पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

# निर्माण के एक माह के भीतर ही टूटने लगी मठिया भोकरिया से तिवारीपट्‌टी जाने वाली सड़क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**ग्रामीणों ने ठीकेदार व विभाग के विरुद्ध किया प्रदर्शन**

**सड़क की पुन: पेंटिग कराए जाने की मांग**

कुशीनगर। दुदही विकास खंड के मठिया भोकरिया बाजार से तिवारीपट्‌टी जाने वाली सड़क का हाल ही में निर्माण हुआ है। लेकिन विभागीय लापरवाही से ठीकेदार ने सड़क निर्माण में मानक का उल्लंघन किया है जिसके परिणामस्वरूप बनने के एक माह के भीतर ही सड़क की गिट्‌टियां उखडने लगी हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए तत्काल सड़क को ठीक कराए जाने की मांग की है।

बताते चलें कि पडरौना-सेवरही मार्ग पर तिवारीपट्‌टी बाजार को मठिया भोकरिया सहित दुमही, चितहीं, मंझरिया, गनेशापट्‌टी आदि गांवों को जोड़ने वाली लगभग साढ़े छह किमी लंबी एक माह पूर्व 3.46 करोड़ की लागत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा पूर्ण की गई है। यह सड़क लगभग आठ माह की देरी से बनी है। सोमवार को मठिया भोकरिया बाजार में प्रदर्शन कर रहे पूर्व प्रधान इंद्रजीत राय, पूर्व प्रधान सचेन्द्र कुमार राय गुड्‌डू बाबू, जयप्रकाश पांडेय, प्रवीण राय आरएसएस खंड प्रचार प्रमुख दुदही, वीरेन्द्र सिंह, दिलीप राय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सपा भगवान पटेल, महन्थ प्रसाद गुप्ता, नथुनी शर्मा,धर्मेंद्र खरवार, गोरख भारती, विनोद कुशवाहा, ब्रजेश गुप्ता आदि ग्रामीणों का का आरोप है कि सड़क की पेंटिंग में खराब गुणवत्ता के चलते सड़क की उपरी परत उखड़ रही है और सड़क के शीघ्र टूट जाने की भी आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने विभागीय लापरवाही के प्रति आक्रोश जताते हुए शीघ्र नियमानुसार सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की। अन्यथा की दशा में ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी।

# अंग्रेजी शराब की दुकान से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर की लाखों की चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**सेल्समैन ने पुलिस को दिया तहरीर, कार्रवाई की मांग**

कुशीनगर। सेवरही नगर पंचायत में संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए नगद तथा सामानों की चोरी कर घटना को अंजाम दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त घटना की तहरीर सेल्समैन ने सेवरही पुलिस को सौंपा तथा कार्यवाही की मांग किया है। सुत्रो को माने तो कस्बे में लागातार हो रही चोरियों को लेकर व्यापारियों में काफी आक्रोश है। आक्रोश व्यक्त करते हुए व्यापारीयों ने कहा कि सेवरही पुलिस गरीब जनता से पैसा वसूल करने में महारत हासिल है इस को लेकर पुलिसिया व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है।

जानकारी के आधार पर नगर पंचायत सेवरही के मालगोदाम चौक के समीप अंग्रेजी शराब की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर अंदर घुस कर लगभग 7 लाख ?12000 नगद एवं सामान तथा सीसीटीवी के डीबीआर की चोरी कर भागने में सफल रहे। घटना को लेकर सेल्समैन शेखर कुमार पुत्र बलिराम प्रसाद, निवासी ग्राम लकड़ी दरगाह, जिला सिवान बिहार ने सेवरही पुलिस को तहरीर में बताया है कि अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर नगदी रुपए सहित सामान भी ले गए बीते चार दिनों से बैंक बन्द रहने से बिक्री की नगद रकम दुकान के काउंटर में लॉक की गई थी।घटना की जानकारी मिलते ही व्यापारियों का समूह मौके पर इकट्‌ठा हो गये। व्यापारियों ने घटना पर आक्रोश जताते हुए कहा कि कस्बे में अज्ञात चोरों द्वारा लागातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। और पुलिस गहरी नींद में सो रही है ।

उक्त घटना के संबंध में थानाध्यक्ष दिग्विजय नारायण राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# चार माह से ईओ के आखों में खटक रहे थे चेयरमैन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**चेयरमैन द्वारा ईओ को नोटिस देने का बाद ही शुरू हो गया शीत युद्ध**

**नोटिस के माध्यम से चेयरमैन ने ईओ की कारस्तानी का खोल दिया था पोल**

कुशीनगर । जनपद के तमकुहीराज नगर पंचायत के ईओ अमित सिंह द्वारा चेयरमैन जेपी गुप्ता के साथ मारपीट किये जाने के मामले को लेकर नगर पंचायत का तापमान जहां बढ गया है वही सत्तारुढ़ जनप्रतिनिधियों का मिजाज भी उबाल ले रहा है। कहना न होगा कि इस घटना का स्क्रिप्ट ईओ अमित सिंह ने चार माह पहले ही लिख दी गई थी ऐसा विश्वस्त सूत्रो का कहना है। बताया जाता है कि अक्टूबर माह मे जब चेयरमैन ने ईओ पर तमाम आरोपों की झड़ी लगाते हुए नोटिस थमाया था उसी समय से ईओ की आंख मे चेयरमैन खटकने लगे थे। यह बात दीगर है कि ईओ जिस मौका की तलाश कर रहे थे वह शनिवार को मिला। अब सवाल यह उठता है कि मारपीट जब दोनो तरफ से हुई है, चोटिल दोनो पक्ष के लोग हुए है और विवाद की शुरुआत कर्मचारी व ठेकेदार की पिटाई कर ईओ द्वारा की गयी तो फिर ईओ के खिलाफ मुकदमा क्यो नही दर्ज किया गया? जबकि तमकुहीराज पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए ईओ के तहरीर पर एक पक्ष के खिलाफ घटना के दिन ही मुकदमा दर्ज कर लिया, फिर दुसरे पक्ष का मुकदमा अब तक क्यो नही दर्ज किया गया?

काबिलेजिक्र है कि नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार को हुई मारपीट घटना अकास्मिक नही हुई है। इस पीछे काफी दिनो से चली आ रही चेयरमैन के प्रति ईओ का खुन्नस है और वह खुन्नस अक्टूबर माह में चेयरमैन जेपी गुप्ता द्वारा ईओ अमित सिंह को तमाम मामलो में आरोपित कर दिये गये नोटिस का है। विभागीय सूत्रों की माने तो इस नोटिस के बाद ही ईओ और चेयरमैन में शीतकालीन युद्ध शुरू हो गया। वजह यह है कि चेयरमैन ने अपने नोटिस मे ईओ की कारस्तानी का पोल खोल दिया था जिसे ईओ अमित सिंह हजम नही कर पा रहे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने नोटिस के माध्यम से नगर निकाय हित मे कार्य नहीं करने, विकास कार्य में प्रगति नहीं लाने, शासकीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने, मुख्यालय पर रात्रि विश्राम नही करने, निविदा प्रक्रिया को अमल में नही लाने, नशे की हालात में चौकीदार एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी व कम्प्यूटर आपरेटर कुन्दन पाण्डेय से मारपीट करने, लोकसेवक नियमावली के विरुद्ध आचरण करने, भाजपा नेता अजय राय से अभद्रता करने व जिलाधिकारी द्वारा वेतन आहरण पर रोक लगाने के बावजूद उसका उलंघन करने का आरोप ईओ पर लगाते हुए स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया था जिसके बाद चेयरमैन जेपी गुप्ता, ईओ अमित सिंह के आखो के किरकिरी बन गये थे। इतना ही नही आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्ति किये गये कम्प्यूटर आपरेटर कुन्दन पाण्डेय ने अक्टूबर माह मे ईओ अमित सिंह के खिलाफ थाने मे तहरीर दिया था उस समय ईओ ने कुन्दन को नौकरी से निकाल दिया किन्तु चेयरमैन इस पक्ष मे तनिक भी नही थे वह कुन्दन से से कार्य संपादित कराना चाहते है। बताया जाता है कि चेयरमैन के इस निर्णय से भी ईओ अमित सिंह असंतुष्ट है।

## काश। ईओ पर हुई होती पहले कार्रवाई

शनिवार को हुई मारपीट की घटना के प्रत्यक्षदर्शी , सभासद व कर्मचारियों का कहना है कि काश! ईओ अमित सिंह द्वारा पूर्व मे कारित किये गये घटना के खिलाफ कार्रवाई हुई होती तो ईओ की मनबढई सातवे आसमान पर नही होती और वह अपने गुण्डई का प्रर्दशन नही करते। यहां बताना जरूरी है कि 28 अक्टूबर को आउटसोर्सिंग कम्प्युटर आपरेटर के पद पर कार्यरत कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय नगर पंचायत कार्यालय के कम्प्युटर कक्ष में बैठकर कार्य कर रहे उस समय ईओ अमित सिंह वहा पहुचे और पहले से मौजूद नगर पंचायत के अन्य कर्मचारियों को कक्ष से बाहर निकालकर रुम को अंदर से बंद दिया और कुन्दन को भद्दी -भद्दी गाली देते हुए कालर पकडकर पिटने लगे। इस घटना को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मचारी कुन्दन पाण्डेय ने तमकुहीराज पुलिस को तहरीर देकर ईओ पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुये कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी। किन्तु अफसोस ईओ अमित सिंह के खिलाफ न तो थाने स्तर से कोई कार्रवाई की गयी और न ही जनपद के आला अफसरों द्वारा ईओ पर कोई कार्रवाई की गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि ईओ अमित सिंह की गुण्डई सिर चढकर बोलने लगा और शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय अखाड़े मे तब्दील हो गया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में बेहजम ब्लाक में निकली यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी।कांग्रेस नेता गांधी के नेतृत्व में चलाई जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी लखीमपुर-खीरी द्वारा ब्लाक बेहजम के अन्तर्गत न्याय पंचायत शंकरपुर से न्याय यात्रा के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष कार्यक्रम प्रभारी रवि तिवारी के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई उक्त यात्रा अटई, परसेहरा होते हुए भदूरा में इस यात्रा का समापन किया गया।

जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा जो भारत जोड़ो न्याय यात्रा चलाई जा रही है वह पूर्णतया गरीबों मजलूमों के लिए है असली रामराज्य राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आएगा नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश को जंगल राज में बदल दिया है मंहगाई बेरोजगारी अपराध और निजीकरण चरम सीमा पर है भाजपा हमारे गंगा जमुनी तहजीब को नष्ट करके फिरका परस्ती में मशगूल है जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है कहां गई दो हजार नौकरियां कहां गईं पंद्रह लाख रुपए जुमलों से देश नहीं चलता है रवि तिवारी ने कहा कि यह प्यारा देश जुमले बाजों के कुत्सित चाल में फंस गया है जिसको धर्म की चासनी में भिगोकर नया रंग चढ़ाने का काम हो रहा है देश के युवाओं को रोजगार शिक्षा देने के बजाय कम्युनल मानसिकता विकसित करके गुमराह कर रहे हैं 2024 में कांग्रेस इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद पुनः हिन्दुस्तान में गंगा जमुनी तहजीब कायम करके हिन्दुस्तान को विश्व गुरु बनाने का काम करेंगे। रवि तिवारी ने कहा कि देश में अफरातफरी है युवा महिला व्यापारी सब समझ ही नहीं पा रहे हैं कि यह देश कहां जा रहा है ना रोजगार है ना मंहगाई घट रही है ना लोगों को सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है सब अनर्गल प्रोपोगंडा करने में मस्त हैं तानाशाही सरकार सुनने को तैयार नहीं आम जनमानस में सरकार का भय व्याप्त है आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इनको सबक सिखाने का काम करेगीद्य

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा के खिलाफ षडयंत्र रच रही भाजपा : रवि तिवारी**

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहा भारी जनसमर्थन : रवि तिवारी**

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में कार्यकर्ताओं ने निकाली समर्थन रैली**

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित चंद्रप्रभा अवस्थी, शिव भगवान,रोहित कुमार,कमलेश कुमार,राजेश सिंह, सुरेश सिंह, मोहन सिंह,रामकृष्ण,अरविंद सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आजाद अधिकार सेना सीतापुर ने दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के निर्देशानुसार बिहार सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जो गठबंधन चुनाव पूर्व किया गया था उसे तोड़कर वह नित नई सरकार बनाते हैं। तथा तोड़ते हैं।जिससे जनमत की भावनाओं आहत होती दिखाई पड़ रहीं हैं। तथा दिये गये मतदान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा द्वारा उक्त के क्रम में महामहिम राष्ट्रपति महोदया एवं निर्वाचन आयोग भारत सरकार को एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा के माध्यम से दिया गया।जिसमें उनके द्वारा मांग की गई है की चुनाव के पूर्व जो भी पार्टी गठबंधन करतीं हैं तथा उसका उल्लंघन करतीं हैं। यदि अगर उसे गठबंधन को कोई तोड़ता है तो वह दल बदल कानून की परिधि में लाया जाए जिससे जनमत का उल्लघंन न होने पाये। जनता के द्वारा किये गये मतदान को निराशा एवं हताश न हो तथा उसकी भावनाएं आहत न होने पाये। यह उलट पलट कर जो सरकार बनाते हैं उससे एक हर समय भ्रम की स्थिति बनी रहती है वह स्थिति समाप्त हो। ज्ञापन देने वालों में रजत शुक्ला जिला सचिव राजकुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष बबलू ब्लाक महामंत्री मुनीर खान सक्रिय सदस्य सन्तराम मौर्य सरोज बाल कृष्ण तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीएचयू में बनी प्रो. वासुदेव सिंह की पुण्यतिथि मनी, कविताओं से श्रद्धांजलि

वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के हिंदी विभाग के आचार्य रामचंद्र शुक्ला सभागार में शनिवार को प्रो. वासुदेव सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। विश्वविद्यालय एवं प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्याख्यान में प्रो. सिंह के कविताओं के जरिए उनके योगदान का जिक्र किया गया। कवि और चिंतक निर्मला पुतुल ने कहा कि आदिवासी स्त्रियां मेहनती होने के साथ श्रम के सौंदर्य से अभिषिक्त होती हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषों का संसार स्त्रियां ही निर्मित करती हैं।

# वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर। अनिल शिक्षा निकेतन बघेलिया के वार्षिकोत्सव के अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम के बीच साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की अध्यक्षता व कु अनामिका ज्योत्सना के संयोजन में संपन्न हुआ धमाकेदार कवि सम्मेलन जिसके मुख्य अतिथि थे विधायक बिसवां निर्मल वर्मा व सफल संचालन किया गीतकार संजय सांवरा ने। अरूण गंवार, संदीप अनुरागी, घनश्याम शर्मा व राजेश बाजपेयी प्रसून ने शानदार काव्य पाठ किया। सबसे कम आयु की कवयित्री कु अनामिका ज्योत्सना का उनकी साहित्यिक उपलबधियों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मा शारदा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुये अपने पार्यो को अच्छी शिक्षा दिलाने हेतु अभिभावकों का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश वर्मा ने मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कवि सम्मेलन की संयोजक कु अनामिका ज्योत्सना ने आभार प्रकट किया। ठिठुरन भरी शीत के बावजूद बडी संख्या में बच्चे अभिभावक व क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा चोर गिरोह, सरगना समेत चार गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**चोर गिरोह का खुलासा, सामान के साथ चार गिरफ्तार**

**उचौलिया पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोर गिरोह गिरफ्तार, माल बरामद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहम्मदी/उचौलिया खीरी। जनपद खीरी के उचौलिया पुलिस को मुखबिर की सूचना पर माल सहित चोर गिरोह को हिरासत में लिया है उचौलिया पुलिस ने चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए चोर गिरोह के चार आरोपितों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया गया पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उचौलिया पुलिस द्वारा थाना उचौलिया पर दर्ज अपराध संख्या 13/24 धारा 457/ 380/ 504/ 506/ 411 भादवि का सफल अनावरण करते हुए 04 नफर वांछित आरोपित राजेश पुत्र तौले, नन्हे पुत्र बाबूराम, शिव प्रताप उर्फ मोनू पुत्र चक्रपाल निवासीगण ग्राम व थाना उचौलिया जनपद खीरी, शमसुद्दीन पुत्र उज्जा नि0 ग्राम नगरा थाना उचौलिया जिला खीरी को चोरी के माल व नाजायज असलहा के साथ मुखबिर की सूचना पर नहर पुलिया ग्राम बरनैया से गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए चोर गिरोह को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# जिम्मेदार अधिकारियों की सर्तकता के चलते आए दिन हो रही गोवंशो की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी।सरकार चाहे लाख दावे करे कि गौंवश सुरक्षित है लेकिन सरकार का यह दावा खोखला साबित हो रहा हैं और गौंवशो के लिये सरकार द्वारा पैसो भी आ रहा है फिर भी गौंवशो को रहने के लिये सुरक्षित स्थान नहीं मिलता है। सरकार एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की बात करती है दूसरी तरफ जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते भ्रष्टाचार हो रहा है।एक तरफ जहां प्रदेश की सरकार बेजुबान जानवरो के रहने, खाने व रख रखाव में लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर रही है वही मोहम्मदी एसडीएम अवनीश कुमार भी गौवंश को लेकर गौशालाओं में निरन्तर औचक निरीक्षण करते रहते है और गोवंश के लिए उनकी सुरक्षा का इंतजाम कर बाते रहते हैं वही दो दिन पहले नगर के मोहल्ला पश्चिमी लखपेड़ा में एक गौवंश बीच रास्ते में तड़प रहा था जिसकी सूचना मोहल्लेवासियो एवं स्थानीय संवाददाता द्वारा जिम्मेदारो को दी गयी। परन्तु काफी समय इन्तेजार के बाद भी कोई नहीं आया। सूचना पर पहुंचे समाजसेवी शिवम राठौर ने तत्काल मौके पर पहुंच कर डाक्टर को बुलाया। डाक्टर द्वारा सांड को इमरजेन्सी इलाज देने के उपरान्त भी सांड ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ा दिया। आज भी जिम्मेदार अधिकारियों की सतर्कता के चलते आए दिन हो रही पशुओं की मृत्यु कुछ जिम्मेदार नागरिकों द्वारा आज भी कई लोगो को फोन भी किया गया लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ अगर समय से इलाज नही मिला तो इस पशु की भी हो सकती है मौत यह पशु गन्ना सोसायटी के सामने बाग में कई दिनों से पड़ा है फिलहाल दोनो घटनाऔ से चौरफ़ा घटना की निंदा होती नजर आई। इस तरह की घटनाओं इंसानियत व मानवता से एक परे हटकर दिल को झकझोर कर देने वाली है। वही जनता सरकार से सवाल करती नज़र आयी कि आखिर सरकार गौंवशो को सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं रखती है और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही सामने आती हैं तो उन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती है।

# बहला फुसलाकर अगवा की गई किशोरी 10 दिन बाद बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फरधान-खीरी। थाना क्षेत्र के एक गांव से 10 दिन पहले अगवा की गई किशोरी को रविवार देर रात को पुलिस ने शाहजहांपुर जिले से बरामद किया है। बरामद करने के 24 घंटे बाद भी फरधान पुलिस ने मुकदमा दर्ज करना जरूरी नहीं समझा है जबकि सूत्रों के मुताबिक मामला दो समुदायों से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस किसलिए मुकदमा लिखने से कतरा रही है यह बात समझ से परे है फिलहाल फरधान पुलिस का दावा है कि किशोरी के परिजन मुकदमा लिखवाना नहीं चाहते हैं और किशोरी किसी को आरोपित नहीं बना रही है अब सवाल यह भी है कि जब परिजन मुकदमा लिखवाना नहीं चाहते हैं और तहरीर नहीं दिया है तो फिर पुलिस ने बिना मुकदमा लिखे किशोरी को बरामद करने के लिए गैर जनपद शाहजहांपुर तक क्यों जा रही है। वहीं उसके परिजनों का कहना है कि पुलिस लगातार सुलह करने का दबाव बना रही है सुलह न करने पर उनको ही जेल भेजने की धमकी दी जा रही है।

**किशोरी बरामद होने के 24 घंटा बाद भी नहीं दर्ज हुआ मुकदमा**

**आरोपितों को बचाने में जुटी फरधान पुलिस**



### क्या बोले जिम्मेदार..

इस संबंध में जब थानाध्यक्ष फरधान कौशल किशोर से उक्त मामले में जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि अभी वह सामूहिक विवाह कार्यक्रम की ड्यूटी करने जिला मुख्यालय आए हैं उन्होंने तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

## भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य प्रान्सुदत्त द्विवेदी का हुआ भव्य स्वागत



**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता**।भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष / विधान परिषद सदस्य प्रांशुदत्त द्विवेदी का खैराबाद आगमन पर टोल पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सचिन मिश्र जी, भाजयुमो जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, भाजयुमो जिला महामंत्री तरुण शुक्ल, चंद्र प्रकाश मिश्र, अंशू मिश्र मण्डल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा खैराबाद नगर, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष श्रेयांश सिंह पटेल, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष रिषभ त्रिवेदी , खैराबाद नगर भाजयुमो महामंत्री आकाश कटियार, उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, मण्डल मिडिया प्रभारी ललित दीक्षित व भाजयुमो के सैकड़ों पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## आजाद अधिकार सेना सीतापुर ने दिया ज्ञापन।

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता**। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर के निर्देशानुसार बिहार सरकार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा जो गठबंधन चुनाव पूर्व किया गया था उसे तोड़कर वह नित नई सरकार बनाते हैं। तथा तोड़ते हैं।जिससे जनमत की भावनाओं आहत होती दिखाई पड़ रहीं हैं। तथा दिये गये मतदान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आजाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा द्वारा उक्त के क्रम में महामहिम राष्ट्रपति महोदया एवं निर्वाचन आयोग भारत सरकार को एक ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा के माध्यम से दिया गया।जिसमें उनके द्वारा मांग की गई है की चुनाव के पूर्व जो भी पार्टी गठबंधन करतीं हैं तथा उसका उल्लंघन करतीं हैं। यदि अगर उसे गठबंधन को कोई तोड़ता है तो वह दल बदल कानून की परिधि में लाया जाए जिससे जनमत का उल्लघंन न होने पाये। जनता के द्वारा किये गये मतदान को निराशा एवं हताश न हो तथा उसकी भावनाएं आहत न होने पाये। यह उलट पलट कर जो सरकार बनाते हैं उससे एक हर समय भ्रम की स्थिति बनी रहती है ।

# उम्मीद लेकर आते हैं, तारीख लेकर लौट रहे

## दिव्यांगों के लिए आसान नहीं प्रमाण पत्र बनवाना, महीनों करना पड़ रहा है इंतजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर दिन सोमवार समय एक बजे दोपहर स्थान सीएमओ आफिस कार्यालय में कमल किशोर, रोहित, रामगोपाल ,शिवनंदन, विष्णु राजरानी ,रामजानकी ,शंभू ,राजकुमार , सुनीता आदि दर्जनों दिव्यांगों अपनी जांच करने व प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे हैं। पंजीकरण कहां होना है जांच कहां की जानी है या पता लगाने के लिए काफी दिव्यांग इधर-उधर भटक रहे। ऑफिस के मुख्य गेट पर दर्जनों दिव्यांग पुरुष महिला बैठी हैं। पूछने पर बताया कि 20 जनवरी को फार्म बाबू के पास जमा कर गए थे । 23 जनवरी को तारीख दिया था। बाबू के द्वारा फोन करके जानकारी दी गई कि आप लोगों को 29 तारीख को सीएमओ ऑफिस आना है। आज यहां पर आए तो जानकारी हुई की यहां पर परीक्षण नहीं होगा आप लोग सीतापुर दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग पर जाएं वहां परीक्षण होगा। पांच फरवरी की मिली है तारीख सिधौली के दरियापुर निवासी दिव्यांग विनीत ने बताया कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने आए थे यहां पर तारीख दे दी गई। बताया गया की पांच फरवरी को आना हैं। जिले में दिव्यांगों को असुविधा न होने पाए इसलिए दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रतिदिन बनाए जा रहे हैं । डॉ हरपाल सिंह सीएमओ

# भाजपा चौबीस घण्टे काम करने वाला राजनीतिक दल : नंदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज अमेठी । गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में लोकसभा चुनाव तैयारी की मंथन बैठक और गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित हुई।बैठक के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री व लोकसभा के क्लस्टर प्रमुख नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' ने लोकसभा तैयारी को लेकर आयोजित मंथन बैठक में कहा प्रत्येक बूथ पर पचास प्रतिशत से अधिक वोट पाने का लक्ष्य लेकर काम करना है।उन्होंने कहा भाजपा 365 दिन चौबीस घंटे काम करने वाला राजनीतिक दल है।कार्यकर्ता चुनावी मोड में काम करना शुरू कर दें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगायेगी।कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी ने पीएम मोदी व सीएम योगी एवं अमेठी लोकसभा में केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी की सराहना करते हुए कहा की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंची हैं।उन्होंने कहा भाजपा ने जाति, धर्म, मजहब से ऊपर उठकर सर्व समाज का काम और विकास किया है।उन्होंने कहा टीम वर्क के साथ काम करना होगा।उन्होंने बताया की 31 जनवरी तक लोकसभा और 15 फरवरी तक विधानसभा के कार्यालय खोलकर चुनावी गतिविधियां शुरु कर दी जाएगी।इस दौरान लोकसभा और विधानसभा चुनाव संचालन समितियां भी गठित होगी।पार्टी वोटर के सुझाव के आधार पर अपना घोषणा पत्र बनाएगी।उन्होंने कहा जिस बूथ को हम सबसे ज्यादा मतों और प्रतिशत से जीतेंगे उन बूथों के अध्यक्षों को प्रधानमन्त्री व मुख्यमंत्री से मुलाकात कराकर प्रशस्ति पत्र दिलाया जाएगा।भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष व लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए कहा की 2024 में अमेठी में लोकसभा का चुनाव ऐतिहासिक मतों से जीतने के लिए कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा करें।जिला प्रभारी प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने बताया पार्टी बड़े स्तर पर गांव चलो अभियान चलाने जा रही है।एक फरवरी को मंडल की गांव चलो अभियान की कार्यशाला आयोजित होगी।लोकसभा के प्रभारी ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि मोदी जी की विकास की धमक पूरी दुनिया में है।उन्होंने सभी लोगों का समन्वय व संवाद स्थापित कर लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया है।पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का संचालन जिला महामंत्री केशव सिंह ने किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भवानीदत्त दीक्षित ने आभार प्रकट किया।इस मौके पर विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी, सलोन के विधायक अशोक कोरी विधायक, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी, सुधांशु शुक्ला, राकेश त्रिपाठी, राजीव शुक्ला, सचिन्द्र पाण्डेय, अंशू तिवारी सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मोर्चों के अध्यक्ष व गांव चलो अभियान के मंडल संयोजक मौजूद रहे।

**लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित हुई मंथन बैठक**

**इकतीस जनवरी तक खुलेगा लोकसभा का चुनाव कार्यालय**

# डीएम ने विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक में प्रगति में सुधार लाने का दिया निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सोमवार को सीएम डैशबोर्ड पर आधारित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें।शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये।जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लाएं।डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार,योजनावार समीक्षा के



दौरान प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें।उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने आदि, विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति, ग्रामों का ऊर्जीकरण, ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापन, कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने

### शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें अधिकारी

आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर में 3 घायल, कुत्ते को बचाने में खड्ड में पलटी कार 4 जख्मी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार को दो हादसे हुए। बल्दीराय में जहां दो बाइक सवारों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हुए। इनमें से एक लखनऊ रेफर किया गया है। वही धनपतगंज थानाक्षेत्र में कुत्ते को बचाने के चक्कर में एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें चार लोगों को चोटें आई हैं। घटना बल्दीराय थानाक्षेत्र के टेरी गांव के पास से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास मुसाफिरखाना-देवरा रोड की है। बताया जा रहा है कि संदीप (20) पुत्र राम लौट निवासी उपरी मजरे बीही निदुरा बल्दीराय से बहुरावां की तरफ जा रहा था। बहुरावां से बल्दीराय की ओर आ रहे थे। सनी जयसवाल पुत्र कमला जयसवाल निवासी बल्दीराय साथ में अहमद उल्ला पुत्र शमसुल निवासी आलामऊ की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे संदीप को गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं शनि



जयसवाल व अहमद उल्ला घायल हो गए। जिसमें गंभीर रूप से घायल संदीप को सुल्तानपुर से लखनऊ रेफर कर दिया गया। सनी जयसवाल व अहमद उल्ला को बल्दीराय से सुल्तानपुर रेफर किया गया है। उधर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किमी 108 पर धनपतगंज थानाक्षेत्र के पूरे चतुरी गांव के पास घटना हुई है। जहां आजमगढ़ निवासी अभिषेक अपने निजी वाहन से लखनऊ से आजमगढ़ जा रहे थे। फ्यूल भराने के लिये पेट्रोल पम्प की तरफ मुड़े ही थे तभी एक कुत्ता कार के सामने आ गया। जिसे बचाने में कार अनियंत्रित होकर सड़क के बगल खड्ड में जा गिरी और पलट गई। जिसमें कार में सवार कार चालक अभिषेक (27वर्ष), शालिनी (23), प्रियंका (24), सुषमा (27) निवासी आजमगढ़ को चोट लगी। सभी को एम्बुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी कूरेभार ले जाया गया है।

# ब्लड आईकॉन लेडी ने 54 वर्ष की उम्र में सौ बार किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के बैनर तले रक्तदान महादान का शतक जड़ा । सहायक होम गार्ड कमांडेंट की समाजसेवी जहांआरा ने राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ में अहम भूमिका का निर्वहन करने वाली महिला वीरांगना ने 28 जनवरी 2024 को अपना 100 वां रक्तदान कर एक रिकॉर्ड बना दिया । राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संगठन के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि इस समय जिले के ब्लड बैंक में इ उ पॉजीटिव ब्लड की क्राइसिस है। जब ब्लड डोनेशन की आईकॉन श्रीमती जहाँ आरा से रक्तदान महादान शिविर आयोजित करने को लेकर वार्ता किया तो उन्होंने तत्काल अपना रक्तदान कर दिया जिससे उस ग्रुप के अभाव में जिंदगी और मौत से जूझ रहे मरीजो की मदद हो सके। कहते है मानवता की सोच रखने वाले लोग मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते है ऐसी है होम गार्ड विभाग में ड्यूटी करने वाली जांबाज महिला कमान्डेंट



जहाँ आरा ने 54 वर्ष आयु में जिन्होंने किसी भी परिस्थिति में अपने नैतिक दायित्वों का मौका जाने नही दिया जिसको भी रक्त की आवश्यकता हुई उन्होंने पहुँच कर रक्तदान किया ।ब्लड बैंक के नियमानुसार एक बार

### ब्लड आईकॉन लेडी ने रक्तदान कर लगाया शतक

रक्तदान करने के बाद तीन महीने बाद पुनः रक्तदान कर सकते है इस नियम को भी तोड़ कर जीवन बचाने के लिए तीन महीने पूरे नही होने पर ब्लड डोनेट कर देती है। रक्तदान किये हुए यदि तीन महीने भी नही हुआ है उसके बाद भी जीवन बचाने के लिए अपना रक्त लोगो के जीवनदान के लिए समर्पित कर दिया। इस वीरांगना के जज्बे को सलाम रक्तदान महादान करने केलिए नकारात्मक सोच रखने वालों को इस वीरांगना से प्रेरणा लेनी चाहिए। इधर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिषेक सिन्हा ने कहा कि जहांआरा आज मिसाल बन गई है । सभी युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य में आगे आना चाहिए । क्योंकि रक्तदान के जरिए आप किसी के जीवन को बचा सकते हैं।

# ड्यूटी से लौट रहे पीआरडी जवान को मारी गोली, हालत गंभीर

### अखिलेश ने पर लिखा-अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के जीरो हो जाने का परिणाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कुड़वार में पीआरडी जवान को ड्यूटी से लौटते समय गोली मार दी। गोली उसके पेट व सीने में लगी है। बावजूद इसके पीआरडी जवान ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश की पिस्टल छीन लिया। उसे गंभीर हालत में लखनऊ ले जाया गया है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। वही इस घटना को लेकर पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने ड्ड पर वीडियो शेयर कर लिखा है, 'ये उप्र में अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के जीरो हो जाने का परिणाम है।

थानाक्षेत्र कुड़वार के सरकौड़ा गांव के पंडित का पुरवा निवासी रंजीत तिवारी (30) पीआरडी जवान है। उसकी ड्यूटी कुड़वार में टेलीफोन एक्सचेंज के बैरियर पर लगी थी। रविवार रात करीब 9 बजे के आसपास वो ड्यूटी खत्म करके घर वापस रहा था। घर से करीब एक किमी पहले सरकौड़ा मस्जिद पुलिया के पास घात लगाकर बैठे बदमाशों ने उस पर कई राउंड फायरिंग



की। बताया जा रहा है गोली रंजीत के पेट और सीने में जा लगी। फिर भी उसने हिम्मत दिखाया और बदमाशों से भिड़ गया। उसने बदमाशों के हाथ से एक पिस्टल छीन लिया। उधर फायरिंग की आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग पहुंचते बदमाश मौके से भाग निकले। स्थानीय लोगों की सूचना पर थानाध्यक्ष गौरी शंकर पाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल रंजीत उसे एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत स्थिर नहीं है। वही घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया।एएसपी ने बताया कि इलाज के दौरान रंजीत ने एक हमलावर की पहचान की है। जिसके आधार पर गिरफ्तारी के लिए चार टीमे गठित की गई हैं। पूछताछ के लिए अबतक दो लोगों को हिरासत में लिया गया। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी विवाद का पाया गया है। शीघ्र ही दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### दो माह में अज्ञात महिला की हत्या का नहीं हुआ खुलासा

17 नवंबर को लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाईवे पर कुड़वार थानाक्षेत्र अंतर्गत असरोगा टोल प्लाजा स्थित रंकेडीह गांव के पास झाड़ियों में अज्ञात महिला का शव पाया गया था। पुलिस के बड़े अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। उसकी हत्याकर शव को ठिकाने लगाया गया था। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए थे। लेकिन करीब दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस ना शव की पहचान करा सकी ना ही घटना का खुलासा।

## ह्मअलाव के लिए लकड़ी तोड़ने गई महिला कुएं में डूबी, मौत

**सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवादाता ।** ठंड के मौसम में प्रशासनिक लापरवाही की पोल खुल गई है। ठंड से राहत के लिए अलाव का प्रबंध करने हेतु लकड़ी इकट्ठा करने गई एक महिला की कुएं में डूबकर मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम में भेजा है। वही घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार घटना जिले के मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के पदारथपुर अचली गांव की है। यहां की निवासी सरोजा निषाद (50वर्ष) पत्नी कन्हैयालाल निषाद आज घर से लकड़ी के प्रबंध के लिए निकली थी। गांव के बाहर गुरुदीन के खेत में स्थित कुएं के पास लकड़ी तोड़ते समय उसका पैर फिसल गया और वो कुएं में जा गिरी। जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद 12 वर्षीय बेटी प्रिया जब मां को ढूंढते हुए वहां पहुंची तो पानी में डूबा देखकर वो चीखने चिल्लाने लगी। शोर सुनकर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कुएं के अंदर की झाड़ियां को साफ कराकर छोटी रस्सी के सहारे चारपाई कुएं में डालकर शव को निकलवाया। शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के परिवार में बूढ़ी सास, पति कन्हैयालाल के अलावा बेटा शिवपूजन (17 वर्ष) और बेटी प्रिया (12 वर्ष) है। बड़ी बेटी पूजा शादीशुदा है। बताया जा रहा है कि परिवार बेहद गरीब है रहने को आवास तक नहीं है। मौके पर राजस्व निरीक्षक दियरा प्रसिद्ध नारायण मिश्र, प्रधान प्रतिनिधि अमरेश कुमार, प्रधान राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। तहसीलदार जयसिंहपुर हृदयराम तिवारी ने बताया कि मृतका के अंतिम संस्कार की व्यवस्था कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद देवी आपदा के तहत पीड़ित परिवार को अहेतुक धनराशि दी जाएगी। लेकिन इस घटना ने प्रशासन द्वारा जलवाए जा रहे अलाव की पोल खोलकर रख दिया है।

## पुलिस ने युवक के कब्जे से बरामद की पच्चीस ग्राम स्मैक

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवादाता ।** थाना संग्रामपुर पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पच्चीस ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को उप निरीक्षक शरद चन्द्र मिश्रा मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त हंसराज मिश्रा उर्फ टीटी पुत्र दुर्गा प्रसाद मिश्रा ग्राम जरौटा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र बीस वर्ष को शंकरपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक के कब्जे से पच्चीस ग्राम स्मैक बरामद हुई है।थाना संग्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लाभार्थियों के खाते में भेजी गयी धनराशि

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवादाता।** जिला समाज कल्याण अधिकारी आर के शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत पीएसएमएस से रिस्पांस प्राप्त दो सौ तिरानबे पात्र व्यक्तियों को निदेशालय द्वारा रुपया सत्तासी लाख नब्बे हजार की धनराशि चौबीस जनवरी को प्राप्त हुई है।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त आवंटित धनराशि में से तहसीलवार क्रमशः अमेठी के सत्तावन, गौरीगंज के पैंतालिस, मुसाफिरखाना के छियालिस एवं तिलोई के एक सौ पैंतालिस लाभार्थियों के आधार बेस्ड बैंक खातों में धनराशि उनतीस जनवरी को अन्तरित कर दी गयी है।

## बकरा चोरी कर भाग रहे बदमाशों ने सिपाही को कुचला, मौत

कौशांबी । सराय अकिल थाना क्षेत्र के पटेल चौराहे पर सिपाही अवनीश दुबे को बदमाशों ने कुचल कर घायल कर दिया। उसे गंभीर हालत में प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान सिपाही की मौत हो गई। एसपी ने सोमवार को मामले में जांच कर बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर खुलासा करने का निर्देश दिया है। बलिया जनपद के रहने वाले अवनीश दुबे साल 2018 में प्रदेश की पुलिस सेवा में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। मौजूदा समय में अवनीश दुबे की तैनाती सराय अकिल थाना में थी। अवनीश सोमवार की सुबह बकरा चोरी की सूचना पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक सदिंगध कार को उन्होंने रुकने का इशारा किया लेकिन चालक नहीं रुका। बदमाशों ने वाहन से सिपाही को टक्कर मार दिया। सिपाही को इलाज के लिए प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। साथी सिपाही अभिषेक गुप्ता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रकरण में पुलिस की तीन टीमें घटना के खुलासे के लिए सक्रिय हैं।

# श्रीमद भागवत कथा प्रारम्भ होने से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शुकुल बाजार अमेठी। क्षेत्र के गांव पूरे भोजा तिवारी में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा के लिए गाजे बाजे व अबीर गुलाल के साथ श्रद्धालुओं द्वारा सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। क्षेत्र के गांव पूरे भोजा तिवारी के पुरवा में जय प्रकाश शुक्ला के यहां आयोजित सात दिवसीय संगीतमई श्रीमद भागवत कथा के लिये श्रद्धालुओं द्वारा सोमवार को गाजे बाजे व अबीर गुलाल के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई हनुमान मंदिर महावीरन से शुरू होकर पाण्डेयगंज होते हुए आदि गंगा गोमती नदी स्थित रीछ घाट पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन अर्चन व वैदिक परंपराओं के अनुसार कलश में जल भरा गया। इस दौरान भागवत भगवान एवं भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजते



रहे जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।भव्य कलश शोभायात्रा यात्रा के सम्पन्न होने पर वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित शुभम शास्त्री के श्रीमुख से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा मंगावार से प्रतिदिन सायं छह बजे से रात्रि दस बजे तक सुनाई जायेगी।उक्त आशय की जानकारी देते हुए श्रीमद भागवत कथा के मुख्य यजमान जय प्रकाश शुक्ला एवं ब्रजेश शुक्ला ने बताया की श्रीमद भागवत कथा पांच फरवरी को सम्पन्न होगी जिसके बाद छह फरवरी को पूर्णाहुति के बाद भव्य भण्डारे का आयोजन सात फरवरी को किया जायेगा। इस शोभायात्रा में सुरेंद्र शुक्ला, अभिसेक शुक्ला, अभय शुक्ला, भगवान दत्त शुक्ला,अजीत शुक्ला, त्रिलोचन पांडे,मैनेजर पाण्डेय, लवलेश शुक्ला,महेंद्र शुक्ला, अभय शुक्ला, रामजीत पाल,नरेंद्र यादव सहित सैंकड़ों भक्तगण मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य पर अभद्रता का आरोप लगाने वाले नायब तहसीलदार का हो गया तबादला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी ने जिला पंचायत सदस्य पर अभद्रता का आरोप लगाने वाले विवादित नायब तहसीलदार का तबादला मुसाफिरखाना तहसील के लिये कर दिया है फिलहाल उक्त नायब तहसीलदार को तिलोई तहसील से कार्यमुक्त भी कर दिया गया है।यह मामला सियासी गलियारों के साथ ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताते चलें कि बीते दिनों नायब तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा हल्का लेखपाल सुरेन्द्र कुमार पाल के साथ विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत खरगपुर में एक विवादित जमीन की जांच करने पहुंचे थे वहां पर जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र भारती और नायब तहसीलदार के बीच मामूली कहासुनी हो गई थी जिसको लेकर जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र भारती ने स्थानीय थाने में पुलिस को तहरीर भी सौंपी थी लेकिन उनकी प्राथमिकी दर्ज नही हो सकी थी। इस घटना के दो दिन बाद हल्का लेखपाल सुरेन्द्र कुमार द्वारा नायब तहसीलदार से अभद्रता करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुये राजेन्द्र भारती और उनके समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया था।जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र भारती आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते रहे।जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये विवादित नायब तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा का मुसाफिरखाना तहसील के लिये तबादला कर दिया गया है।तिलोई के विवादित नायब तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा का स्थानांतरण सियासी गलियारों के साथ ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों की माने तो उक्त नायब तहसीलदार को तहसील तिलोई से कार्यमुक्त भी कर दिया गया है लेकिन तहसील प्रशासन अपनी जुबान खोलना नही चाह रहा है।

# एचआईवी सक्रमितों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.ओम प्रकाश चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक सिन्हा अपर जिला जज मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ.एसके गयल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.आरके कन्नौजिया, एआरटी सेंटर के प्रभारी डॉक्टर राम धीरेंद्र एवं ए आर टी सेंटर के मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अफसार अहमद उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में एआरटी सेंटर के कार्यरत समस्त कर्मचारियों द्वारा सहयोग करके कंबल का वितरण किया गया।

# उर्मिला को अयोध्या मंडल का सौंपा प्रभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी महिला बिंग की तेज तर्रार प्रदेश सचिव उर्मिला उपाध्याय का कद बढ़ा दिया गया है। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर मंडल प्रभारियों की नियुक्ति की है। जारी सूची में सुलतानपुर की उर्मिला उपाध्याय को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत रखते हुए अयोध्या मंडल का प्रभार सौंपा गया है। उर्मिला उपाध्याय के अयोध्या मंडल प्रभारी बनाए जाने पर सपाईयों ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए बधाई दी है।

गौरतलब हो कि उर्मिला उपाध्याय जिले में पहचान की मोहताज नहीं है। पार्टी चाहे जो भी रही हो अपने दायित्वों का बखूबी निर्वह कर हमेशा सुर्खियों में रही हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान उर्मिला उपाध्याय कंग्रेस पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था। उर्मिला उपाध्याय का कंग्रेस पार्टी में एक



कद हुआ करता था। कंग्रेस पार्टी में नीचे से लेकर शीर्ष नेतृत्व तक अच्छी पकड़ रखती थी। सीधे गांधी खानदान से जुड़ी थी, लेकिन कंग्रेस रास नहीं आई। अपनी महिला टीम के समूह के साथ 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी में शामिल हुई। समाजवादी पार्टी ने उर्मिला उपाध्याय की प्रतिभा को पहचाना। पार्टी के निष्ठा, मेहनत, ईमानदारी पर पहले इन्हें इनाम के तौर पर महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। बाद में प्रतापगढ़ जनपद की भी प्रभारी बनाई गई। यही नहीं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने इन्हें सुल्तानपुर लोकसभा का भी प्रभारी बनाया। अब जब मंडल प्रभारी बनाने का सिलसिला शुरू हुआ तो महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने पूर्वांचल के विशिष्ट मंडल अयोध्या का प्रभार सौंप दिया है। उर्मिला उपाध्याय ने बयां किया है कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे बखूबी निभाएंगी। मेहनत करके पार्टी को ऊंचाइयों पर ले जाने का काम करेगी। जिससे 2022 पार्टी का मिशन लोकसभा चुनाव जीता जा सके। जिले के सपाइयों ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए उर्मिला उपाध्याय को बधाई दी है।

# विभिन्न संगठनों ने हत्यारोपी डॉ.दीपक सिंह की गिरफ्तारी की मांग उठाई

## अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। नगर कोतवाली क्षेत्र के नारायणा हॉस्पिटल के कर्मचारी अंकित की हत्या के मामले में आरोपित किए गए डाक्टर की गिरफ्तारी न होने पर जिले के जन संगठनों ने आक्रोश जताया है। सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद व इंकलाब फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने डीएम-एसपी से मुलाकात की और हत्यारोपी डॉक्टर को तत्काल गिरफ्तार करने और नारायणा हॉस्पिटल को सील किए जाने की मांग की।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा जबकि अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद व इंकलाब फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने डीएम से पीडित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिलाए जाने की भी मांग उठाई? है। डीएम ने आरोपी डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।



### सिगरेट न लाने पर अंकित की बेरहमी से की गई हत्या

नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करने वाले अंकित तिवारी की गुरुवार की रात बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी।हत्यारों ने वारदात को अंजाम देने के बाद उसका रेलवे स्टेशन के समीप रेल ट्रैक पर फेंक दिया था। मामले में अंकित के चाचा ने हास्पिटल के संचालक डॉक्टर दीपक सिंह व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छिपाने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।रिपोर्ट दर्ज होने के तीन दिन बाद भी पुलिस अब तक हत्यारोपियों डॉ. दीपक सिंह को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।डॉक्टर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष श्रीकांत मिश्र के नेतृत्व में परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला और उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल ने डॉकेटर दीपक को तत्काल गिरफ्तार करने और नारायणा हॉस्पिटल को सील कर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।वही सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित दिनेश तिवारी के साथ सोनबरसा पोखरा के महंत छोटे बाबा ने अचलपुर के अंकित तिवारी की हत्या के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी किये जाने सहित परिवार को एक करोड़ रूपये मुआवजे के तौर पर दिलाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को ज्ञापन सौंपा है

डीएम नेहा शर्मा ने आश्वासन दिया है की मामले की गहनता से जांच, आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी व परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के सम्बन्ध में वे हर सम्भव प्रयास करेंगी। डीएम ने कहा कि घटना झकझोर देने वाली है और आरोपियों को बख्शा नहीं जायेगा।एसपी विनीत जायसवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में जीआरपी से पत्राचार करने की बात कही है। ज्ञापन देने वालों में सोनबरसा आश्रम पीठाधीश्वर संत छोटे बाबा, जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद पंडित दिनेश तिवारी, समाज सेवी प्रदीप शुक्ला, अध्यक्ष इंकलाब फाउंडेशन अविनाश सिंह, नवीन मिश्रा, पेशकार, विवेक मौर्या उपस्थित रहे।डॉक्टर ने अपने गुर्गों संग मिलकर की थी युवक की हत्या मोतीगंज थाना क्षेत्र से अचलपुर गांव का रहने वाला अंकित तिवारी (23) नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड स्थित नारायणा हॉस्पिटल में काम करता था।गुरुवार की शाम सिगरेट लाने से इंकार करने पर उसका अस्पताल के संचालक डॉक्टर दीपक सिंह से विवाद हो गया था।अस्पताल में काम करने वाले कर्मियों की माने तो गुरुवार की शाम डाक्टर दीपक ने अंकित से सिगरेट लाने के लिए कहा था लेकिन उसने सिगरेट लाने से इंकार कर दिया था।डॉक्टर ने पहले अंकित की बेरहमी से पिटाई की थी और फिर उसकी हत्या कर दी।आरोपियों ने इस जघन्य हत्या को आत्महत्या का रूप देने की नीयत से उसे ले जाकर रेलवे स्टेशन के समीप रेल ट्रैक लिटा दिया था।वह तो गनीमत रही कि मालगाड़ी के चालक ने शव पहले ही देख लिया और ट्रेन रोक ली।पीएम रिपोर्ट आने के बाद जीआरपी ने डॉक्टर व उसके दो? गुर्गों के खिलाफ हत्या व शव को छिपाने की रिपोर्ट दर्ज किया है और आरोपी डॉक्टर की तलाश में जुटी है।

# हर गांव तक जाएगी बाल विवाह के विरुद्ध आवाज: सीएमओ

## बाल विवाह के विरुद्ध तेज हुआ अभियान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । स्वास्थ्य विभाग और पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया के संयुक्त प्रयास से बाल विवाह के विरुद्ध अभियान में तेजी लाने के लिए सीएमओ सभागार में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएमओ डॉ सतीश कुमार सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक कलंक है इसे हर हाल में मिटाना होगा। इसकी वजह से न सिर्फ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि इससे अच्छे स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, हिंसा एवं शोषण मुक्त जीवन का अधिकार, विकास का अधिकार, समानता का अधिकार और सहमति से विवाह के अधिकारों का भी हनन होता है।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह के विरुद्ध अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में हो चुकी है। जिसके तहत सभी विभागों में शपथ कार्यक्रम, पोस्टर, सेल्फी, वीडियों संदेश आदि के माध्यम से जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी मीडिया कर्मियों के साथ बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी दिलाई और कहा कि बाल विवाह कानूनी अपराध है। हम सब मिलकर इसे रोकने का प्रयास करेंगे ताकि आने वाली पीढ़ियाँ स्वस्थ और समृद्धिवान बन सकें।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि बाल विवाह का कुप्रभाव न सिर्फ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर पड़ता है बल्कि कम उम्र में शादी होने से आवश्यकता से अधिक बच्चों का बोझ भी परिवार में बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि सेन्सस 2011 के अनुसार भारत की कुल आबादी का 16 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश में रहता है और यह 2030 तक बढकर 19 प्रतिशत तक हो जाएगा। यानि भारत में रहने वाला हर पांचवा व्यक्ति उत्तर प्रदेश का होगा। इसके लिए 11 जुलाई 2021 में देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में नई जनसंख्या नीति (2021-30) जारी की गयी थी, जो बच्चों, योग्य दंपति, गर्भवती, युवा एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए प्रदेश सरकार की नवाचार के तहत दूरगामी पहल है। इस जनसंख्या नीति में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य लिए विशेष प्रावधान किया गया है। जिसके अनुसार विवाह की उम्र को बढ़ाया जाना है, जिससे उनकी शिक्षा पूरी हो सके और वह आत्मनिर्भर हो सकें।

एसीएमओ डॉ पीके बंदिल ने कहा कि बाल विवाह के कई नुकसान हैं विशेषकर इससे समाज की आधी आबादी प्रभावित होती है। दम्पत्ति अनपढ़ एवं अकुशल रह जाते हैं जिससे रोज़गार तथा विकास के सीमित अवसर मिलते हैं, आत्मविश्वास और बौद्धिक क्षमतायें पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाती। आवश्यकता से अधिक बच्चों के दबाव से पोषण और शिक्षा की स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है। इसके प्रभाव से स्वास्थ्य के अन्य मानक पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि विभाग एवं समुदाय मिलकर इस विषय पर काम करें। कार्यशाला के दौरान बताया गया कि 01 फरवरी को सभी विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेण्डाजॉल की खुराक दी जाएगी। छूटे हुए बच्चों को पुनः 05 फरवरी को बच्चों का क्रीमिनाशक दवा दी जाएगी। बाल विवाह के लिए भारत में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान भी है, इस अधिनियम के अंतर्गत 21 वर्ष से कम आयु का लड़का और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को बाल-विवाह के रुप में परिभाषित किया गया है। जिसमें 2 वर्ष के लिए कठोर कारावास की सजा या एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 का उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम, बाल विवाह में शामिल बच्चों की सुरक्षा और अपराधियों पर मुकदमा चलाना है।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, आरकेएसके जिला सलहकार राकेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ सोलंकी, डिप्टी डीटीओ डॉ संदीप मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. सरजू खान, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक मो. राशिद, मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से अभिषेक पाठक व बलबीर सिंह सहित जनपद के मीडिया साथी उपस्थित रहे।

## मासूम बालिका से दरिंदगी दिखाने वाले को 20 साल की कैद

चित्रकूट। प्रभावी पैरवी के चलते विशेष न्यायधीश ने मासूम बालिका से दुराचार की घटना के 56 दिन के अंदर निर्णय सुनाया है। आरोप पत्र दाखिल होने के 27 दिन बाद ही दोष सिद्ध होने पर दोषी को 20 वर्ष कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने सोमवार को बताया कि बीती चार दिसम्बर 2023 को राजापुर थाने में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार रात साढ़े नौ बजे खटवारा गांव के आजाद पुरवा निवासी सोनू रैदास उनकी सात वर्षीय बेटी को घर के सामने से उठा ले गया और अरहर के खेत में उसके साथ बुरा काम किया। रक्तरंजित अवस्था में बालिका रोते हुए घर पंहुची और परिवार वालों को घटना की जानकारी दी।

# सभी विभागों के निर्माण कार्यों की समय से शतप्रतिशत पूर्ण करें कार्य: जिलाधिकारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे विभिन्न विभागों के भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय।निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए।जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए।बजट न होने पर शासन स्तर से पत्राचार किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन भवनों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है उनका टीम का गठन कर सत्यापन कराकर संबंधित विभाग को हैंडओवर कर दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि उच्चाधिकारियों द्वारा निरीक्षण के बाद जो निर्देश दिए जाते हैं उन्हें तत्काल पूरा कराया जाए। साथ ही उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान कहा कि जनपद में बन रही सड़कों की गुणवत्ता उच्च स्तर की होनी चाहिये।

### बाल श्रम मिलने पर करें प्रभावी कार्यवाही: डीएम



गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग के समस्त योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान पर बालश्रम बिल्कुल न हो,यदि बाल श्रम कराता हुआ कोई पाया जाय,तो उस पर प्रभावी कार्यवाही की जाये।डीएम ने जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के साथ निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला, बाल सेवा योजना, स्पांशरशिप, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल विवाह, बाल श्रम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, एनसीपीसीआर कार्ययोजना सहित सभी योजनाओं की अलग-अलग समीक्षा।उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी को निर्देशित करते हुए कहा कि योजनाओं की प्रगति में वह विशेष ध्यान दें तथा शासन के मंशा के अनुरूप कार्यों का संचालन कराते रहें।

## साइबर ठगी के शिकार हुए पीड़ित के पैसे वापस मिलने पर चेहरे पर लौटी मुस्कान



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा।जिले में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे साइबर सेल द्वारा पीड़ित से फ्रॉड की गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए ठगी गयी धनराशि पैतीस हजार रूपये पीड़ित के खाते में वापस करवाया गया।अफजल समीम निवासी बड़गांव थाना कोतवाली नगर ने पेटीएम के माध्यम से गलत खाते में ट्रांसफर कर देने की शिकायत पुलिस अधीक्षक के समक्ष की गयी थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्यवाही करने हेतु साइबर सेल को निर्देशित किया गया था।जनपदीय साइबर सेल द्वारा सम्बंधित बैंक इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित कर तत्काल कार्यवाही करते हुए पीड़ित के पैतिस हजार रूपये की वापसी करायी गयी।पीड़ित अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने जनता को जागरूक करते हुए बतायाहै कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा,पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं पुलिस को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 या डायल-112 पर भी शिकायत दर्ज कराएँ।

### पीसीएस में चयनित बेटी हुई सम्मानित



कैसरगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। बहराइच पीसीएस में चयनित कैसरगंज की लाडली बेटी सुनिष्ठा सिंह ग्राम गुथिया कैसरगंज नगर पंचायत की रहने वाली है। सुनिष्ठा सिंह का चयन वर्ष 2023 पीसीएस वर्ग में 16वीं रैंक हासिल करके अपने जिले का नाम रोशन किया है। इसी क्रम में आज ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन के कार्यालय पर पीसीएस में चयनित बेटी सिंह व उनके पिता कुंवर विजयंत सिंह बबलू को गुलदस्ता- माला , अंग वस्त्र भेंट करके स्वागत सम्मान समारोह किया गया। पीसीएस में चयनित सिंह ने बताया कि कोई भी बड़ा इम्तिहान मुश्किल नहीं होता अगर कोई भी बच्चा किसी भी चीज को करने का ठान ले तो वह कार्य अधूरा नहीं बल्कि पूरा हो जाता है ।कोई भी चीज असंभव नहीं है। हर चीज मेहनत करने पर संभव हो सकती है। इस मौके पर कैसरगंज मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष उम्मेद सिंह जैन, रिजवान अहमद एकता मेडिसिन हाउस, विमल जैन, शशि मेडिकल स्टोर एवं कैसरगंज के तमाम सम्मानित नागरिक गण एवं भाजपा के तमाम कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद है।

## आवास जांच की शिकायत पर सीडीओ ने किया निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



जरवल बहराइच। मामला विकासखंड जरवल के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा के मौजा ककराहा पुरवा का है।जहां पर चमेली नाम की एक गरीब महिला है।उसका पीएम आवास के लिए 11वें नंबर पर नाम भी आया था किंतु उसको आवास नही मिला और उसका नाम पीएम आवास से काट दिया गया।ये आरोप पीड़िता ने संबंधित अधिकारियों पर लगाया था।इस संबंध में पीड़िता चमेली ने मुख्य विकास अधिकारी को 10 दिन पूर्व एक शिकायती पत्र लिखकर कर जाँच कराने की मांग की थी।जिस पर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे के साथ पहुंचकर मौके की जांच की लोगों के बयान भी दर्ज किया जिस पर पीड़िता ने कहा की वह गरीब परिवार से है और अपने एक बेटे के साथ टूटे फटे झोपड़ी मे गुजर बसर करती हैं। उसे आवास दिया जाए मौजूद संबंधित अधिकारियों से अपने लिए आवास दिलाने की प्रार्थना की।उक्त के सम्बन्ध मे मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर को आश्वासन देते हुए खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा नई सूची आने पर आपको आवास दिया जायेगा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडे,एडीओ पंचायत बृजेश सिंह, पंचायत सहायक निधि चौधरी आदि रहे मौजूद।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 214 जोड़ो का विवाह संपन्न



गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत न्यू मैरिज हाल नवाबगंज में तहसील तरबगंज के समस्त विकासखण्ड के लाभार्थियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत विवाह कराया गया है।जिसमें आठ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को इस्लामिक पद्धति द्वारा निकाह कराया गया व 206 जोड़ें को हिन्दू रीति रिवाज से विवाह कराया गया।उन्होंने बताया है कि मुख्य अतिथि विधायक मनकापुर द्वारा वैवाहिक जोड़ों को दस हजार रूपये का सामान डिनर सेट, साड़ी दो सेट, पैन्ट - शर्ट का कपड़ा एक सेट, ट्राली बैग, दीवाल घडी, प्रेशर कूकर, चांदी की पायल बिछिया) उपहार स्वरूप भेट करते हुए कहा कि धनाभाव के कारण अब किसी गरीब लड़की के हाथ पीले होने से नहीं बचेगें तथा 214 जोड़ों को सामूहिक विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही सभी नवविवाहित जोड़ों को विवाहोपरांत उनके खाते में 35 हजार की धनराशि सरकार द्वारा दी जाती है।विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री एवं अध्यक्ष नगरपालिका परिषद नवाबगंज सत्येंद्र सिंह ने सभी जोड़ों को वैवाहिक जीवन की शुभ कामनायें देते हुए कहा कि यह योजना सरकार की बहुत अच्छी योजना है। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। विवाहित जोडों एवं उनके साथ आये रिश्तेदारों के लिए स्वादिष्ट भोजन एवं मिठाई व जलपान भी कराया गया है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र शेखर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी,खण्डविकास अधिकारी नवाबगंज, तरबगंज,वजीरगंज तथा बेलसर सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# क्या एडिशनल सीएमओ के जानकारी में कर्नलगंज सीएचसी के सामने चल रहे अवैध पैथोलॉजी सेंटर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिले में मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ साथ खून पेशाब की जांच करने वाले पैथोलॉजी सेंटरों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है वही कर्नलगंज में सीएचसी व कर्नलगंज बाजार में कई स्थानों पर अवैध रूप से धड़ल्ले से चल रहे इन पैथोलॉजी सेंटरों की जांच और कार्रवाई ना होने के कारण इन की बाढ़ सी आ गई है जहां मरीजों की जान से खिलवाड़ होने के साथ उनके साथ लूटखसोट भी की जाती है।डॉक्टर कमीशन के चक्कर में मरीजों को इन पैथोलॉजी सेंटरों में जांच कराने भेज देते हैं।वही सूत्र बता रहे हैं कि अगर कोई शिकायत करता है तो एडिशनल सीएमओ वसूली करके अपनी जेब गर्म करके चले जाते हैं। कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं करते हैं।

### बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे पैथोलॉजी सेंटर

जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कर्नलगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने हुजूरपुर बहराइच रोड पर अवैध रूप से दर्जनों पैथोलॉजी केंद्र संचालित है अधिकारियों की मेहरबानी से चल रहे हैं बताया जाता है कि सैंटरो में दसवीं, बारहवीं के पास फ़ेल लड़के -लड़कियां, बुजुर्ग, पैथोलॉजिस्ट बता कर जांच करते है।

लेकिन जिला प्रशासन ऐसे अवैध पैथोलॉजी सेंटर पर कार्रवाई करने में नाकामयाब है वही डॉक्टर एवं एडिशनल सीएमओ की मिलीभगत से जिले में कर्नलगंज में दर्जनों से अधिक बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित है जो मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रही हैं इन सब खेल में डॉक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारी भी अपना हाथ मिला बताया जा रहा है तब तो कहीं जाकर बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध पैथोलॉजी सेंटर संचालित है।

### पैथोलॉजी डायग्नोस्टिक सेंटर ने लगा रखे बड़े-बड़े बोर्ड

संस्थानों के द्वारा बाहर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर रखे गए हैं लोगों के द्वारा बताया जाता है कि कुछ चिन्हित पैथोलॉजी केंद्रों की रिपोर्ट है जो सीएचसी में तैनाद डॉक्टरों द्वारा स्वीकार किया जाता है अगर मरीज धोखे से किसी दूसरे पैथोलॉजी में जांच कराकर डॉक्टर के पास जाता है तो डॉक्टर उस रिपोर्ट को अमान्य कर देता है वही ठीक कर्नलगंज में सीएचसी के सामने दर्जनों बिना रजिस्ट्रेशन के पैथोलॉजी संचालित है जो डॉक्टरों की मिलीभगत से व या फिर एडिशनल सीएमओ के संरक्षण में पैथोलॉजी चल रही है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। जिले में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक गांधी पार्क टाउन हॉल में की गई जिसके मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष अनिल दुबे द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ की गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने सभी पदाधिकारी एवं संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। कार्यक्रम के मंच संचालक गौरी शंकर चतुर्वेदी एडवोकेट विधि सलाहकार के द्वारा की गई संगठन के जिलाध्यक्ष द्वारा सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ को कार्ड वितरण किया साथ-साथ कुछ नए लोगों को भगवान राम दरबार की फोटो के साथ-साथ साल बैठकर सम्मानित किया गया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं संगठन के जिला प्रभारी कृष्ण कुमार कृष्ण ने आए हुए सभी पत्रकार साथियों को एकजुट रहने की अपील की वही वरिष्ठ महामंत्री मनोज कुमार पाण्डेय ने पत्रकारों के हित की लड़ाई लड़ने की बात कही वही अतुल यादव ने अपना विचार व्यक्त किया और पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि आप खबर लिखे खबर ना बने तब कोई दिक्कत आती है तो आप लोगों की लड़ाई शासन प्रशासन तो लड़ी जाएगी।इस मौके पर संरक्षक अंबिकेश्वर पाण्डेय जिला संयोजक राजेंद्र प्रसाद तिवारी महामंत्री विजय सोनी जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह जिला कोषाध्यक्ष मुन्नालाल पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव जिला संगठन सचिव अर्जुन प्रसाद मिश्रा जिला कोऑर्डिनेटर किशोर चंद्र जायसवाल जिला उपाध्यक्ष अमित तिवारी सदर तहसील अध्यक्ष शिवानंद मिश्रा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप तिवारी दिव्यांग कसौधन रविंद्र नाथ पांडे खुशबू कनौजिया रानी मोरिया सुरेश कुमार तिवारी अनिल कुमार यादव संतोष कुमार शुक्ला तहसील अध्यक्ष मनकापुर बैजनाथ अवस्थी तहसील अध्यक्ष करनैलगंज तहसील उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कटरा बाजार मोहम्मद कैफ सौरभ पाण्डेय राहुल पांडे धर्मराज मिश्रा राजकुमार तिवारी शिवकुमार पांडे गुरुजी अनिल कुमार संतोष कुमार मिश्रा दिलीप तिवारी हरिशंकर तिवारी आकाश श्रीवास्तव विपिन तिवारी शिवकुमार समाचार पत्र विक्रेता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# अतिक्रमण की जद में बिलसंडा का कमल पार्क

## अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने से ही हटेगा अवैध टैक्सी स्टैंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। बिलसंडा नगर का कमल पार्क तिराहा अनदेखी के चलते पिछले कुछ समय से टैक्सी स्टैंड बन गया है जहां से निगोही पुवाया और बीसलपुर रोड पर चलने वाले टेंपो टाटा मैजिक द्वारा निर्धारित सवारी की बजाय ठोस ठोस कर सवारिया अनियंत्रित गति से चलते साफ नजर आते हैं। जिससे हर वक्त टेंपो के दुर्घटनाग्रस्त होने पर लोगों की जिंदगियां खतरे में पढ़ने की प्रबल आशंका बनी हुई है लेकिन आज तक पुलिस प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों ने अंकुश लगाने की कोशिश नहीं की बताते हैं।टेंपो स्टैंड पर चालकों से अवैध वसूली को लेकर आए दिन अवैध रूप से उगाई करने वाले दबंग लोगों के बीच झगड़ा प्रसाद भी होता रहता है।

लेकिन संरक्षण के चलते आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर में हर रोज लग रहे जाम से छुटकारा दिलाने के लिए सड़क से हटकर टैक्सी स्टैंड बनवाए गए थे। लेकिन इसके बाद भी नगर के एक मैरिज लान के पास एवं नगर के प्रमुख कमल पार्क तिराहा एवं सब्जी मंडी, को ही कुछ लोगों ने टैक्सी स्टैंड बना दिया जिससे आने-जाने वाले लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।कुछ महीने पहले जाम से निपटने के लिए प्रशासन ने शक्ति दिखाई थी की स्टैंड के अलावा दूसरी जगह से वाहन रोककर सावरिया नहीं भरी जाएगी बावजूद इसके अनदेखी के चलते बमरोली तिराहा,कमल पार्क तिराहा, सब्जी मंडी के पास लगातार सांवरिया ठोस ठोस कर भरी जा रही है।उल्टे सीधे टेंपो टाटा मैजिक एवं अन्य गाड़ियां खड़ी कर वाहन चालक आए दिन कई घंटे पार्क तिराहा पर जाम की स्थिति पैदा करते हैं।बताते हैं कि इस अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहन बीसलपुर,निगोही, पुवाया के लिए दौड़ते साफ नजर आ रहे हैं। खास बात यह है। कि दोनों रोड पर पुलिस थाना एवं चौकी होने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन का अवैध वाहनों के संचालकों को कोई डर नहीं है। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी अवैध स्टैंड पर अंकुश लगाने का कागजों में दावा तो कर रहे हैं। बमरोली से पुवाया तक फर्राटा भरने वाले टेंपो एवं टाटा मैजिक बिना परमिट एवं लाइसेंस बगैर बीमा के धड़ले से संचालित हो रहे हैं। मौजूदा समय में बिलसंडा नगर से विभिन्न रूटों पर 30 से 35 टेंपो के अलावा टाटा मैजिक एवं अन्य गाड़ियां आदि का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। दबंग लोग आने जान वाले टेंपो से हर स्टैंड पर 20 से लेकर 50 रुपए प्रति चक्कर की अवैध वसूली करने से बाज नहीं आ रहे। इतना ही नहीं टेंपो स्टैंड के वर्चस्व चालकों और दबंग लोगों के बीच जमकर झगड़ा फसाद भी हुआ मामला थाने भी पहुंचा लेकिन टेंपो स्टैंड के कुछ कुछ दबंग लोगों एवं अवैध टैक्सी संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसका खामियाजा सवारियों को अधिक भाड़ा देकर भुगतना पड़ रहा है।बताते हैं।कि गत वर्ष

एआरटीओ ने स्वयं आकर 22 टेंपो का एक साथ चालान भी किया इसके अलावा कई टेंपो सीज भी किए थे।लेकिन बाद में वही टेंपो अब फिर मिली भगत के चलते सवारिया भरने लगे हैं। बिलसंडा आदर्श नगर पंचायत की 12 जून को पंचायत बोर्ड की पहली बैठक में नगर के प्रमुख कमल पार्क तिराहा पर लगने वाले ठेलों को हटाने का मुद्दा तो उठाया गया लेकिन टेंपो स्टैंड हटवाने की जिम्मेदारों ने जिम्मेदारी नहीं संभाली जिस कारण परिवहन विभाग को भी अवैध टैक्सी स्टैंड से भारी मात्रा में नुकसान हो रहा है।यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों को दरकिनार कर जिला प्रशासन के संबंधित जिम्मेदार अधिकारी नगर के प्रमुख कमल पार्क से अवैध रूप से संचालित होने वाले टैक्सी स्टैंड को हटवाने के बजाय संरक्षण देने में जुटे हैं। जिस कारण आए दिन राहगीरों को घंटो जाम में फंसकर भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है लोगों का कहना है। कि योगीराज में अवैध रूप से संचालित होने वाले टैक्सी स्टैंड एवं नगर के प्रमुख कमल पार्क तिराहा से अतिक्रमण हटाओ अभियान बिलसंडा की आदर्श नगर पंचायत प्रशासन के अधिकारियों की मिली भगत से दम तोड़ता दिखाई दे रहा है। इस संबंध में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह से बात करनी चाहिए तो उनका मोबाइल नंबर लगातार नॉटरीचेबल बोलता रहा।

# सांसद द्वारा गांधी सभागार में सुनी गई जन समस्याएं



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।सांसद वरूण गांधी की अध्यक्षता में आम जनमानस की समस्याओं को गांधी सभागार में सुना गया। इस दौरान में सांसद जनपद की विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुये उन्होंने डीएम व अन्य संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई दौरान विकासखण्ड बरखेडा के ग्राम भैसहा ग्वालपुर किसानों द्वारा आवारा पशुओं के द्वारा फसल को हानि पहुचाये जाने की समस्या से सांसद अवगत कराया गया।उक्त समस्या का संज्ञान लेते हुये उन्होंने डीएम को निर्देश दिये गये वहॉ पर बडी गौशाला का निर्माण कराया जाये और जनपद में जहॉ जहॉ आवारा पशुओं की संख्या ज्यादा हैं। वहॉ पर गौशालाओं का निर्माण कराया।उन्हें गौशालाओं में भिजवाया जाये जिससे कि किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिल सके।इसके साथ ही ग्राम नावकूड में राशन की दुकान वर्तमान में रिक्त होने की समस्या से अवगत कराया गया।उक्त समस्या का संज्ञान लेते हुये।डीएम को निर्देश दिये ग्राम पंचायत में उचित दर विक्रेता के चयन हेतु खुली बैठक कर समस्या का शीघ्र से शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित कराया जाये।डीएम ने आश्वसन देते हुये कहा राशन की दुकान का आवंटन 15 दिवस अन्दर निस्तारण करा दिया जायेगा।इसके साथ ही सांसद ने जनपद की अन्य जन समस्याओं को सुना गया और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये उक्त समस्याओं का पारदर्शिता के साथ समय से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।इस दौरान डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार,डीएफओ टाईगर रिजर्व,उप जिलाधिकारी, सांसद सचिव कमलकान्त, कार्यालय प्रभारी दीपक पाण्डेय,एमआर मलिक, सभासद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम जनपद के अधीन कार्य गतिविधियॉ एवं उपलब्धि व्यापकता दर तथा मानविक संसाधनों के क्रम में सूचनाए निम्नवत हैं।कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के ब्लॉकों में चार एनएमएस एवं एनएमए कार्यरत है।जिसमें दो ब्लॉक अतिरिक्त प्रभार पर चल रहे है।कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में माह जनवरी 2024 के अन्त तक कुल 171 नये रोगी खोजे गये है। तथा 147 रोगियों को रोग मुक्त किया जा चुका है।इसके साथ साथ 36 रोगी पुनः उपचार में लिये गये है।कुष्ठ रोग से सम्बन्धित दवा प्रत्येक विकास खण्डों व जिला मुख्यालय पर उपलब्ध है।तथा नियमित रूप से रोगियों को दवा व एमसीआर चप्पल व सेल्फ केयर किट आवश्यकतानुसार उपलब्ध करायी जा रही है।उक्त अभियान के अन्तर्गत दिनांक 30 जनवरी से 13 फरवरी 2024 तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान शासन दिशा निर्देश के क्रम में चलाया जाना प्रस्तावित है। जिस क्रम में डीएम का भाषण प्रत्येक ब्लॉक व जिला मुख्यालय पर व ग्राम सभा का भाषण प्रत्येक ग्राम सभा प्रमुख द्वारा ग्राम सभाओं में पढ़ा जायेगा तथा कुष्ठ रोग से सम्बन्धित संकल्प भेद भाव का अन्त करें।सम्मान को गले लगाये की शपथ ली जायेगी।जन जागरूकता अभियान के अन्तर्गत होर्डिंग,बाल पेंटिंग,पोस्टर,बैनर,हण्डबिल, स्टीकर एवं माईकिंग के द्वारा जनमानस में जागरूकता हेतु अभियान चलाया जायेगा।

## बाइक सवारों की की हुई भिड़ंत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड के गांव सिमरिया तालुके महाराजपुर निवासी शाजिद पुत्र आशिक सोमवार को अपनी पत्नी को दबा दिलाने पूरनपुर आ रहा था।जैसे ही बाइक सवार ब्लॉक रोड़ पिरानी की मजार के पास पहुंचा तभी अचानक दुसरी बाइक ने बाइक टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रोड़ पर गिरकर घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

## दस फरवरी से व्यापारी सम्मेलन शुरू करेगी भाजपा, जुड़ेंगे 25 लाख उद्यमी-व्यापारी

मेरठ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने 25 लाख उद्यमियों और व्यापारियों को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाने की घोषणा की है। इसके लिए प्रदेश भर में दस फरवरी से व्यापारी सम्मेलन शुरू किए जाएंगे। जिसमें उद्यमियों, व्यापारियों को बुलाया जाएगा।भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकारें उद्योगों, उद्यमियों, व्यापारियों के हित में लगातार कार्य कर रही है। इन उपलब्धियों को उद्यमियों और व्यापारियों तक पहुंचाने के लिए दस फरवरी से प्रदेश में व्यापारी सम्मेलन शुरू किए जा रहे हैं। प्रत्येक जनपद और विधानसभा स्तर पर व्यापारी सम्मेलनों का आयोजन होगा। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार के मंत्री आकर अपनी उपलब्धियां बताएंगे।उन्होंने बताया कि इन सम्मेलनों के जरिए उत्तर प्रदेश में 25 लाख से ज्यादा उद्यमियों और व्यापारियों को भाजपा के साथ जोड़ा जाएगा। ये सम्मेलन दस फरवरी से सात मार्च तक आयोजित किए जाएंगे।

## मथुरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह विवाद मामले में सुनवाई मंगलवार को

प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मंगलवार को श्री कृष्ण जन्म भूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में सुनवाई होनी है।मामले में हिंदू पक्ष की ओर से अर्जी दाखिल कर रेवेन्यू सर्वे कराए जाने की मांग की गई है। मस्जिद पक्ष ने इस पर आपत्ति दाखिल करने के लिए समय मांगा था। मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने जवाब दाखिल करने के लिए अवसर देते हुए सुनवाई के लिए 30 जनवरी की थी।

# सारथी वाहन को सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के समस्त ब्लाक स्तरीय चिकित्सालयों एवं नगरी क्षेत्र में सारथी वाहन का संचालन किया गया जोकि ब्लाक के राजस्व ग्राम एवं नगरीय क्षेत्र के सभी मोहल्लों में जाकर जनमानस को परिवार नियोजन के साधन अपनाकर परिवार को छोटा रखने के प्रति जागरूक करेगा।उक्त सारथी वाहन का संचालन 01 फरवरी 2024 तक किया जायेगा। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से दो सारथी वाहनों को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।सारथी वाहन को गुब्बारों एवे परिवार नियोजन से सम्बन्धित बैनरों से सजाया गया।उक्त दोनों सारथी वाहन नगर क्षेत्र के सभी मोहल्लों में जानकर परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के विषय में प्रचार प्रसार करेगे। सारथी वाहन के माध्यम से जनमानस को परिवार नियोजन के साधनों के बारे में जागरूक किया जायेगा। जनपद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता वाहन सारथी वाहन में परिवार नियोजन की रोचक थीम पर गीतों एवं पम्पलेट वितरित कर लोगों को परिवार नियोजन के साधनों को अपनाकर अपने परिवार को सीमित रखने के लिये प्रेरित किया जायेगा।नगरीय आशा बहनों द्वारा सारथी वाहन के माध्यम से इच्छुक लाभार्थियों को परिवार नियोजन के साधनों को भी वितरित किया जायेगा।इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 हरिदत्त नेमी,जिला कार्यक्रम मो0 नाजिर,जिला परिवार नियोजन प्रबन्धक अमित शर्मा,जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता नितित गंगवार, जिला समन्वयक आरबीएसके,मो0 जुबैर, टीएसयू प्रतिनिधि डॉ0 रीता झा,सहायक शोध अधिकारी संजय सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सांसद वरुण गांधी ने दर्जनों गांव में की जनसभाएं

पीलीभीत।सांसद वरुण गांधी ने अपने जनपद दौरे के दूसरे दिन सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पिपरा,गुटैहा,नवदिया दहला,बिल्हा खजुरिया,मथुदांडी, जंगरौली,जिरौनिया, सतरापुर,चिनौरा, अलियापुर,सडिया,रूपपुर कृपा, ललौरीखेड़ा,भूड़ा मगरासा आदि ग्रामों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंन कहा कि मैने हमेशा निजी करण का विरोध किया है क्योंकि यह देश हित में नहीं है। देश मे लगभग एक करोड़ सरकारी नौकरियां खाली हैं। जब किसी गरीब को नौकरी मिलती है। तो पूरा परिवार खुशियों से झूम उठता है। सबको मजबूती मिलती है। इस तरह करोड़ो लोगों की जिंदगियां संभल जाती हैं।

संविदा नौकरियां किसी का भला नहीं कर सकतीं।इसमें न स्थायीकरण है और न मानदेय बढ़ रहा है।बोले कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,किसानों और गरीबों की समस्याओं को अनदेखा करनें से देश का भला नहीं हो सकता।वरूण गांधी ने कहा कि जब कोरोना काल में लोग आक्सीजन से जूझ रहे थे। दवाओं की किल्लत थी तो उन्होंने अपनी निजी पैसे से आक्सीजन भेजी और लोगो की जान बचाई। बोले कि उन्होंने अग्नीवीर योजना का विरोध इसलिये किया कि चार साल बाद जब कोई गांव का युवा इस योजना से रिटायर होगा तब वह गांव में मजदूरी या कोई अन्य कोई छोटा काम करेगा तो इससे देश की सेना का गौरव कम होगा।वरूण गांधी बोले मैने हमेशा पीलीभीत को अपना परिवार समझा है और अपना कर्तव्य समझकर वह इसकी सेवा करते हैं।कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से सांसद सचिव कमलकांत, प्रभारी विवेक चौहान, प्रतिनिधि अमित गंगवार, दिग्विजय गंगवार,गुड्डू गंगवार,मनोज कटियार, राजेश,बबलू वर्मा,सतीश गुप्ता,रूपेश गंगवार,लोकेश गंगवार, दीपक पाण्डेय आदि शामिल रहे।सुबह सासंद वरुण गांधी अपने प्रतिनिधि नरेंद्र राठौर के आवास पर भी गए जहां उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

## धनगर समाज ने सड़क पर छोड़ी भेड़-बकरियां, जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय धनगर महासभा के पदाधिकारियों ने सोमवार को एटा रोड पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारियों का आरोप था कि फिरोजाबाद में धनगर समाज के अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहे हैं।राष्ट्रीय धनगर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पुष्पाराज के नेतृत्व में सोमवार को महासभा के पदाधिकारी थाना पचोखरा क्षेत्र के गांव सिकरारी पर पहुंच गए। यहां उन्होंने गाड़ियों में भरकर लाई गईं भेड़-बकरियों को सड़क पर छोड़ दिया। इसकी वजह से आगरा से एटा रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। सड़क पर आने और जाने वाले वाहनों की कतार लग गई। पदाधिकारियों ने सरकार के विरोध में प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि धनगर के जाति प्रमाण पत्र से केंद्र सरकार में मंत्री हैं। इसी प्रमाण पत्र से टूंडला विधायक हैं। यहां तक की जिला पंचायत सदस्य और अन्य लोग हैं, जिनके धनगर जाति के प्रमाण पत्र बने हुए हैं। यह सभी प्रमाण पत्र सपा सरकार में बने थे, लेकिन भाजपा सरकार में अभी तक एक भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। जिसको लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तो शासनादेश जारी कर दिए है लेकिन तहसीलों में आवेदन करने पर उन्हें निरस्त कर दिया जाता है। उन्होंने धनगर समाज के एससी जाति के प्रमाण पत्र जारी कराए जाने की मांग सरकार से की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जाम खुलवा दिया। इस दौरान करीब 15 मिनट आवागमन प्रभावित रहा।

## खेत की रखवाली कर रहे किसान का मिला लहूलुहान शव

झांसी। कटेरा थाना क्षेत्र के पुखरया खिरक गांव में अपने खेत की रखवाली कर रहे एक युवा किसान का शव सोमवार की सुबह लहूलुहान अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई।

ग्राम पुखरयां खिरक निवासी 33 वर्षीय महेश रैकवार बीती रात रविवार को घर से खाना खाकर अपने खेत पर रखवाली करने गया था। सोमवार को सुबह उसका शव पत्थर से कुचला हुआ रक्तरंजित अवस्था में मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस के आलाधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

## रज्जू भैया ने अपना जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित किया : प्रो.गिरीश चंद्र त्रिपाठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) की इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा आरएसएस के चतुर्थ सरसंघचालक स्व. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि रज्जू भैया द्वारा किए गए कार्यों से आज भी हम सभी प्रेरित होते हैं। आज जहां एक ओर 'स्व' से प्रेरित हो व्यक्ति कार्य कर रहा है, वहीं रज्जू भैया ने अपना जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया।हिंदुस्तानी एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी (पूर्व कुलपति, बीएचयू एवं पूर्व अध्यक्ष, उच्चतर शिक्षा परिषद) ने आगे कहा कि परिवार, समाज व संस्था में एक सम्बंध होता है। इस सम्बंध को रज्जू भैया ने बखूबी निभाया है। रज्जू भैया ने जिस निःस्वार्थ भाव के साथ राष्ट्र सेवा का कार्य किया था, आज भी संघ के स्वयंसेवक उन कार्यों से सीख ले रहे हैं। कार्यक्रम में रज्जू भैया द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की गई व उनके जीवन से अनेक उदाहरणों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अशोक पाठक ने कहा कि प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) का जीवन सदैव ही राष्ट्र के लिए समर्पित रहा एवं संगठन को सशक्त बनाने में कुशल संगठनकर्ता के रूप में उन्होंने अपनी महती भूमिका निभाई। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षक के रूप में अनेक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं छात्रों को राष्ट्र सेवा के भाव से जोड़ा। उन्होंने राष्ट्र पुनर्निर्माण में रज्जू भैया द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया।

# अपने-अपने प्रतिष्ठानो में सीसीटीवी लगवाएं व्यापारी : कपिल अग्रवाल

## व्यापार मंडल की बैठक में ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के लिए दिया गया मार्गदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। नगर पंचायत मझोला व्यापार मंडल की एक बैठक नगर अध्यक्ष अजय गोयल की अध्यक्षता में जसप्रीत सिंह माटा के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन नगर महामंत्री सलीम इदरीसी और उपाध्यक्ष मोहम्मद अनवर अंसारी ने किया। बैठक में सर्वप्रथम नगर व्यापार मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारी गण को नियुक्ति पत्र नगर अध्यक्ष अजय गोयल ने वितरित किये। बैठक में सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर विशेष जोर दिया गया और सभी से सीसीटीवी कैमरे अपने अपने प्रतिष्ठान और घरों में लगवाने हेतु आग्रह किया गया। नगर में बंसीलाल अग्रवाल के यहां टप्पेबाजी और दिनेश अग्रवाल के यहां झांसे में लेकर ऑनलाइन पेमेंट करा लेने और धोखाधड़ी करने की घटनाओं पर चर्चा हुई और सभी को इस सम्बंध में सतर्क रहने हेतु आगाह किया गया। वहीं अपनी अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल्स लॉक रखने और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करने हेतु भी समझाया गया जिससे आज कल चल रहे फ़ेक प्रोफाइल और गलत वीडियो बनाकर पैसा वसूली करने वाले गिरोहों से बचा जा सके। और अपने व्हाट्सअप प्रोफाइल फोटो आदि की पर्सनल सेटिंग्स में बदलाव कर उसकी पहुंच सिर्फ अपने कॉन्टैक्ट्स तक करने हेतु समझाया गया और किसी भी भुगतान के ऑनलाइन आने पर उसको बीमा अपने बैंक एकाउंट में चेक किये संज्ञान ना लेने हेतु समझाया गया जिससे किसी भी संभावित फ्रॉड को रोका जा सके। बैठक में किराना समेत सभी व्यापारियों से अपने ट्रेड से सम्बंधित एक्ट की किताब मंगवाने और उनका अध्ययन करने हेतु कहा गया जिससे कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनके संभावित अकारण शोषण को रोका जा सके। नगर क्षेत्र में चोरी हुई मोटर सायकिल की घटनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में सभी से किसी भी व्यापारी के ऊपर संकट आने पर सभी को एकजुट होकर मदद हेतु तैयार रहने हेतु आह्वान किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल कपिल अग्रवाल ने भीषण शीतलहर के उपरांत भी बहुत अच्छी संख्या में मासिक बैठक में आने पर सभी व्यापारियों का आभार प्रकट किया।बैठक में आवारा पशुओं के मामले को प्रमुखता से पुनः उठाने का भी निर्णय लिया गया। अगली मासिक बैठक 25 फरवरी रविवार सांय 7 बजे रिज़वान अंसारी निकट पूर्व चेयरमैन राम औतार अग्रवाल का आवास के प्रतिष्ठान पर होना तय हुआ। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। बैठक में युवा व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम गोयल,नगर अध्यक्ष अजय गोयल,महामंत्री सलीम इदरीसी,संरक्षक लियाकत सलमानी,कोषाध्यक्ष रमन भाटिया,सह कोषाध्यक्ष राकेश मित्तल,मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोनपाल राणा, उपाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद गोले,उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष मोहम्मद अनवर अंसारी,संगठन मंत्री दीपक अग्रवाल,सचिव डॉ हरीश दिवाकर,सचिव नफीस अंसारी युवा नगर महामंत्री सुबोध अवस्थी,युवा मीडिया प्रभारी नितेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, उपाध्यक्ष रियाज़ अंसारी, संगठन मंत्री रिज़वान अंसारी,कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार,सचिव ओम प्रकाश वर्मा,सचिव अतीक सलमानी, संजीव मिश्रा,बंसीलाल अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह,जसप्रीत सिंह समेत बड़ी संख्या में व्यापार मंडल पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कानपुर में अधिवक्ता ने अवैध संबंध के चलते अध्यापक को जिंदा जलाया

कानपुर । पनकी थाना क्षेत्र में रविवार को बंद कमरे में कानपुर देहात में कार्यरत अध्यापक दयाराम (48) का जला शव मिला था। मामले की जांच कर रही पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ही घटना के खुलासे के नजदीक पहुंच गई। पुलिस का दावा है कि अधिवक्ता ने अवैध संबंध के चलते अध्यापक को बंद कमरे में आग लगाकर जिंदा जलाया है। घटना में दो लोग और शामिल हैं, जिसको लेकर पुलिस की जांच जारी है।पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने सोमवार को बताया कि रविवार को अनुज ने फोन पर सूचना दी थी कि उसके अध्यापक भाई फतेहपुर निवासी दयाराम को अधिवक्ता संजीव कुमार ने पनकी थाना क्षेत्र के पतरसा इलाके में अपने मकान के कमरे में बंद कर दिया है। पूरे कमरे को आग हवाले कर दिया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अध्यापक की आग में जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी।पीड़ित अनुज की तहरीर पर अधिवक्ता संजीव कुमार, संगीता और पवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अधिवक्ता संजीव कुमार को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो पता चला कि अध्यापक की पत्नी संगीता से उसके अवैध संबंध है। जबकि अध्यापक

# खनन माफियों पर प्रशासन मेहरवान,रेत बरामद होने पर भी नही हुई कोई कार्रवाई

## 10 जनवरी को एसडीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को कार्रवाई की संस्तुति कर लिखा था पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।हाल ही में रेत भरे डनलप और तांगे पकड़कर कार्रवाई के नाम पर वाहा वाही लूटने वाला प्रशासन बड़े खनन माफियाओं पर पूरी तरह मेहरबान है। 19 दिन पहले एसडीएम कलीनगर ने छापामारी कर पूर्व चेयरमैन के घर के पीछे रेत स्टाक पकड़ा था। पड़ोस के दो लोगों के सुपुर्दगी में रेत और दो ट्रैक्टर किए गए थे। हद तब हुई जब एसडीएम के जाने के बाद रातों-रात रेत स्टॉक हटा दिया गया। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है। कि खनन माफियाओं के अंदर एसडीएम की कार्रवाई का खौफ नजर नहीं आ रहा है। राजनीतिक दबाव में भी कार्रवाई न होने की चर्चा चल रही है। इस मामले में एसडीएम ने कस्बे के ही एक व्यक्ति पर खनन कर रेत का भंडारण करने और साक्ष्य मिटाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराने की संस्तुति कर सिटी मजिस्ट्रेट को पत्र लिखा था।अभी तक कार्रवाई न होने पर प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।कलीनगर तहसील क्षेत्र में बहने वाली खारजा और हरदोई ब्रांच नहरों से रेत खनन का धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है।प्रशासन के समय से कार्रवाई न होने से धंधे से जुड़े लोगों के हौसले बुलंद है। इसका अंदाजा एसडीएम की कार्रवाई के बाद पकड़ी गई रेत को रातों-रात उठाने के बाद कार्रवाई न होने से लगाया जा सकता है। 9 जनवरी को कलीनगर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने राजस्व टीम के साथ कलीनगर वार्ड चार के खाली प्लाट में अवैध रेत स्टॉक पकड़ा था। मौका से मिले दो ट्रैक्टर ट्राली और रेत को मोहल्ले के ही आलमगीर और बबलू खान के सुपुर्दगी में दिए गए थे। रातों रात कुछ लोगो ने प्लाट से रेत स्टॉक को हटा दिया था। 10 जनवरी को नायब तहसीलदार अक्षय यादव की जांच आख्या में भंडार रेत और ट्रैक्टर ट्राली गायब होने की जांच में मामला सही पाया गया। इस पर सपुर्दगी प्राप्त व्यक्तियों ने कस्बे के ही एक युवक द्वारा रेत का स्टॉक हटाने की जानकारी दी थी।इस मामले में एसडीएम ने शासकीय कार्य में बाधा डालने,अवैध खनन कर साक्ष्य मिटाने सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की संस्तुति कर नगर मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी थी। 19 दिन बीत जाने के बावजूद इस मामले में अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।खनन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया अभी इस मामले में मेरे पास सिटी मजिस्ट्रेट के यहां से कोई पत्र नहीं आया है। जानकारी कराई जाएगी।

पूरे मामले की रिपोर्ट प्रभारी खनन अधिकारी एव सिटी मजिस्ट्रेट को भेज दी गई थी। इसमें रेत उठाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति भी की गई है।

**आशुतोष गुप्ता**
**एसडीएम कलीनगर**

# जंगलराज से बिहार का बचाव

यह सही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के अनेक नेताओं ने नीतीश कुमार के लिए पार्टी के दरवाजे बंद रखने का ऐलान किया था। यह नीतीश के परिवारवाद और घोटाले के आरोपों से घिरी राजद के पाले में जाने के बाद लिया गया था। लेकिन आज उसी बिहार को परिवारवाद, भ्रष्टाचार घोटालों से बचाने के लिए भाजपा को निर्णय बदलना पड़ा। यह निर्णय उस विचार के अनुरूप है कि राष्ट्र और जनहित पहले, पार्टी बाद में। बिहार का हित इसी में था। भाजपा ने भारत रत्न से विभूषित कर्पूरी ठाकुर के विचारों पर अमल किया। बिहार को परिवारवाद के वर्चस्व की तरफ बढ़ने से रोक दिया। कर्पूरी ठाकुर परिवारवाद और भ्रष्टाचार के घोर विरोधी थे। वह जिस झोपड़ी में जन्मे थे, वही जीवन के अंत तक उनकी संपत्ति थी। जबकि वह दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री, एक बार उप मुख्यमंत्री, एक बार सांसद बने। दशकों तक विधायक रहे। वह उस समय जनसंघ के सहयोग से ही मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बने थे। आज नरेन्द्र मोदी सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान दिया है। उनके विचारों को भी सम्मान दिया है। बिहार को राजद के परिवारवाद और भ्रष्टाचार को बचाने का कार्य किया है। राजद प्रमुख अपने पुत्र को मुख्यमंत्री बनाने के लिए नीतीश पर निर्णायक दबाब बना चुके थे। जातिगत जनगणना के बाद से लालू यादव का नीतीश पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने का दबाब ज्यादा बढ़ गया था, क्योंकि जातिगत जनगणना से उनका एमवाई समीकरण मजबूत दिखाई दे रहा था। दूसरी तरफ नीतीश कमजोर दिखाई देने लगे थे। नीतीश कुमार को आत्मचिंतन अवश्य करना चाहिए। भाजपा के साथ केंद्र में मैत्रीपूर्ण फिर मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी सुशासन बाबू की छवि बनी थी। वह छवि राजद से हाथ मिलाते ही चौपट हो गई। नीतीश को अपनी धूमिल हो चुकी छवि को संवारने का एक और अवसर मिला है। बिहार की राजनीति में भाजपा और राजद दो विपरीत ध्रुव हैं। भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा और कैडर आधारित पार्टी है। दूसरी तरफ राजद परिवार आधारित पार्टी है। इसके संस्थापक मुख्यमंत्री रहते हुए ही घोटालों के सरताज बने। उस समय उनके पुत्र छोटे थे। इसलिए अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। लालू यादव आज भी वहीं है। अब उनका स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। छोटे पुत्र तेजस्वी बड़े हो गए। नीतीश कुमार को वही डील कर रहे थे। कहने को तेजस्वी उपमुख्यमंत्री थे। लेकिन नीतीश के मुकाबले लगभग दो गुना संख्याबल था। ऐसी सरकारें खास अंदाज में चलती हैं। मुख्यमंत्री को अपने उप मुख्यमंत्री की कृपा पर निर्भर रहना पड़ता था। भाजपा और जेडीयू की बात अलग थी। दोनों ने मिलकर चुनाव था। गठबंधन के नेता नीतीश कुमार थे। उन्हीं को भावी मुख्यमंत्री के रूप में प्रस्तुत किया गया था। इसी गठबंधन को जनादेश मिला था। इसमें भी जेडीयू का संख्याबल भाजपा से कम था। लेकिन भाजपा ने जनादेश का सम्मान किया। नीतीश के नेतृत्व में सरकार को जन आकांक्षा के अनुरूप चलाया जा रहा था। राजद का पूरा कुनबा ही घोटालों के आरोप में घिरा है। नीतीश ने जब पहली बार पाला बदल कर राजद के साथ सरकार बनाई थी, तब भी राजद ने अपनी मूल प्रकृति का परित्याग नहीं किया। उस सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे। उनके बड़े भाई स्वास्थ्य मंत्री थे। दोनों मिल कर लालू यादव की विरासत को बढ़ाने जुटे थे। सुशासन बाबू यह देख कर बेचैन हो गए थे। उन्हें लगा भाजपा के साथ रहकर जो छवि निर्मित हुई थी, सब तार-तार हुई जा रही है। इसलिए नीतीश कुमार उस गठबंधन से पीछा छुड़ाकर भाजपा में वापस आ गए थे। नीतीश और लालू परिवार के बीच फिर अमर्यादित आरोपों की बौछार शुरू हो गई थी। ऐसा लगा जैसे नीतीश अब कभी लालू के कुनबे की तरफ पलट कर नहीं देखेंगे। लेकिन फिर बेतलवा डाल पर की कहावत चरितार्थ हुई थी। फिर हमप्याला हो गए। मगर इस बार राजद ने अपरोक्ष रूप में नीतीश कुमार को औकात बता दी और यह संदेश दिया कि उन्हें राजद के हिसाब से ही सरकार चलानी होगी। नीतीश ने भी इस संदेश को शिरोधार्य कर लिया। नीतीश को शुरुआत में ही बता दिया गया राजद कोटे के मंत्रियों पर लगे आरोपों पर वह मौन रहेंगे। सरकार में बिहार में नए कानून मंत्री कार्तिकेय सिंह को लेकर विवाद शुरू हो गया था। इस पर नीतीश कुमार पूरी तरह लाचार दिखाई दिए।

# हिन्दू समाज का धैर्य, ज्ञानवापी और ओवैसी

बहुसंख्यक हिन्दुओं के मान बिन्दुओं जिसमें कि वे देवता के स्वरूप को एक आदर्श के रूप में लेते हुए, उसकी स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा कर उसकी आराधना करते हैं, उन्हें ही इतिहास में तमाम इस्लामिक आक्रान्ताओं ने खण्ड-खण्ड किया है। क्या ओवैसी ज्ञानवापी के अंदर के प्राप्त चिह्नों को नकार सकते हैं । वैसे कोई बड़ी बात नहीं वे कहने लगें कि तमाम सुरक्षा व्यवस्थाओं में सेंध लगाकर हिन्दू ही मूर्तियों को अंदर लेकर आ गए थे और उन्होंने ने ही अपने पक्ष को मजबूत करने क लिए वहां इन्हें स्थापित कर दिया। हो सकता है कल वे यह भी कहते नजर आएं कि अंदर दीवार में जो चिह्न मिले हैं, वह भी रात के अंधेरे में हिन्दुओं ने मस्जिद में घुसकर बना दिए हैं। कोई भरोसा नहीं अभी वे और उनके जैसे अन्य इस्लामिक कट्टरपंथी मुसलमान कितनी सीमा तक नीचे गिरेंगे। किंतु उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश और यहां का लोक सब देख रहा है। शांति से यदि मुसलमान ज्ञानवापी पर अपना दावा वापस ले लेते तो आज इस तरह से कोर्ट-कचहरी की जरूरत ही नहीं होती ।



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट ज्ञानवापी पर अब बहुत कुछ साफ बता रही है कि कैसे हिन्दू सनातन प्राचीन संस्कृति और सभ्यता को वाराणसी से नष्ट किया गया और सत्ता के वर्चस्व में भय के वातावरण से बहुसंख्यक हिन्दुओं को इतना भयभीत कर दिया कि वह अपने ऊपर जबरन लादे गए इस कलंक को समय के कालखण्ड में मिटा नहीं सके। अब जब भारतीय संविधान के प्रकाश में इस देश का हिन्दू समाज अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है तो कई लोग इस बात को हजम नहीं कर पा रहे हैं। आज उन्हीं में से एक हैं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी, जिनकी खुलकर हिन्दू विरोधी भड़ास एक बार फिर बाहर आई है। वे कई अवसरों पर ये बता भी चुके हैं कि उन्हें संवैधानिक व्यवस्थाओं पर भरोसा नहीं है। राममंदिर का निर्णय उच्चतम न्यायालय से आया, किंतु आज भी वे बार-बार मुसलमानों के साथ अन्याय होने का जिक्र कर रहे हैं और उन्हें भड़काने में सबसे आगे रहते हैं। अब एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद से कह रहे हैं कि हिन्दुत्व की गुलाम है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण। ओवैसी का कहना है कि ज्ञानवापी पर आई एएसआई की रिपोर्ट किसी भी पेशेवर पुरातत्ववेत्ता और इतिहासकार के सामने टिकेगी नहीं। यह रिपोर्ट अनुमानों पर आधारित है और विज्ञान सम्मत शोध का मजाक है। एएसआई हिन्दुत्व की गुलाम है। वस्तुतः ओवैसी ने यह कहकर बता दिया है कि वे किसी भी हाल में हिन्दू सनातन धर्म के पक्ष में सामने आए सच को स्वीकार्य करनेवाले नहीं हैं। हिन्दुत्व और हिन्दुओं से उन्हें इतनी अधिक नफरत है कि हिन्दुस्तान में रहते हुए वे उसी बहुसंख्यक हिन्दू समाज के मान बिन्दुओं का अपमान करते हैं, जिसके कारण से भारत वर्ष पूरे विश्व में जाना जाता है। वस्तुतः ज्ञानवापी मस्जिद पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आज अनेक साक्ष्यों के साथ बता रहा है कि कैसे एक प्राचीन वैभवशाली ज्ञान परंपरा और संस्कृति को इस्लामिक आक्रान्ताओं ने नष्ट कर दिया था और एक जागृत मंदिर को मस्जिद में बदल दिया गया । बहुसंख्यक हिन्दुओं के मान बिन्दुओं जिसमें कि वे देवता के स्वरूप को एक आदर्श के रूप में लेते हुए, उसकी स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा कर उसकी आराधना करते हैं, उन्हें ही इतिहास में तमाम इस्लामिक आक्रान्ताओं ने खण्ड-खण्ड किया है। क्या ओवैसी ज्ञानवापी के अंदर के प्राप्त चिह्नों को नकार सकते हैं । वैसे कोई बड़ी बात नहीं वे कहने लगें कि तमाम सुरक्षा व्यवस्थाओं में सेंध लगाकर हिन्दू ही मूर्तियों को अंदर लेकर आ गए थे और उन्होंने ने ही अपने पक्ष को मजबूत करने क लिए वहां इन्हें स्थापित कर दिया। हो सकता है कल वे यह भी कहते नजर आएं कि अंदर दीवार में जो चिह्न मिले हैं, वह भी रात के अंधेरे में हिन्दुओं ने मस्जिद में घुसकर बना दिए हैं। कोई भरोसा नहीं अभी वे और उनके जैसे अन्य इस्लामिक कट्टरपंथी मुसलमान कितनी सीमा तक नीचे गिरेंगे। किंतु उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि देश और यहां का लोक सब देख रहा है। शांति से यदि मुसलमान ज्ञानवापी पर अपना दावा वापस ले लेते तो आज इस तरह से कोर्ट-कचहरी की जरूरत ही नहीं होती । जिन हिन्दुओं ने धर्म के आधार पर देश का विभाजन होने के बाद भी मुसलमानों को आत्मसात किया हो, सिर्फ आत्मसात ही नहीं अल्पसंख्यक मानकर उनके लिए विशेष रियायतें विधि में निर्धारित की हों, उन बहुसंख्यक हिन्दुओं के देश भारत में इस तरह का ओवैसी जैसे मुसलमानों के व्यवहार को क्या माना जाए, आज यह भी सोचने का गंभीर विषय है। वास्तव में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य हैं जो साफ बता रहे हैं कि कैसे ज्ञानवापी मस्जिद वहां पहले से मौजूद एक पुराने मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई। एएसआई की 839 पन्नों वाली सर्वेक्षण रिपोर्ट से स्पष्ट है कि काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित मस्जिद एक भव्य हिंदू मंदिर को ध्वस्त किए जाने के बाद उसके अवशेषों पर खड़ी की गई थी। सर्वेक्षण के दौरान दो तहखानों में हिन्दू देवताओं की मूर्तियों के अवशेष पाए गए हैं। ज्ञानवापी मस्जिद के निर्माण में स्तंभों सहित पहले से मौजूद मंदिर के कुछ हिस्सों का इस्तेमाल किया गया था। मंदिर को तोड़ने का आदेश और तारीख पत्थर पर फारसी भाषा में अंकित है। 'महामुक्ति' लिखा हुआ एक पत्थर भी मिला है। मस्जिद के पीछे की पश्चिमी दीवार एक मंदिर की दीवार है। उस दीवार पर घण्टा, वल्लरी (लताओं का उकेरा गया चित्र) और स्वास्तिक का चिह्न मिले हैं। दीवार पर पत्थरों पर उकेरा गया ब्रह्म कमल का तोरण द्वार बना हुआ है। ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने की छत जिन खम्भों पर टिकी हैं वे सभी नागर शैली के मंदिर के स्तंभ हैं। इन साक्ष्यों से यह प्रतीत होता है कि 17वीं शताब्दी में औरंगजेब द्वारा जब आदि विशेश्वर का मंदिर तोड़ा गया था तो उसके पूर्व उक्त स्थान पर विशाल मंदिर ही था। सच यही है कि बहुसंख्यक हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य इतिहास में होता रहा है। अब होना तो यह चाहिए कि न्यायालय को जो सबूत, मंदिर प्रमाण के लिए चाहिए थे वे आज मिल गए हैं, ऐसे में अब उसे हिन्दुओं के पक्ष में आदेश पारित कर देना चाहिए, ताकि वहां हिन्दू समाज भगवान महादेव का रुद्राभिषेक, पूजा-पाठ आरंभ कर पाए। जिस तरह से अयोध्या में भगवान श्रीराम को 500 वर्षों की कठिन प्रतीक्षा एवं अनेक बलिदानों के बाद रामलला के रूप में प्राणप्रतिष्ठित होने का सुखद अवसर मिला है, वैसा ही अवसर अब काशी में प्राचीन विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार होकर हिन्दू समाज को मिलना चाहिए। देखा जाए तो आज भी ज्ञानवापी की तरफ मुंह कर बैठे नंदी को वर्षों से न्याय का इंतजार है। भारत में इसे आप दुर्भाग्य ही कहेंगे कि सत्य को अपनी परीक्षा देनी पड़ रही है और असत्य (ओवैसी) जैसे अट्टहास कर रहे हैं। बहुसंख्यक मुसलमानों से भी अपील है, वह ओवैसी जैसों की बातों में न आएं। सत्य को खुले ह्दय से स्वीकार्य करें और ज्ञानवापी स्वेच्छा से हिन्दू समाज को सौंप दें।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

# आत्मनिर्भरता और एक प्रतीक है चरखा

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि/30 जनवरी/विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

दो अक्टूबर1869 को पोरबंदर में जन्मे महात्मा गांधी जीवनभर देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। देश के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अविस्मरणीय योगदान से पूरी दुनिया सुपरिचित है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नायकों में से एक महात्मा गांधी की मंगलवार को 76वीं पुण्यतिथि है। उनकी 30 जनवरी, 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखीं, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था-सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाडू का सहारा। दूसरा- जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा चरखा- जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया।

गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था। महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ीं और कहने लगीं, 'आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौन से हाथ में पकड़ा जाता है?' इस पर बापू ने जवाब दिया, 'आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?' जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आंदोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा और इस प्रकार अंग्रेजों को भारत को स्वतंत्र करने पर बड़ी आसानी से विवश किया जा सकेगा। जब यही बात गांधी जी के सामने उठाई गई तो उन्होंने अंग्रेजों की मजबूरी से फायदा उठाने से इनकार कर दिया। हालांकि उस दौरान अंग्रेजों के खिलाफ गांधी जी ने आंदोलन तो जरूर चलाया लेकिन उनका वह आंदोलन सामूहिक न होकर व्यक्तिगत स्तर पर किया गया।

## सेहत मंत्र

# सैर करना शुरू कीजिए सेहत के अच्छे दिन आ जाएंगे

सैर करना सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी माना जाता है। फिर चाहे बात गर्भवती महिलाओं की हो या फिर वृद्ध व्यक्तियों की, हर किसी को थोड़ी देर सैर करने की सलाह अवश्य दी जाती है। हर व्यक्ति यह तो जानता है कि हमें प्रतिदिन सैर करनी चाहिए लेकिन इससे प्राप्त होने वाले लाभों के बारे में अमूमन वे अनजान ही होते हैं। तो चलिए जानते हैं सैर करने से होने लाभों के बारे में- प्रतिदिन वॉक करना आपके दिल के लिए बहुत ही लाभकारी माना जाता है। अगर आप प्रतिदिन वॉक करते हैं तो इससे आपको हृदय संबंधी रोग होने का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। इतना ही नहीं, कुछ अध्ययन इस ओर इशारा करते हैं कि यदि 65 या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति सप्ताह में चार घंटे वॉक करते हैं तो वे लम्बे समय तक स्वस्थ बने रह सकते हैं। पैदल चलने और रक्तचाप का आपस में गहरा संबंध है। अगर आपको ब्लड प्रेशर की समस्या है तो आपको प्रतिदिन वॉक करना चाहिए। रोजाना एक घंटे वॉक करने से आपका ब्लडप्रेशर धीरे-धीरे नार्मल होने लगेगा। जब आप रोजाना वॉक करते हैं तो इससे आपका वजन धीरे-धीरे कम होने लगता है। जिसके चलते आपको कैंसर होने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है। इतना ही नहीं, जो लोग कैंसर पेशेंट हैं और कीमोथेरेपी आदि लेते हैं, वे भी अगर प्रतिदिन वॉक करते हैं तो उन्हें इलाज के दौरान अत्यधिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। वहीं वॉक करने से ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क भी कम हो जाता है। शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन वॉक करने से आपको सिर्फ शारीरिक लाभ ही प्राप्त नहीं होते, बल्कि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी अच्छा होता है। दरअसल, जब आप वॉक को अपनी आदत बना लेते हैं तो इससे आपके दिमाग तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और ग्लूकोज पहुंचता है, जिससे आपका दिमाग बेहतर तरीके से काम करता है। यह ब्रेन के सेल्यूलर फंक्शन को बेहतर बनाने में काफी मददगार होता है। समय के साथ व्यक्ति के मसल्स और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में वॉक करने से आपके बोन्स की डेंसिटी बनी रहती है।

## धर्म मंत्र

# ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा का पर्व 'बसंत पंचमी'

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी 'बसंत पंचमी' के रूप में देशभर में धूमधाम से मनाई जाती रही है क्योंकि माना जाता है कि यह दिन बसंत ऋतु के आगमन का सूचक है और इसी दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है। मान्यता है कि इस दिन शरद ऋतु की विदाई होती है और बसंत ऋतु के आगमन के साथ समस्त प्राणीजगत में नवजीवन एवं नवचेतना का संचार होता है। वातावरण में चहुं ओर मादकता का संचार होने लगता है तथा प्रकृति के सौन्दर्य में निखार आने लगता है। शरद ऋतु में वृक्षों के पुराने पत्ते सूखकर झड़ जाते हैं लेकिन बसंत की शुरूआत के साथ ही पेड़-पौधों पर नई कोंपले फूटने लगती हैं। आमों में बौर आ जाते हैं। चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं और फूलों की सुगंध से चहुं ओर धरती का वातावरण महकने लगता है। खेतों में गेहूं की सुनहरी बालें, स्वर्ण जैसे दमकते सरसों के पीले फूलों से भरे खेत, पेड़ों की डालियों पर फुदकती कोयल की कुहू-कुहू, फूलों पर भौंरों का गुंजन और रंग-बिरंगी तितलियों की भाग-दौड़, वृक्षों की हरियाली वातावरण में मादकता का ऐसा संचार करते हैं कि उदास से उदास मन भी प्रफुल्लित हो उठता है। बसंत पंचमी के ही दिन होली का उत्सव भी आरंभ हो जाता है और इस दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। बसंत पंचमी का महत्व कुछ अन्य कारणों से भी है। साहित्य और संगीत प्रेमियों के लिए तो बसंत पंचमी का विशेष महत्व है क्योंकि यह ज्ञान और वाणी की देवी सरस्वती की पूजा का पवित्र पर्व माना गया है। बच्चों को इसी दिन से बोलना या लिखना सिखाना शुभ माना गया है।

## पर्यटन



# उत्तराखंड की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है बर्फ से ढका औली

उत्तराखंड की खूबसूरत वादियों में बसा औली उत्तर भारत का मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। यहां की खूबसूरती को निहारते रहने का ही मन करता है.. सूरज की किरणें जब बर्फ से ढके पहाड़ पर पड़ती है तो मानों ऐसा लगता है कि सुबह पहाड़ सूरज की रोशनी में नहा कर आये हो। मीलों दूर तक पसरी सफ़ेद बर्फ की चादर पर जीभर कर खेलने का आनंद और औली में ले सकते हैं। यहाँ पर देवदार के पेड़ काफी ज्यादा मात्रा में पाए जाते हैं। इनकी पेड़ों की महक यहाँ की ठंडी और ताजी हवाओं में महसूस की जा सकती है। औली में आप खूबसूरती के अलावा यहां की एडवेंचर एक्टिविटी का भी लुफ्त उठा सकते हैं। औली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए दुनियाभर में मशहूर है। यहां कि सुंदरता को निहारने के लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। सर्दियों के मौसम में यहां पर खूब बर्फबारी होती हैं जिसका आनंद लेने के लिए पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ जाती है, साथ ही चारों तरफ बर्फ की चादर बिछने के बाद यहां की सुंदरता दस गुना ज्यादा बढ़ जाती है। यहाँ पर कपास जैसी मुलायम बर्फ पड़ती है और पर्यटक खासकर बच्चे इस बर्फ में खूब खेलते हैं। औली तक पहुंचने के लिए देश के सबसे तेज स्पीड वाला रोप वे बनाया गया है। ये रोप वे जब जंगल के ऊपर से गुजरता है तो बर्फ से ढकी चोटियों और ढलानों को देखकर मन प्रसन्न हो जाता है। सबसे पहले तो वहां की खूबसूरती का आनंद उठाना चाहिए। अगर आपको ट्रेकिंग करने का शौक है तो ज्यादा नहीं लेकिन छोटे-छोटे ट्रेक पॉइंट है जहां पर आप ट्रेक कर सकते हैं। इसके अलावा यहां पर काफी स्पोर्ट्स एक्टिविटी भी है। यहां पर आप बर्फ में गाड़ी चला सकते हैं और स्लेज भी कर सकते हैं। स्कीइंग के लिए औली हर दुनिया में जाना जाता है। स्कीइंग का यहां पर सबसे बड़ा पॉइंट है। नंदा देवी के पीछे सूर्योदय देखना एक बहुत ही सुखद अनुभव है। नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान यहाँ से 41 किलोमीटर दूर है। शहर की भागती-दौड़ती जिंदगी से दूर औली एक बहुत ही बेहतरीन पर्यटक स्थल है।

# खोए हुए मोबाईल को दो घंटे में खोजने वाले छात्रों को जेकेए के चेयरमैन ने किया सम्मानित

### स्टडी हॉल गोमती नगर के छात्रों ने तकनीकी शिक्षा का किया उपयोग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। तकनीकी शिक्षा के माध्यम से खोए हुए मोबाईल को दो घंटे में खोज कर बरामद करने वाले स्टडी हॉल गोमती नगर के तीन छात्रों को जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव ने रविवार को संगठन कार्यालय राम औतार यादव स्मृति वाटिका उमरी देवा मे सम्मान पत्र व प्रतीक चिंह भेटकर सम्मानित किया। आपको बताते चलें कि आकाशवाड़ी के एनाउंसर डाक्टर विकास चंद्र शर्मा देवा में आयोजित गणतंत्र दिवस के एक कार्यक्रम से लखनऊ वापस जा रहे थे तभी किसान पथ पर लगे हुए ट्रकों के जाम को हटवाने के दौरान विकास चंद्र शर्मा का मोबाईल गिर गया।करीब दस किलोमीटर आगे बढ़ने के बाद जब मोबाईल खोने का पता चला तो साथ में मौजूद श्री शर्मा के पुत्र विघ्नेश्वर वत्स व विघ्नेश्वर के दोस्त अर्श दीप एवं भव्य ने अपनी तकनीकी शिक्षा का उपयोग करने के लिए आर्यन सिंह नामक अपने अगले दोस्त को फोन कर गूगल ऐप की जानकारी ली।जिसके माध्यम से मोबाईल का लोकेशन ट्रेश करते हुए करीब 32 किलोमीटर दूर सीतापुर रोड पर स्थित भारत पेट्रोलियम के पास एक ढाबा पर लोकेशन स्थाई हो गया।जिससे तीनों छात्र व विकास चंद्र शर्मा ने दृढ निश्चय के साथ वही मोबाइल खोजना शुरु कर दिया। इस दौरान कई लोगों से तीनों बच्चों के बींच बहस भी हो गई।अंतोगत्वा एक ट्रक चालक के पास से मोबाइल बरामद करके ही तीनों छात्रों ने दम लिया।तकनीकी शिक्षा का सही उपयोग कर दो घंटे में खोया हुआ मोबाईल बरामद करने वाले तीनों हिम्मती छात्रों को जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन ने अपने कार्यालय पर सम्मान पत्र व प्रतीक चिंह भेंट कर सम्मानित करते हुए बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सलाहकर वासुदेव यादव,पलिया मसूदपुर के पूर्व प्रधान बालक राम यादव,डा.विकास चंद्र शर्मा, विघ्नेश्वर की माता मुक्ता शर्मा, रवि यादव,अवधेश कुमार,शैलेश कुमार,मनीश कुमार,अंकित कुमार,सुधांशु यादव आदि उपस्थित रहे।यहाँ पर यह भी बताना चाहेंगे कि विघ्नेश्वर वत्स जनरल नॉलेज की परीक्षा में लगातार दो बार पूरे विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके है।

# पंचमुखी बालाजी धाम में होगा आगमन कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सूरतगंज बाराबंकी। 31 फुट ऊंचे विराट शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा व भंडारे यज्ञ का हो रहा आयोजन बल्लोपुर कुड़वा बालाजी धाम पर जिसमें 30 जनवरी को दोपहर को पहुंचेंगे कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जिनकी स्वागत तैयारी के लिए एक दिन पहले से ही की जा रही व्यवस्था प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडलेश्वर राघवदास जी महाराज व मुख्य जजमान मनीष सोनी ने कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था की देखरेख,वा जिम्मेदारी कर रहे हैं जिसमें प्रतिदिन 24 घंटे भंडारे का आयोजन किया जाता है रात्रि में वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा रासलीला दिखाई जाती है वहीं दिन में यज्ञ प्रवचन अतिथियों का स्वागत साधु संतों का आगमन का कार्यक्रम निरंतर चलता है वहीं मुख्य जजमान मनीष सोनी ने समस्त देश व क्षेत्र के लोगों को सादर आमंत्रित कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आग्रह भी किया। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी प्रतिदिन आकर के मंदिर की व्यवस्था में अपना संपूर्ण समय व योगदान भी दे रहे वही रामनगर ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी कार्यक्रम में संपूर्ण समय व योगदान देने पहुंचे संपूर्ण भारत के कोने-कोने से साधु संतों का काफिला मंदिर के कार्यक्रम में पहुंच रहा ग्रामीणों का कहना है कि इस तराई क्षेत्र में बाला जी मंदिर पर विभिन्न कार्यक्रम से पूरा वातावरण शुद्ध हो गया जबकि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव के कार्यक्रम को लगते ही बालाजी धाम का निरीक्षण प्रशासन व क्षेत्रीय नेताओं द्वारा बराबर किया जा रहा जिसमें मंडल अध्यक्ष सूरतगंज सुशील वर्मा, मंत्री राजू शुक्ला, ग्राम प्रधान सूरतगंज गुड्डू बारी, कवि जगन्नाथ निर्दोष, नीरज सिंह, सुनील त्रिवेदी, पवन तिवारी, भूलन अवस्थी, बिंकू शुक्ला , राघवेंद्र शुक्ला,व सैकड़ो संभ्रांत व्यक्ति पहुंचे।

# उपनिदेशक पंचायतीराज के निरीक्षण में पटरी पर मिली व्यवस्थाएं

### विकास कार्यों को देखा साथ ही स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मसौली बाराबंकी। उपनिदेशक पंचायती राज अयोध्या योगेंद्र कटियार ने सोमवार को ग्राम पंचायत नियामतपुर मे विगत वर्ष मिले मुख्यमंत्री पुरुस्कार के तहत कराये गये विकास कार्यो का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बताते चले कि गत 15 अगस्त 2021 को ग्राम पंचायत नियामतपुर के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ़ संदीप सिंह द्वारा गांव मे कराये गये विकास कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री पुरुस्कार से सम्मानित किया गया था । पुरुस्कार मे मिली धनराशि से ग्राम प्रधान संदीप सिंह ने गांव में व्यायाम शाला का निर्माण कराया है। सोमवार को उपनिदेशक योगेंद्र कटियार ने पंचायत भवन सहित व्यायाम शाला का जायजा लिया तथा गांव मे कराये गये अन्य विकास कार्यो की जानकारी ली।जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने ग्रामीणों से कहा कि सभी ग्रामीण सफाई का ध्यान रखें। अपने आसपास कूड़ा इकट्ठा न होने दें। उन्होंने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौक़े पर जिला समन्वयक निरंकार मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, ग्राम प्रधान धर्मेंद्र सिंह, पंचायत सचिव उत्तम वर्मा, शौम्या सिंह, रोजगार सेवक शोभराज आदि लोग मौजूद रहे।

### फाइलेरिया अभियान को सफल बनाए जाने के लिए स्कूलों में दिलाएंगे शपथ

वाराणसी। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जनपद में 10 फरवरी से घर–घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी आमजन को फाइलेरिया रोग से बचाव की दवा का सेवन कराएंगे। यह ट्रिपल ड्रग थेरेपी आईडीए (आइवेर्मेक्टिन, डीईसी व एल्बेण्डाज़ोल) अभियान 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान विद्यालयों में फाइलेरिया रोग से बचाव के प्रति जन जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस अभियान को लेकर सोमवार को चोलापुर खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश राय ने कार्यालय सभागार में प्रधानाचार्यो के साथ बैठक की।

# पॉक्सो एक्ट के दोषी को 3 साल का कारावास व लगा अर्थदंड

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मॉनिटरिंग सेल की प्रभावी पैरवी से छेड़छाड़ से सम्बंधित अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट 3 वर्ष के कारावास की सजा सुनाकर फैसला सुनाते हुए 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।प्राप्त जानकारी मुताबिक मसौली थाना क्षेत्र के कस्बा त्रिलोकपुर निवासी वादी के द्वारा कल्लू उर्फ राशिद ने अपनी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ का मुकदमा मसौली थाने मे आरोपी के पॉक्सो एक्ट मे वर्ष 2018 मे धारा 354(क) के तहत मुकदमा दर्ज कराया था जिसकी विवेचना तत्कालीन विवेचक मसौली एसआई अंजनी कुमार शर्मा ने विवेचना मे पर्याप्त साक्ष्य दिए थे जिसमे मॉनिटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की थी जिसमे उपरोक्त धाराओ मे कल्लू उर्फ राशिद को पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।सजा के बाद वादी पक्ष ने कोर्ट और मॉनिटरिंग सेल की प्रशंसा की है।

# तिलक पूजन के साथ शुरू हुई रामलीला में उमड़ी भीड़

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आजादी से पूर्व लुक्के की रोशनी में शुरू होने वाली ग्राम पंचायत बड़ागांव की ऐतिहासिक रामलीला ( धनुषयज्ञ) की शुरुआत सोमवार को तिलवा पूजन के साथ शुरु हो गई। 5 दिवसीय धनुषयज्ञ मेले में ताड़का वध, फुलवारी लीला, धनुषभंग एवं बारात भृमण किया जाएगा। बुजुर्गो के अनुसार आजादी से पूर्व 1945 में गाँव के बुजुर्ग पण्डित राम अधार, पण्डित शिव दुलारे शुक्ला, जगन्नाथ वर्मा, छेदी लाल वर्मा, पण्डित चन्द्रशेखर, राम भरोसेवर्मा द्वारा लुक्के की रोशनी में स्थानीय कलाकारों द्वारा धनुषयज्ञ मेले की शुरूआत की थी। धनुषयज्ञ के संस्थापक सदस्यआज हम लोगों के बीच तो नही है लेकिन उनकी स्मृतियां आज भी ग्राम वासियों में जाग्रत है। हिन्दू-मुस्लिम के सहयोग लगने वाले धनुषयज्ञ मेले में मरहूम हाजी शहबान का विशेष सहयोग रहता था। तिलवा पूजन से पूर्वहाजी शहबान सामियाना एवं पोलर लाईटकी तैयारी में जुट जाते थे और पूरी लगन के साथसामियाना कनाट लगाते थे। प्रति वर्ष कड़ाके की ठंड में होने वाले धनुषयज्ञ मेले को देखने के लिए स्व॰ नसिर उर रहमान किदवई सहित मुस्लिम समाज के बहुत से लोग भी मेले को पूरी रात्रि बैठ कर देखते थे। सात दसक पुरानी रामलीला वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक लाइटों सेजगमग रहती है वहीं सामियाना की जगह अब भव्य पंडालों ने ले ली है। पहले समस्त किरदार गांव के लोगों के द्वारा ही निभाए जाते थे। परन्तु बदलते समय के अनुसार दरभंगा से आने वाले नाट्य कलाकारों द्वाराकिरदारों को निभाया जाने लगा फिर भी गाँव के लोगों द्वारा रावण का पाठ अवधराम गुप्ता, बाणा सुर का पाठ सुबोध श्रीवास्तव, राजा जनक का पाठ भरत गुप्ता द्वारा निभाया जाता है जिसमें भरत गुप्ता द्वारा निभाया जाने वाला राजा जनक का किरदार आज भी लोगों को रास आ रहा है। जिसमें अवधराम गुप्ता, सुबोध श्रीवास्तव, भरत गुप्ता के किरदारों की लोगों द्वारा जमकर सराहना की जाती है। सोमवार को तिलवा पूजन के साथ मेले की शुरुआत हो गई है। मंगलवार को ताड़का वध, बुधवार को नगर भृमण( फुलवारी लीला) गुरुवार को धनुषभंग व सीता स्वयंवर( राम विवाह) एवं शुक्रवार को बारात भृमण के साथ रामलीला का समापन किया जाएगा।

# अदालतें औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं, जहां हड़तालें हो सकती हैं : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि अदालतें औद्योगिक प्रतिष्ठानों की तरह नहीं है, जहां हड़तालें हो सकती हैं। अधिवक्ताओं के कामकाज न करने से न्याय का पहिया रूक जाता है। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले में यूपी बार कौंसिल से जवाब तलब किया है।यह टिप्पणी जंग बहादुर कुशवाहा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने की। कोर्ट ने बलिया जिले की रसड़ा तहसील में बार-बार होने वाली हड़ताल और अदालती कामकाज में व्यवधान पर चिंता जताई और कहा कि न्यायिक प्रणाली में हड़ताल से न्याय का पहिया रुक जाता है, जिससे न्याय के दुश्मनों में खुशी होती है। उनके चाबुक और अधिक मोटे हो जाते हैं, लाठियां दिन-ब-दिन खून बहते घावों को और गहरा करती जाती हैं।

# डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। सोमवार को डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरिक्षण किया गया।
डीएम सत्येंद्र कुमार झा व एसपी दिनेश कुमार सिंह सोमवार को अचानक औचक निरिक्षण करने भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। निरिक्षण के दौरान बैरकों,मेस,जेल के अस्पताल आदि की सघन चेकिंग की गयी।तदोपरांत कैदियों की समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित से जानकारी ली गई। डीएम के द्वारा साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा जेल अस्पताल निरीक्षण के दौरान बन्दियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी लेकर साफ-सफाई,आवश्यक उपचार, परीक्षण आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देश दिये गये।इस दौरान हड़कंप मचा रहा।निरिक्षण के दौरान जेल अधीक्षक कुंदन कुमार,जेलर आलोक शुक्ला सहित सभी जेल से सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आज मनेगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 76वीं पुण्यतिथि, होगी श्रद्धांजलि सभा

### गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट मे होगी श्रद्धांजलि सभा, देश के जाने–माने पत्रकारो का होगा जमावड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। देश के जाने माने पत्रकार, हिन्दी सेवी एवं गांधीवादी अध्येता राहुल देव मंगलवार को देवा रोड स्थित गांधी भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम में सत्य हिन्दी न्यूज़ पोर्टल के संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार शीतल पी सिंह, गोरखपुर से एमएलसी सी.पी चंद, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप, कानपुर के पूर्व विधायक एवं कंाग्रेस नेता गणेश दीक्षित एवं पूर्व विधायक सरवर अली विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। सभा की अध्यक्षता लोहियावादी एवं गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में की शुरूआत सुबह करीब 10 बजे होगी। इस दौरान गांधी भवन से पटेल तिराहा तक महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी पैदल शांति मार्च निकलेंगे। उसके उपरांत गांधी भवन में बालाजी का बचपन स्कूल के बच्चों द्वारा 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' गांधी भजन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखा जाएगा। तदोपरान्त महात्मा गांधी प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें नमन किया जाएगा। मार्ल्यापण कार्यक्रम के उपरान्त राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस (शहीद दिवस) पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ता अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम संयोजक विनय कुमार सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण में सायंकाल 5 बजे आलापुर स्थित रेठ नदी में महात्मा गांधी की स्मृति में दीपदान भी किया जाएगा। इस मौके नगर के कई संभ्रान्त नागरिक, अधिवक्ता, समाजसेवी व पत्रकार मौजूद रहेंगे।

# कलश यात्रा से शुरू हुईं श्री मद भागवत कथा, उमड़ा आस्था का सैलाब

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



टिकैतनगर,बाराबंकी। स्थानीय कस्बा में सोमवार को पारंपरिक वेश में श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम अंतर्गत कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में वाराणसी से पधारे कथा व्यास अनुराग कृष्ण शास्त्री महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया।उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसको सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमिययो को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई सात दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलने के साथ साथ मोक्ष को प्राप्त करता है। ।कथा प्रारंभ से पूर्व कथा स्थल से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में महिलाएं कलश लेकर नगर के सभी मंदिरों का भ्रमण करते हुए वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां पर विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य शुभम मिश्रा,आचार्य ओमकार नाथ तिवारी, पं इन्द्र प्रकाश पांडेय सहित त्रिजुगीनारायण यज्ञसेनी,शिवनारायण यज्ञसेनी,सूर्य नारायण यज्ञसेनी, प्रेमनारायण यज्ञसेनी, पंकज यज्ञसेनी, अम्बुज यज्ञसेनी, सतीश यज्ञसेनी उपस्थित रहे।

# जनता की शिकायतो का निस्तारण मेरी पहली प्राथमिकता : नेहा ब्याडवाल

### सिरौलीगौसपुर तहसील की बनायी गयी है उपजिलाधिकारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें न्याय दिलाना मेरी प्राथमिकता होगी , पीड़ित निडर होकर आए अपनी बात रखे उक्त बात ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल ने कार्यभार ग्रहण करने के दौरान कही । बताते चले की जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा को सिरौलीगौसपुर का एसडीएम बनाया है ।
हजरतपुर के उदासीन आश्रम कुटी नानक शाही गद्दी के महंत जनार्दन दास ने नवागत जॉइंट मजिस्ट्रेटउपजिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया है।
15 जनवरी को नानक शाही गद्दी के महन्त जनार्दन दास की अगुवाई में हजरतपुर से निकाली गई शोभायात्रा में स्थानीय राजस्व व पुलिस प्रशासन द्वारा सकुशल संपन्न कराने वाले अधिकारी कर्मचारी पुलिस व क्षेत्र के पत्रकारों को भी पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया है।इस मौके पर बृजेश कुमार यादव, अमित तिवारी धनलाल रावत विमलेश कुमार रावत एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# इजराइल जाने के लिए नही है पासपोर्ट का रोना, बस सऊदी से लौटे श्रमिकों की संख्या है अधिक

### इजराइल जाने के 100 से अधिक आ चुके आवेदन, 45 के पास पहले से है पासपोर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। इजराइल में श्रमिकों की डिमांड के बाद जिले में सौ से अधिक पंजीकृत श्रमिकों ने वहां जाने के लिए हामी भरी है। इसके लिए श्रम विभाग में आवेदन भी कर दिया है। खास बात यह है कि आवेदन करने वाले एक सैकड़ा श्रमिकों में से 45 के पास पहले से पासपोर्ट बना हुआ है। जबकि बाकी श्रमिकों ने इसके लिए आवेदन कर रखा है।
अब ऐसे में पासपोर्ट के न होने जैसी कोई समस्या सामने नहीं आ रही है।उधर, श्रम विभाग ने आवेदन करने वाले श्रमिकों का पूरा विवरण तैयार कर सूची राष्ट्रीय कौशल विकास कॉरपोरेशन को भेजी है। जिनके माध्यम से लखनऊ में इन आवेदकों का साक्षात्कार लिया जा रहा है। इसमें भी एक खास बात यह है कि साक्षात्कार पैनल में इजराइल के कई अधिकारी शामिल हैं।
दरअसल, इस्राइल में युद्ध के बने हालात के बाद वहां पर कुशल श्रमिकों की जरूरत बताई गई थी। इसमें कई श्रेणी के श्रमिकों को वहां काम के लिए बुलाया गया है। जिले से भी 200 श्रमिकों को वहां भेजे जाने की बात कही जा रही है। इसे लेकर शासन की ओर से श्रम विभाग को मिले आदेश के बाद आवेदन लेने की प्रक्रिया चल रही है। विभाग के पास अब तक सौ से अधिक श्रमिकों ने आवेदन कर इजराइल जाने की इच्छा जताई है।
आवेदन के बाद विभाग आवेदक श्रमिक की पत्नी का नाम, बच्चों के नाम, परिवार की स्थिति, खून का ग्रुप सहित कई बिंदुओं को अपने डाटा बेस में अंकित कर रहा है और इन आवेदकों की सूची लखनऊ में साक्षात्कार ले रही नामित एजेंसी राष्ट्रीय कौशल विकास कॉरपोरेशन को भेजी है। जिससे अलग-अलग तिथियों में जिले के प्रशिक्षित ट्रेड वार श्रमिकों को बुलाकार साक्षात्कार लिया जा रहा है।
साक्षात्कार ले रही एजेंसी की पैनल टीम में इजराइल के भी अधिकारी शामिल हो रहे हैं। विभाग के अधिकारियों के अनुसार आवेदन करने वाले श्रमिकों में करीब 50 फीसदी के पास पहले से पासपोर्ट उपलब्ध है। जबकि शेष श्रमिकों ने पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर दिया है। ऐसे में पासपोर्ट जैसी समस्या न होने की बात कही जा रही है। हालांकि अभी जिले का एक भी आवेदन का चयन नहीं हो पाया है।

### सउदी से लौटे श्रमिकों की संख्या अधिक

इजराइल जाने के लिए आवेदन करने वालों में ऐसे श्रमिकों की संख्या अधिक है जो सउदी में काम कर चुके हैं और वह लौट कर वापस अपने वतन चले आए हैं। इनमें राजगीर, बढ़ई, इलेक्ट्रिशियन जैसे ट्रेडों में काम करने वालों की संख्या ज्यादा है। लखनऊ में साक्षात्कार के लिए सोमवार को 45 आवेदकों को बुलाया गया है। साक्षात्कार के बाद एजेंसी रिजल्ट जारी करेगी। इसके बाद चयन की जानकारी हो सकेगी।

# दो बसो की टक्कर मे एक दर्जन यात्री घायल,एक की हालत गंभीर हुआ रेफर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या लखनऊ नेशनल हाईवे नारायन डाबा के पीछे बिजली पावर हाउस के पास रविवार की देर रात ट्रक में अचानक ब्रेक लगा देने पर पीछे से लखनऊ से डुमरियागंज बस्ती जा रही। एक प्राइवेट बस ट्रक से टकरा गई। जिससे बस में सवार एक दर्जन से अधिक सवारी घायल हो गए। जिसमें एक को जिला अस्पताल भेजा गया। अन्य सभी यात्रियों को इलाज के उपरांत दूसरी बस में भेजवा दिया गया। रविवार की रात करीब 11 बजे लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर रामसनेहीघाट बिजली सब स्टेशन के पास ट्रक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से लखनऊ से डुमरियागंज बस्ती जा रही। एक प्राइवेट बस नियंत्रित हो पाई और ट्रक में पीछे से टकरा गई। बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से छटग्रस्त हो गया बस में सवार एक दर्जन यात्री अंदर ही गिरने से इधर-उधर टकराकर घायल हो गए।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी :–

रेलगाड़ी सं. 05001/05002 आजमगढ़–अयोध्या धाम जं.–आजमगढ़ इंटरसिटी विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05001 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05001 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05002 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05002 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 06:15 | आजमगढ़ | 23:15 | -- |
| 07:15 | 07:20 | मऊ जं. | 22:10 | 22:15 |
| 08:50 | 09:00 | भटनी जं. | 20:50 | 21:00 |
| 10:35 | 10:45 | गोरखपुर जं. | 19:10 | 19:20 |
| 12:45 | 12:47 | मनकापुर जं. | 17:05 | 17:07 |
| 14:00 | -- | अयोध्या धाम जं. | -- | 16:10 |

चलने के दिन : 05001 आजमगढ़ से दिनांक 30.01.2024 (मंगलवार) को एवं 05002 अयोध्या धाम जं. से दिनांक 31.01.2024 (बुधवार) को।
स्थान: सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

304/2024

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हुए रवींद्र जडेजा, केएल राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा और बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ विजाग में 02 फरवरी, से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन खेल के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, जबकि राहुल ने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत की थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनों की प्रगति पर नजर रख रही है। पुरुष चयन समिति ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को भारतीय टीम में शामिल किया है। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ, जिनके नाम 24.41 की औसत से 290 प्रथम श्रेणी विकेट हैं, पहले भी भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे हैं - उन्हें दिसंबर 2022 में बांग्लादेश दौरे के लिए चुना गया था - हालांकि उन्होंने अभी तक पदार्पण नहीं किया है। वह शानदार



फॉर्म में टीम में आए हैं, उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड लायंस पर भारत ए की पारी की जीत में दूसरी पारी में पांच विकेट लिए थे। उस मैच में सरफराज की 160 गेंदों में 161 रन की पारी भी शामिल थी, जो हाल के सीज़न में अपने शानदार प्रथम श्रेणी रिटर्न के साथ चयनकर्ताओं के दरवाजे लगातार खटखटा रहे हैं; वर्तमान में उनका औसत 69.85 है, जिसमें 45 खेलों में 14 शतक शामिल हैं। पहले टेस्ट में 28 रन की हार के बाद वापसी करने की कोशिश में भारत जडेजा, राहुल और कोहली ते बिना काफी कमजोर हो गया है।

कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से हट गए हैं भारत की चौथी पारी के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान रन आउट होने के बाद परेशानी में दिख रहे जडेजा ने हैदराबाद में 87 और 2 रन बनाने के अलावा 88 रन देकर 3 विकेट और 131 रन देकर 2 विकेट लिए। राहुल ने भारत की पहली पारी में 86 रन बनाए। हालांकि ऐसा लगता है कि अनकैप्ड रजत पाटीदार, जिन्हें कोहली के हटने के बाद टीम में शामिल किया गया था, विशाखापत्तनम में भारत के मध्य क्रम में राहुल की जगह लेंगे, भारत को जडेजा की जगह भरना मुश्किल लग सकता है। वहीं, वाशिंगटन सुंदर के प्रतिस्थापन के रूप में सारांश जैन को 1 फरवरी, से अहमदाबाद में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम मल्टी-डे गेम के लिए भारत ए टीम में नामित किया गया है। इसके अलावा आवेश खान अपनी रणजी ट्रॉफी टीम, मध्य प्रदेश के साथ यात्रा करना जारी रखेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम में शामिल होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम-: रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमरा (उपकप्तान), अवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

## बीबीएल : मार्कस स्टोइनिस ने मेलबर्न स्टार्स के साथ तीन साल का करार विस्तार किया

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई हरफनमौला खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) क्लब मेलबर्न स्टार्स के साथ तीन साल का करार विस्तार किया है। 34 वर्षीय स्टोइनिस, जो पर्थ स्कॉर्चर्स में एक सीज़न के बाद 2013-14 (बीबीएल-03) में स्टार्स में शामिल हुए थे, अब 2026-27 (बीबीएल-16) तक विक्टोरियन क्लब में बने रहने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलियाई 2021 टी20 विश्व कप विजेता स्टोइनिस स्टार्स के अब तक के महानतम खिलाड़ियों में से एक है, जो क्लब में सर्वकालिक रन स्कोरर में दूसरे और विकेट लेने वालों में छठे स्थान पर हैं।

स्टोइनिस ने स्टार्स के लिए 98 मैच खेले हैं और वह क्लब में 100-मैच के मील के पत्थर तक पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने से मात्र दो मैच पीछे हैं।

मेलबर्न स्टार्स के महाप्रबंधक ब्लेयर क्राउच ने एक आधिकारिक बयान में



कहा, ''मार्कस स्पष्ट रूप से पिछले दशक में ऑस्ट्रेलिया में सबसे अनुभवी और अच्छा प्रदर्शन करने वाले टी20 खिलाड़ियों में से एक है और उसके लिए अगले तीन सीज़न के लिए प्रतिबद्ध होना उस विश्वास का एक बड़ा प्रदर्शन है जहां हम जा रहे हैं।''

उन्होंने आगे कहा, ''वह दुनिया में सबसे अधिक मांग वाले टी20 खिलाड़ियों में से एक हैं। वह बहुत कम खिलाड़ियों में से एक है जो बल्ले से अपने दम पर मैच जीता सकते हैं। वह अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ स्टार्स में अगली पीढ़ी को विकसित करने में अगले कुछ वर्षों में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।''

स्टोइनिस ने आईपीएल सहित दुनिया भर की प्रमुख टी20 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईटीएफ जे60 इंदौर में राउंडग्लास टेनिस अकादमी के एथलीट ने लहराया परचम

इंदौर। राउंडग्लास टेनिस अकादमी के एथलीट आदित्य मोर और प्रणील शर्मा को इंदौर में हाल ही में संपन्न आईटीएफ जे60 टूर्नामेंट के युगल स्पर्धा में चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं हितेश चौहान एकल स्पर्धा में उपविजेता रहे। आदित्य और प्रनील की गैर वरीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में व्रज गोहली और रोशन संतोष की दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-यूएस जोड़ी को 7-6(5), 6-4 के स्कोर से हराकर फाइनल तक का सफर काफी आसान रहा। हालाँकि फाइनल में उन्हें कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा जहां उन्होंने रियान और संप्रित शर्मा की जोड़ी को 7-5, 4-6, 12-10 से हराकर चैंपियन बने। पहली वरीयता प्राप्त हितेश हालांकि सेमीफाइनल में यूएसए के अपने प्रतिद्वंद्वी रोशन संतोष के खिलाफ एक सेट से हार गए थे। वहीं उन्होंने जोरदार वापसी की और 3-6, 6-4,6-4 के स्कोर के साथ फाइनल में जगह पक्की की। हालांकि फाइनल में, हितेश अर्नव पापरकर से 7-6(5), 6-0 से हार गए और टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहे।

### हॉकी5एस पुरुष विश्व कप: भारत ने अपने अंतिम पूल बी मैच में जमैका को 13-0 से हराया

मस्कट, 29 जनवरी (हि.स.)। एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप ओमान 2024 के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए सोमवार को ओमान के मस्कट में जमैका पर 13-0 से शानदार जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रमण शुरू कर दिया, मनिंदर सिंह (2‘, 2‘) ने सटीक शॉट्स के माध्यम से दो त्वरित गोल किए। इसके बाद उत्तम सिंह (5‘) और मंजीत (5) ने भी एक-एक गोल किया और भारत ने मैच के पहले छह मिनट के भीतर ही 4-0 की मजबूत बढ़त बना ली। पर्याप्त बढ़त स्थापित करने के बावजूद, भारत ने लगातार हमलां करना जारी रखा और जमैका की रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा। पवन राजभर (9‘) और गुरजोत सिंह (14‘) ने इन अवसरों का फायदा उठाया और छ मिनट के अंतराल पर दो गोल कर हाफटाइम तक भारत को 6-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रामक आक्रामक रणनीति बनाए रखी। यह दृष्टिकोण प्रभावी साबित हुआ और मोहम्मद राहील (16‘, 27‘), मनदीप मोर (23‘, 27‘), मंजीत (24‘), और मनिंदर सिंह (28‘, 29‘) ने एक के बाद एक गोल कर भारत को 13-0 से जीत दिला दी। गौरतलब है कि भारतीय टीम रविवार को अपने शुरुआती दो पूल बी मैचों में मिस्र से हारी थी और स्विट्जरलैंड को हराया था। हालाँकि, जमैका के खिलाफ जीत ने भारत को एफआईएच हॉकी5प विश्व कप ओमान 2024 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश दिला दिया है, जो 30 जनवरी को खेला जाना है।

### एएफसी एशियन कप: ऑस्ट्रेलिया, ताजिकिस्तान क्वार्टरफाइनल में

दोहा। ऑस्ट्रेलिया और ताजिकिस्तान ने रविवार को यहां कतर एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने नॉकआउट चरण में इंडोनेशिया को 4-0 और ताजिकिस्तान ने यूएई को पेनल्टी शूट आउट में हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरुआत की और 12वें मिनट में जैक्सन इरविन के शॉट को डिफेंडर एल्कन बग्गोट ने गोल पोस्ट में डालकर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। हाफटाइम अंतराल से ठीक पहले मार्टिन बॉयल ने हेडर के जरिये गोल कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को दोगुना कर दिया। दूसरे हाफ में, इंडोनेशिया आक्रामक मानसिकता के साथ उतरा, लेकिन 89वें मिनट में उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं, जब ग्रेग गुडविन ने गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। इसके बाद सॉउटर ने दो मिनट बाद इंजुरी टाइम में क्लोज-रेंज हेडर के जरिये गोल कर 4-0 से अपनी टीम की जीत पक्की कर दी। एक अन्य मुकाबले में नवोदित ताजिकिस्तान ने पेनल्टी शूटआउट के बाद संयुक्त अरब अमीरात को चौंका कर इतिहास रच दिया। ताजिकिस्तान ने मैच के 30वें मिनट में बढ़त ले ली जब वाहदत हनोनोव ने ज़ोइर दज़ुराबोएव के क्रॉस को गोल में बदल दिया। यूएई के डिफेंडर अल हम्मादी ने 95वें मिनट में फ्री-किक पर गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिला दी, जिससे खेल अतिरिक्त 30 मिनट और पेनल्टी शूटआउट में चला गया। शूटआउट में ताजिकिस्तान ने 5-3 से बाजी मारते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

## पे प्राइम वॉलीबॉल लीग 3 का आयोजन 15 फरवरी से, चेन्नई करेगा मेजबानी

एजेंसी

नई दिल्ली। ए23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरा संस्करण 15 फरवरी, 2024 से शुरू होगा और इसकी मेजबानी खूबसूरत शहर चेन्नई करेगा। नौ फ्रेंचाइजी - अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफ़ान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स - इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखेंगे। फाइनल मुक़ाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा।

मौजूदा चैंपियन अहमदाबाद डिफेंडर्स 15 फरवरी को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में मेजबान चेन्नई ब्लिट्ज से भिड़ेंगे, जबकि पिछले साल की उपविजेता बेंगलुरु




टॉरपीडोज़ उसी दिन सीज़न 1 के विजेता कोलकाता थंडरबोल्ट्स से भिड़ेंगी।

ए23 द्वारा संचालित भारत की एकमात्र वॉलीबॉल लीग की मार्केटिंग अग्रणी स्पोर्ट्स मार्केटिंग फर्म-बेसलाइन वेंचर्स द्वारा किया जाता है। यह इस लीग में सह-स्वामित्व भी रखते हैं। रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का तीसरा सीज़न, सुपर 5एस की शुरुआत के साथ एक रोमांचक नया प्रारूप लाएगा, जो एक बड़े, बेहतर और बोल्ड संस्करण का वादा करता है।

रोमांचक सुपर 5 चरण 11 मार्च से 18 मार्च के बीच होगा, जिसमें लीग चरण की शीर्ष पांच टीमें अंतिम तीन टीमों का निर्धारण करने के लिए राउंड-रॉबिन प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगी। सुपर 5 में पहले स्थान पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें 19 मार्च को एलिमिनेटर में दो-दो हाथ करेंगी। एलिमिनेटर की विजेता फाइनल में जगह पक्की करने वाली दूसरी टीम होगी।

चेन्नई में आगामी सीजन की मेजबानी पर तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री श्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा, ''लीग की स्थापना के बाद से, हम हमेशा अपने शहर में रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के एक संस्करण की मेजबानी करना चाहते हैं क्योंकि इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। वॉलीबॉल एक ऐसा खेल है जो तमिलनाडु के लोगों के दिल के करीब है और यहां इस खेल के लिए बड़ी संख्या में ऐसी प्रतिभाएं हैं, जो आने वाले दिनों में अपनी चमक दिखा सकती है। मैं इस लीग में हिस्सा लेने वाली टीमों और इसमें हिस्सा लेने वाले दुनिया भर के खिलाड़ियों का हमारे खूबसूरत शहर में हार्दिक स्वागत

## लार्ड्स यूनिवर्सिटी अलवर ने माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा पर बड़ी जीत दर्ज की

झुंझुनूं। श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में चल रहे नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में लार्ड्स यूनिवर्सिटी अलवर ने माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाडा को 86 रन से रौंदते हुए बड़ी जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। विकास सिकरवार के शानदार अर्धशतक की बदौलत लार्ड्स यूनिवर्सिटी ने 8 विकेट खोकर 155 रन का लक्ष्य दिया, लेकिन विकास के पंजे की बदौलत माधव युनिवर्सिटी की टीम 69 रन पर सिमट गई।फ अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ और श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से शुरू हुई नार्थ वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. विनोद टिबड़ेवाला ने किया। इस टूर्नामेंट में राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा की 58 यूनिवर्सिटी की टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला लार्ड्स यूनिवर्सिटी अलवर और माधव यूनिवर्सिटी पिंडवाड़ा के बीच खेला गया।

## तमिल थलाइवाज ने दर्ज की लगातार चौथी जीत, यू मुंबा को 50-34 से हराकर सातवें पायदान पर लगाई छलांग

एजेंसी

पटना। तमिल थलाइवाज ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन में लगातार चौथी जीत दर्ज करके अंकतालिका में 10वें से सातवें पायदान पर छलांग लगा दी है। थलाइवाज ने रविवार रात यहां पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए सीजन के 94वें मुकाबले में यू मुंबा को 50-34 से करारी शिकस्त दे दी। तमिल थलाइवाज के लिए नरेंदर कंडोला ने 13 और अजिंक्य पवार ने 10 अंक जुटाए जबकि यू मुंबा के लिए गुमान सिंह ने 13 और आमिर मोहम्मद जफरदानेश ने आठ अंक हासिल किए।

तमिल थलाइवाज की 16 मैचों में यह लगातार चौथी और इस सीजन का सातवीं जीत है। टीम ने पीकेएल में पहली बार लगातार चार मैच जीते हैं। थलाइवाज की टीम के अब 41 अंक हो गए हैं और वो सातवें नंबर पर पहुंच गई है। वहीं, यू मुंबा को 16 मैचों में आठवीं शिकस्त झेलनी पड़ी है। मुंबा को पिछले आठ मैचों से कोई जीत नहीं मिली है। यू मुंबा ने मुकाबले की शुरुआत शानदार तरीके से की और खेल के शुरू होते ही तमिल थलाइवाज के नरेंदर कंडोला को बाहर कर दिया। लेकिन हिमांशु ने तीसरे मिनट में ही सुपर रेड लगाकर चार अंक हासिल कर लिए और थलाइवाज 5-2 से आगे हो गई। यहां से तमिल थलाइवाज ने लगातार अंक लेते हुए सातवें मिनट में यू मुंबा को ऑल आउट कर दिया और अपनी बढ़त को 13-7 की बना ली। इसके साथ ही तमिल थलाइवाज ने पहले 10 मिनट के खेल में खुद को 16-10 से आगे रखा। लाइवाज की टीम आगे भी अपनी बढ़त को मजबूत करती चली गई। इसी बीच, यू मुंबा ने 13वें मिनट में सुपर टैकल करके वापसी करनी शुरू कर दी। इस रेड के बाद आमिर मोहम्मद जफरदानेश ने अगले ही रेड में सुपर रेड लगाकर तीन अंक हासिल कर लिए। इससे थलाइवाज की लीड घटकर 15वें मिनट तक पांच प्वॉइंट पर आ चुकी थी। हालांकि उस सुपर रेड के बाद मुंबा फिर से लय खोने लगी और प्वॉइंट लीक करने लगी। 18वें मिनट तक तमिल थलाइवाज 24-17 से आगे थी और टीम ने ब्रेक पर जाने से पहले 10 प्वॉइंट की लीड के साथ इसे 27-17 तक पहुंचा दिया।

दूसरे हाफ के शुरू होने के बाद यू मुंबा फिर से ऑल आउट हो गई और थलाइवाज का स्कोर 31-18 का हो गया। ऑल आउट होने के बाद ऑल इन होकर आई मुंबा ने रेड के बाद डिफेंस में अंक लेकर वापसी करने की कोशिश की। लेकिन थलाइवाज की बढ़त को कम नहीं कर पा रही थी। 24वें मिनट में नरेंदर ने इस सीजन का अपना सातवां सुपर-10 लगा दिया और थलाइवाज की लीड को और ज्यादा मजबूत कर दिया। थलाइवाज की टीम 30वें मिनट तक 10 प्वॉइंट की लीड को लगातार कायम रखे हुई थी।

## शारजाह वॉरियर्स के कप्तान कैडमोर ने डेजर्ट वाइपर्स पर मिली रोमांचक जीत का श्रेय गेंदबाजों की दिया

एजेंसी



शारजाह। शारजाह वॉरियर्स ने अपने कप्तान टॉम कोहलर-कैडमोर की शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के नेतृत्व में रविवार को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में अपने डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 2 के मुकाबले में डेजर्ट वाइपर के खिलाफ जोरदार जीत हासिल की। कैडमोर ने केवल 34 गेंदों में 8 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 68 रन की प्रभावशाली पारी खेली, साथ-साथ डेथ ओवरों में कुछ बेहतरीन गेंदबाजी ने टीम को सात रन से जीत दिलाई। जीत के बाद कोहलर-कैडमोर ने कहा, ल्लएमआई एमिरेट्स से पिछला मुकाबला हारने के बाद हमने बातचीत की और महसूस किया कि हम अपने दायरे में और आक्रामक नहीं थे। इसलिए हम मैच को नजदीक ले गए और हमने कुछ सामरिक बदलाव किए। वॉरियर्स ने प्रभावशाली आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत 174 रनों के लक्ष्य का बचाव कर लिया और कप्तान अपनी टीम की गेंदबाजी इकाई से विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्होंने अपने गेंदबाजों की जुझारूपन की सराहना की। उन्होंने कहा, ल्लविपक्षी टीम ने दूसरे 10 ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हमने 174 रनों तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की, जो एक ऐसा स्कोर है जिसका हमारे गेंदबाज बचाव कर सकते हैं। हमारे गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने नियमित विकेट लेकर दबाव बनाया। उनके तेज आक्रमण में क्रिस वोक्स और डेनियल सैम्स ने महत्वपूर्ण विकेट लिए। लेकिन अंतिम ओवर मुहम्मद जवादुल्लाह को दिया गया। कोहलर-कैडमोर ने जीत का श्रेय यूएई के युवा तेज गेंदबाज को देते हुए कहा, ल्लजवादुल्लाह में काफी तेजी से सुधार हो रहा है।

उन्होंने पिछले दो मैचों में शानदार

## आर्थिक सर्वे इस बार नहीं आएगा, एक फरवरी को पेश होगा अंतरिम बजट: वित्त मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी, 2024 को अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। हर बार केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आर्थिक सर्वे संसद में पेश किया जाता है लेकिन इस बार सालों से चली आ रही परंपरा पर विराम लग गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने यह जानकारी दी है।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को ल्लएक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि अंतरिम बजट से पहले आर्थिक सर्वेक्षण पेश नहीं होंगे। हालांकि, मंत्रालय ने 'द इंडियन इकोनॉमीः ए रिव्यू' 2024 रिपोर्ट पेश किया है। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि सात फीसदी के करीब रहने की संभावना




जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्थिक सर्वेक्षण आम चुनाव के बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट में पेश किया जाएगा।

वित्त मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 'यह आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से तैयार किया गया भारत का इकोनॉमिक सर्वे नहीं है। आर्थिक सर्वेक्षण आम चुनाव के बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट से पहले आएगा। मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय वित्त मंत्री लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम केंद्रीय बजट पेश करेंगी। चुनाव के बाद नई सरकार वित्त वर्ष 2024-25 को अपना पूर्ण बजट पेश करेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन पूर्ण केंद्रीय बजटों की तरह इस बार भी अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 कागज रहित होगा। अंतरिम बजट दस्तावेज़ एक फरवरी को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट भाषण पूरा होने के बाद मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगा। लोकसभा

## शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 1309 अंक तक उछला, निवेशकों को 6.06 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

नई दिल्ली। हेवीवेट स्टॉक्स और बैंकिंग शेयरों में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार सोमवार को शानदार मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि, बीच-बीच में मुनाफावसूली के चक्कर में हुई बिकवाली के कारण शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों को मामूली झटका भी लगता रहा। इसके बावजूद लगातार हो रही चौतरफा खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार लगातार ऊपर चढ़ता गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.76 प्रतिशत और निफ्टी 1.80 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह मेटल, ऑटोमोबाइल और रियल्टी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर



एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.68 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में हुई जबरदस्त खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 377.18 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 371.12 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.60 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,061 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,262 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,659 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 473 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,186 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,281 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 905 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 267.43 अंक की तेजी के साथ 70,968.10 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत से ही खरीदारों ने बाजार में अपना भी जोर बना दिया, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार ऊपर चढ़ता गया। हालांकि दोपहर 12 के करीब बिकवालों ने एक बार दबाव बनाने की कोशिश भी की, लेकिन खरीदार थोड़ी देर बाद दोबारा बाजार पर हावी हो गए। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 1,309.55 अंक की छलांग लगाकर 72,010.22 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,240.90 अंक की मजबूती के साथ 71,941.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# केंद्र सरकार नफरत की राजनीति करती है : राहुल गांधी

एजेंसी

किशनगंज। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर नफरत की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र सरकार नफरत की राजनीति करती है जबकि उनकी पार्टी मुहब्बत, इज्जत एवं भाईचारे की बात करती है।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत किशनगंज पहुंचे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने खगड़ा स्टेडियम में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार नफरत और हिंसा की राजनीति करती है । देश को बांटने की बात करती है। उन्होंने कहा, ल्ल हम मोहब्बत इज्जत भाईचारे की बात करते है। केंद्र सरकार नफरत की राजनीति करती है। श्री गांधी ने देश के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरीय अधिकारियों पर लगाए जात-पात के आधार पर निर्णय लेने के आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में बैठे 90 आईएएस अफ़सर जो देश के लिए नीतियों और बजट का निर्धारण करते है। वो पिछड़ी जातियों के



लिए भेदभाव करते हुए उन्हें 100 रुपये में सिर्फ़ 5 प्रतिशत हिस्सा देते है। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आजतक मणिपुर नहीं गए हैं। जहां लोगों की हिंसा में लगातार जान जा रही है। उन्होंने देश में जाति जनगणना कराने की मांग की। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार जिस सोच से इंडिया का नींव रखा था । उसी के सामने ही आत्मसर्पण कर बैठे। आने वाले समय मे जनता उन्हें जवाब देगी। श्री गांधी ने कहा, ''नफरत को नफरत से समाप्त नहीं किया जा सकता, इसलिए इसे खत्म करने के लिए मैं प्यार का संदेश फैला रहा हूं। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में 'न्याय' शब्द जोड़कर इसका नाम बदलकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर दिया है। देश के आम आदमी के लिए न्याय की जरूरत है और वह इसके लिए प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने मणिपुर की हिंसा पर चुप्पी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा और अफसोस जताते हुए कहा कि मणिपुर में इतनी हिंसा और बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने के बाद भी प्रधानमंत्री ने सांत्वना का एक शब्द तक नहीं कहा।

### अगर मोदी 2024 का लोकसभा चुनाव जीत गए, तो फिर भारत में कोई चुनाव नहीं होगाः खरगे

भुवनेश्वर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे 'जहर के समान' हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा, 'यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेंद्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। उन्होंने यह भी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भारतीय जनता पार्टी के साथ जाने का आगामी चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''महागठबंधन से एक व्यक्ति के जाने से हम कमजोर नहीं होंगे। हम भाजपा को हरा देंगे।

# कड़े विरोध के बाद यूजीसी ने बहाल की पुरानी व्यवस्था : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार को दलित और आदिवासी विरोधी करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह विश्वविद्यालयों में आरक्षण समाप्त करना चाहती है इसलिए सरकार ने प्रोफ़ेसरों के आरक्षित पदों को अनारक्षित किया और कांग्रेस के जबरदस्त विरोध के बाद उसने कहा कि पहले की व्यवस्था ही लागू रहेगी।

कांग्रेस के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक एवं कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष डॉ उदित राज तथा कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोठिया ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-यूजीसी की एक गाइडलाइन आई जिसमें कहा गया कि विश्वविद्यालयों में प्रोफ़ेसर के पदों पर अनुसूचितजाति- जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं इसलिए इन पदों को अनारक्षित किया जाना चाहिए। सरकार के इस फरमान पर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध किया तो यूजीसी ने कहा कि हम ऐसा नहीं करने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज अगर प्रोफ़ेसर के पद खाली हैं तो उसका ये मतलब नहीं कि अनुसूचित जाति-जनजाति, ओबीसीके कैंडिडेट मौजूद नहीं हैं। कैंडिडेट मौजूद हैं लेकिन उन्हें रिजेक्ट कर दिया जाता है, ताकि पदों को डिरिजर्व कर उन्हें जनरल कैटेगरी से भरा जाए। डॉ. उदित राज ने कहा, यूजीसी ने उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए रिक्तियों को डी-आरक्षित करने और पर्याप्त आरक्षित उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें सामान्य वर्ग के लिए खोलने के दिशानिर्देश जारी किए हैं। जनता की राय देने की अंतिम तिथि 28 जनवरी को समाप्त हो रही है। कांग्रेस ने इस जनविरोधी कदम का कड़ा विरोध किया तो यूजीसी को बयान जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा कि ऐसा कोई कदम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कहने का कोई औचित्य नहीं है कि योग्य उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे सैकड़ों और हजारों मामले हैं।

## भारत-सऊदी अरब संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**नयी दिल्ली।** भारत और सऊदी अरब के सैनिकों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' सोमवार को राजस्थान की महाजन रेंज में शुरू हो गया। सैन्य अभ्यास आज से शुरू होकर 10 फरवरी तक चलेगा। सऊदी अरब के 45 सदस्यों के सैन्य दल का नेतृत्व रॉयल सऊदी लैंड फोर्स कर रही है। भारतीय सेना की टुकड़ी में भी 45 सैन्यकर्मी शामिल हैं जिनका प्रतिनिधित्व ब्रिगेड ऑफ द गार्ड्स (मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री) की एक बटालियन कर रही है। इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अर्ध-रेगिस्तानी इलाके में संयुक्त अभियानों के लिए दोनों देशों के सैनिकों को प्रशिक्षित करना है। यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं को पारंपरिक क्षेत्र में संचालन की रणनीति, तकनीक एवं प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इससे दोनों देशों के सैनिकों के बीच परस्पर और आपसी तालमेल तथा सौहार्द विकसित करने में सहायता मिलेगी। अभ्यास के दौरान सचल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, घेरा डालना और खोज अभियान, हाउस इंटरवेंशन ड्रिल, रिफ्लेक्स शूटिंग, स्लिथरिंग और स्नाइपर फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा।

# ईडी को जो भी जानकारी चाहिये, दी जायेगी : सुप्रियो भट्टाचार्य

एजेंसी

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि 31 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची में होंगे और जिन जरूरी जानकारियों की आस में ईडी है, उसे उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। श्री भट्टाचार्य ने आज यहां हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 20 जनवरी को ईडी के सहायक आयुक्त के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम कुछ जानकारियों के लिए मुख्यमंत्री आवास आयी थी। 17-18 सवाल मुख्यमंत्री से किए थे। तथाकथित विसंगतियों की ओर इशारा करते वे जानकारी मांग रहे थे। हालांकि पूर्व में जो समन उन्हें जारी किया था, उसमें पीएमएलए की धारा 50 के तहत यह नहीं आता। बड़गाईं जमीन के बारे में पूछा। इसका पता पूर्व में लगाया था तो यह बात सामने आयी थी कि यह तो भुईंहरी प्रवृत्ति की जमीन है, जिसकी खरीद बिक्री संभव नहीं। इस पूछताछ के बाद भी मुख्यमंत्री को 31 जनवरी तक कुछ बिंदुओं पर जानकारी के लिए ईडी की ओर से कहा गया। इसमें दिक्कत नहीं है। जो भी जानकारी चाहिये, दी जायेगी। श्री भट्टाचार्य के मुताबिक अभी मुख्यमंत्री निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे वापस लौटेंगे जरूर। पिछली बार की तरह इस बार भी मुख्यमंत्री ने 31 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास में ईडी को एक बजे आने और जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है। श्री भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव आयोग के पास लोक प्रतिनिधियों से संबंधित सारी जानकारियां रहती हैं। पर ईडी उसे आधार नहीं बना रही। उन्होंने कहा कि सोहराय भवन, रांची के अलावा 2018-2022 की अवधि में हुए ट्रांजेक्शन का रिकॉर्ड भी मांगा गया था। यह भवन मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के नाम पर है। जब कहीं से कोई चीज नहीं बनी तो राजनीतिक इशारे पर मुख्यमंत्री को परेशान करने का खेल चल रहा। सब जानते हैं कि मुख्यमंत्री का प्रोग्राम कुछ जरूरी असाइनमेंट को छोड़ 1-3 माह तक का पूर्व से तय रहता है।

# बिहार को राजस्व अधिशेष वाला राज्य बनाना राजग सरकार की प्राथमिकता : भाजपा

एजेंसी

पटना। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज स्पष्ट कर दिया कि बिहार को राजस्व अधिशेष वाला राज्य बनाना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की उपस्थिति में सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डबल इंजन सरकार बिहार को बेहतर बनाने के लिए राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार अधिक से अधिक राजस्व सृजन करने के लिए सख्ती से कार्रवाई शुरू कर रही है, जिससे इस राज्य और इसके समाज की समग्र प्रगति में मदद मिलेगी। श्री चौधरी ने कहा कि राजग के पक्ष में वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का सम्मान करते हुए भाजपा और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) फिर से एक साथ आए हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजग फिर से केंद्र और बिहार में प्रचंड बहुमत के साथ वापसी करेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा और जदयू के साथ-साथ हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और एक निर्दलीय विधायक ने भी राजग को समर्थन दिया है। अब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की राजग सरकार बिहार के विकास और उसकी प्रगति के लिए काम करेगी। उन्होंने वर्ष 2020 के चुनावी मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि राजग ने 10 लाख रोजगार देने के अपने वादे को पूरा किया है । उन्होंने एक लाख 75 हजार सरकारी नौकरियां सृजित करने का दावा किया और आगे भी प्रक्रिया जारी रखने का आश्वासन दिया। श्री चौधरी ने कहा कि जदयू के प्रस्ताव की गंभीरता से समीक्षा करने के बाद बिहार में लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा ने उसे अपना समर्थन दिया। जदयू को विघटित करने के लिए साजिश रची गई थी और भाजपा ने उसे समर्थन देने का निर्णय सही समय पर लिया। उन्होंने भाजपा और जदयू गठबंधन को स्वाभाविक गठबंधन बताया और कहा कि दोनों सुशासन की स्थापना और लोगों को जंगलराज से मुक्ति दिलाने के लिए एक साथ आए हैं। उन्होंने श्री नीतीश कुमार के साथ उनके कड़वे संबंधों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह नीतीश मंत्रिमंडल में मंत्री थे और श्री कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए उनके साथ हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के मनोबल, भावना और सम्मान को पुनर्जीवित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी ताकि एनडीए 2024 और 2025 का चुनाव आराम से जीत सके। उन्होंने मंत्री के रूप में अपनी प्राथमिकताओं के बारे में कहा कि पिछली सरकार में श्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सभी कार्यों की समीक्षा और उनकी घोटाले करने की प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए ही आगे के कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके बाद उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि रोजगार के अवसर प्रदान करने के अलावा प्रदेश की डबल इंजन सरकार समग्र प्रगति के लिए राजस्व बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर पूरा भरोसा है और राजद द्वारा पिछले शासनकाल में फैलाई गई पूर्ण अराजकता से बिहार को बचाने के लिए वह उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद की मंशा केवल भ्रष्टाचार, अपराध और उन्माद को बढ़ावा देने और ''जंगलराज को गुंडाराज'' में बदलने की कोशिश कर रही है।

## पेज एक का शेष

### बच्चों की उपलब्धि...

से जुड़ने के बजाय उनके लिए अधिक सुलभ बनें। प्रधानमंत्री ने उन डॉक्टरों का उदाहरण देते हुए कहा जिनका अपने मरीजों के साथ व्यक्तिगत संबंध होता है, ऐसा बंधन आधे इलाज के समान होता है। उन्होंने परिवारों के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव विकसित करने और उनसे पहले की उपलब्धियों के लिए छात्रों की सराहना करने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ल्लशिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं। परीक्षा के तनाव से निपटने के बारे में प्रणवंदा विद्या मंदिर, पश्चिम त्रिपुरा की अद्रिता चक्रवर्ती, जवाहर नवोदय विद्यालय, बस्तर, छत्तीसगढ़ के छात्र शेख तैफुर रहमान और आदर्श विद्यालय, कटक, ओडिशा की छात्रा राज्यलक्ष्मी आचार्य ने प्रधानमंत्री से सवाल पूछे। प्रधानमंत्री ने अभिभावकों के अति उत्साह या छात्रों की अति ईमानदारी के कारण होने वाली गलतियों से बचने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे परीक्षा के दिन को नए कपड़ों, रीति-रिवाजों या स्टेशनरी के नाम पर बढ़ा-चढ़ाकर पेश न करें। उन्होंने छात्रों से अंतिम क्षण तक तैयारी न करने और शांत मानसिकता के साथ परीक्षा देने और किसी भी बाहरी विनाश से बचने के लिए कहा जो अवांछित तनाव का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री ने उन्हें अंतिम समय में घबराहट से बचने के लिए प्रश्न पत्र पढ़ने और समय आवंटन के साथ योजना बनाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने छात्रों को याद दिलाया कि अधिकांश परीक्षाएं अभी भी लिखित होती हैं और कंप्यूटर और फोन के कारण लिखने की आदत कम हो रही है। उन्होंने उनसे लिखने की आदत बनाए रखने को कहा। उन्होंने उनसे अपने पढ़ने/पढ़ने के समय का 50 प्रतिशत लिखने में समर्पित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जब आप कुछ लिखते हैं तभी आप उसे सही मायने में समझते हैं। उन्होंने उनसे अन्य छात्रों की गति से न घबराने को कहा। परीक्षा की तैयारी और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने के बीच संतुलन को लेकर राजस्थान के छात्र धीरज सुभाष, लद्दाख में कारगिल के केंद्रीय विद्यालय की छात्रा नजमा खातून और अभिषेक कुमार तिवारी तथा अरुणाचल प्रदेश में सरकारी उच्चतर माध्यमिक के एक शिक्षक टोबी लहमे ने प्रधानमंत्री से व्यायाम के साथ-साथ पढ़ाई के प्रबंधन के बारे में पूछा। प्रधानमंत्री ने शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल की आवश्यकता को दर्शाने के लिए मोबाइल फोन रिचार्ज करने की आवश्यकता का उल्लेख किया। उन्होंने संतुलित जीवनशैली बनाए रखने और हर चीज की अति से बचने को कहा। श्री मोदी ने कहा, ल्लस्वस्थ शरीर स्वस्थ दिमाग के लिए महत्वपूर्ण है।ङ्क उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए कुछ दिनचर्या की आवश्यकता होती है और धूप में समय बिताने तथा नियमित और पूरी नींद लेने के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि स्क्रीन टाइम जैसी आदतें आवश्यक नींद को ख़त्म कर रही हैं जिसे आधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान बहुत महत्वपूर्ण मानता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने निजी जीवन में भी बिस्तर पर जाने के 30 सेकंड के भीतर गहरी नींद में जाने की व्यवस्था बना रखी है। उन्होंने कहा, ल्लजागते समय पूरी तरह जागना और सोते समय गहरी नींद, एक संतुलन है जिसे हासिल किया जा सकता है।ङ्क पोषण के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने संतुलित आहार पर जोर दिया। उन्होंने फिटनेस के लिए नियमित व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर भी जोर दिया। कैरिअर की प्रगति के बारे में पश्चिम बंगाल में बैरकपुर के केंद्रीय विद्यालय की मधुमिता मलिक और हरियाणा के पानीपत में द मिलेनियम स्कूल की अदिति तंवर द्वारा उठाए गए सवालों पर जानकारी देते हुए, प्रधानमंत्री ने करियर पथ के बारे में स्पष्टता प्राप्त करने और भ्रम और अनिर्णय से बचने का सुझाव दिया। स्वच्छता के बारे में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रेखांकित किया कि 'स्वच्छता' देश में प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कला और संस्कृति क्षेत्र में भारत का बाजार पिछले 10 वर्षों में 250 गुना बढ़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से खुद को कम न आंकने का आग्रह करते हुए कहा, ल्लअगर हमारे पास क्षमता है, तो हम कुछ भी कर सकते हैं।ङ्क उन्होंने पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ने का भी सुझाव दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने एक धारा से बंधे रहने के बजाय विभिन्न पाठ्यक्रमों को अपनाने के प्रावधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी में छात्रों की भागीदारी, कौशल और समर्पण की सराहना की और रेखांकित किया कि सरकारी योजनाओं को संप्रेषित करने के लिए उनके द्वारा किया गया कार्य केन्द्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय की तुलना में काफी बेहतर है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक रेस्तरां में खाना ऑर्डर करने का उदाहरण देते हुए कहा, ल्लभ्रम को खत्म करने के लिए हमें निर्णायक होना चाहिए जहां किसी को यह तय करना होता है कि क्या खाना है। उन्होंने लिए जाने वाले निर्णयों की सकारात्मकता और नकारात्मकता का मूल्यांकन करने का भी सुझाव दिया। माता-पिता की भूमिका के बारे में सवालों पर प्रधानमंत्री ने परिवारों में विश्वास की कमी को छुआ और माता-पिता और शिक्षकों से इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह कमी अचानक नहीं है बल्कि एक लंबी प्रक्रिया का परिणाम है और इसके लिए सभी के आचरण के गहन आत्म-विश्लेषण की आवश्यकता है, चाहे वह शिक्षक हों, माता-पिता हों या छात्र हों। उन्होंने कहा कि ईमानदार संवाद, विश्वास की कमी की संभावना को कम कर सकता है। विद्यार्थियों को अपने व्यवहार में ईमानदार एवं ईमानदार रहना चाहिए। इसी तरह माता-पिता को भी अपने बच्चों पर संदेह की बजाय विश्वास जताना चाहिए। विश्वास की कमी से बनी दूरी बच्चों को अवसाद में धकेल सकती है। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों से छात्रों के साथ संवाद के रास्ते खुले रखने और पक्षपात से बचने को कहा। उन्होंने एक प्रयोग के लिए कहा और दोस्तों के परिवारों से नियमित रूप से मिलने और सकारात्मक चीजों पर चर्चा करने का अनुरोध किया जिससे बच्चों को मदद मिल सके। महाराष्ट्र में पुणे के एक अभिभावक चंद्रेश जैन ने छात्रों के जीवन में प्रौद्योगिकी की घुसपैठ का मुद्दा उठाया और झारखंड के रामगढ़ की एक अभिभावक कुमारी पूजा श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों की प्रचुरता के साथ पढ़ाई के प्रबंधन के बारे में पूछा। टीआर डीएवी स्कूल, कंगू, हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के छात्र अभिनव राणा ने छात्रों को परीक्षा के तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए शिक्षित करने और प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सीखने के एक उपकरण के रूप में मोबाइल प्रौद्योगिकी के लाभों का उपयोग करने का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लकिसी भी चीज़ की अति बुरी होती है।ङ्क उन्होंने घर के बने भोजन के साथ अत्यधिक मोबाइल फोन के उपयोग की तुलना करते हुए कहा कि खाना अधिक मात्रा में लेने पर पेट की समस्याएं और अन्य समस्याएं हो सकती हैं, भले ही यह पोषक तत्वों से भरपूर हो। उन्होंने निर्णय-आधारित निर्णय लेने की सहायता से प्रौद्योगिकी और मोबाइल फोन के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने गोपनीयता और गोपनीयता के विषय की ओर इशारा करते हुए कहा, ल्लप्रत्येक माता-पिता को इस मुद्दे का सामना करना पड़ता है।ङ्क उन्होंने परिवार में नियमों और विनियमों का एक सेट बनाने पर जोर दिया और रात के खाने के दौरान कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट न रखने और घर में नो गैजेट जोन बनाने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ल्लआज की दुनिया में कोई भी प्रौद्योगिकी से भाग नहीं सकता।ङ्क उन्होंने कहा कि इसे बोझ नहीं समझना चाहिए बल्कि इसका प्रभावी उपयोग सीखना अनिवार्य है। प्रधान मंत्री ने छात्रों को अपने माता-पिता को प्रौद्योगिकी को एक शैक्षिक संसाधन होने के बारे में शिक्षित करने का सुझाव दिया और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए अपने घरों में प्रत्येक मोबाइल फोन के पासकोड को प्रत्येक सदस्य के साथ साझा करने की भी सिफारिश की। उन्होंने कहा, ल्लइससे बहुत सारी बुराइयों को रोका जा सकेगा।ङ्क श्री मोदी ने समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन और टूल के उपयोग के साथ स्क्रीन टाइम की निगरानी पर भी बात की। उन्होंने कक्षा में छात्रों को मोबाइल फोन की संसाधनशीलता के बारे में शिक्षित करने का भी सुझाव दिया। प्रधानमंत्री तनाव से कैसे निपटते हैं और सकारात्मक रहते हैं, यह सवाल तमिलनाडु में चेन्नई के मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र एम वागेश ने प्रधानमंत्री से पूछा। उत्तराखंड में ऊधमसिंह नगर के डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रधानमंत्री से पूछा 'हम आपकी तरह सकारात्मक कैसे हो सकते हैं?' उन्होंने कहा कि यह जानकर अच्छा लगा कि बच्चे प्रधानमंत्री के पद के दबावों को जानते हैं। उन्होंने कहा कि हर किसी को अप्रत्याशित परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कह कि कोई भी उनसे बचकर प्रतिक्रिया कर सकता है, ऐसे लोग जीवन में बहुत कुछ हासिल नहीं कर पाते हैं। ल्लमेरा दृष्टिकोण जो मुझे उपयोगी लगा वह यह है कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं। मैं चुनौती के पारित होने का निष्क्रिय रूप से इंतजार नहीं करता। इससे मुझे हर समय सीखने का मौका मिलता है। नई परिस्थितियों से निपटना मुझे समृद्ध बनाता है।ङ्क उन्होंने यह भी कहा, 'मेरा सबसे बड़ा विश्वास ये है कि मेरे साथ 140 करोड़ देशवासी हैं। यदि 10 करोड़ चुनौतियाँ हैं, तो अरबों समाधान भी हैं। मैं खुद को कभी अकेला नहीं पाता हूं और सब कुछ मुझ पर है, मैं हमेशा अपने देश और देशवासियों की क्षमताओं से अवगत रहता हूं। यह मेरी सोच का मूल आधार है।ङ्क उन्होंने कहा कि हालांकि उन्हें सबसे आगे रहना होगा और गलतियां भी उनकी होंगी लेकिन देश की क्षमताएं ताकत देती हैं। उन्होंने कहा, ल्लजितना मैं अपने देशवासियों की क्षमताएं बढ़ाता हूं, चुनौतियों को चुनौती देने की मेरी क्षमता बढ़ती है।ङ्क प्रधानमंत्री ने गरीबी के मुद्दे का उदाहरण देते हुए कहा कि जब गरीब खुद गरीबी हटाने की ठान लेंगे तो कविता चली जाएगी। उन्होंने कहा, ल्लउन्हें पक्का घर, शौचालय, शिक्षा, आयुष्मान, पाइप से पानी जैसे सपने देखने के साधन देना मेरी ज़िम्मेदारी है। एक बार जब वह दैनिक अपमान से मुक्त हो जाएंगे, तो वह गरीबी उन्मूलन के प्रति आश्वस्त हो जाएंगे।ङ्क। उन्होंने कहा कि उनके 10 साल के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये। प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यक्ति को चीजों को प्राथमिकता देने का ज्ञान होना चाहिए। यह अनुभव और हर चीज़ का विश्लेषण करने के साथ आता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपनी गलतियों को सबक मानते हैं। उन्होंने कोविड महामारी का उदाहरण दिया और कहा कि बेकार बैठने के बजाय उन्होंने लोगों को एकजुट करने और दीया या 'थाली' मांगने जैसे कृत्यों के माध्यम से उनकी सामूहिक ताकत बढ़ाने का विकल्प चुना। इसी तरह, खेल की सफलता और सही रणनीति, दिशा और नेतृत्व का जश्न मनाने के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में बड़े पैमाने पर पदक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि उचित शासन के लिए भी नीचे से ऊपर तक उत्तम सूचना की व्यवस्था और ऊपर से नीचे तक उत्तम मार्गदर्शन की व्यवस्था होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने जीवन में निराश न होने पर जोर दिया और कहा कि एक बार यह निर्णय लेने के बाद केवल सकारात्मकता ही बचती है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने अपने जीवन में निराशा के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद कर दी हैं।' उन्होंने कहा कि जब कुछ करने का संकल्प मजबूत हो तो निर्णय लेना आसान हो जाता है। उन्होंने कहा, ल्लजब कोई स्वार्थी मकसद नहीं होता तो निर्णय में कभी भ्रम नहीं होता।ङ्क प्रधानमंत्री ने वर्तमान पीढ़ी के जीवन को आसान बनाने पर जोर देते हुए विश्वास जताया कि आज की पीढ़ी को अपने माता-पिता द्वारा झेली जाने वाली कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रधान मंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि सरकार एक ऐसा राष्ट्र बनाने का प्रयास कर रही है जहां न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों को चमकने और अपनी क्षमता दिखाने का मौका मिले। यह पूरे राष्ट्र का सामूहिक संकल्प होना चाहिए। सकारात्मक सोच की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सबसे नकारात्मक परिस्थितियों में भी सकारात्मक परिणाम देखने की ताकत देती है। प्रधानमंत्री ने सभी छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए अपनी बातचीत समाप्त की और उन्हें अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी उपस्थित थे।

### आगामी विस सत्र...

आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर यूसीसी को प्रदेश में लागू करेंगे। पांच फरवरी से प्रदेश में विधानसभा का सत्र आहूत किया गया है। फरवरी 2022 में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेश में यूसीसी लागू करने का वादा किया था। मार्च में राज्य मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही इसके लिए समिति गठित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई और 27 मार्च 2022 को इसका गठन किया गया। उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की उप समितियों ने यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विभिन्न धर्मों, समुदायों, वर्गों, हितधारकों तथा राजनीतिक दलों से व्यापक विचार विमर्श किया तथा उनके सुझाव लिए।

### राबड़ी देवी की गौशाला के...

से नामजद किया गया था। दिल्ली की अदालत ने पिछले हफ्ते आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया और आरोपियों को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके खिलाफ मुकदमा शुरू करने के लिए 9 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए नोटिस जारी किया। कात्याल को ईडी ने पिछले साल नवंबर में 'धनशोधन में लालू प्रसाद और उनके परिवार की जानबूझकर सहायता करने' के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद है। सोमवार को ईडी ने मामले की जांच के तहत अपने पटना कार्यालय में 75 वर्षीय लालू प्रसाद से पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया। उनके बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को पटना बुलाया गया है। जांच इस आरोप से संबंधित है कि लालू प्रसाद ने केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)-1 सरकार में रेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में 2004-2009 के दौरान भारतीय रेलवे में ग्रुप-डी के पदों पर नियुक्ति के लिए भ्रष्टाचार किया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और आरोप-पत्र के अनुसार, अभ्यर्थियों को रेलवे में नौकरी के बदले में 'रिश्वत के रूप में भूमि हस्तांतरित करने' के लिए कहा गया था। धनशोधन का मामला सीबीआई की शिकायत पर आधारित है। ईडी ने कहा, ''लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों ऽ राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव ऽ जिन्हें अभियोजन की शिकायत में आरोपी बनाया गया था, उन्हें अभ्यर्थियों (जिनका चयन रेलवे में ग्रुप-डी के सब्स्टीट्यूट के रूप में किया गया था) के परिवारों से नाममात्र राशि के बदले भूखंड प्राप्त हुए थे। इसमें कहा गया है, ''आरोप-पत्र में नामजद एक अन्य आरोपी हृदयानंद चौधरी, राबड़ी देवी की 'गौशाला' का पूर्व कर्मचारी है, जिसने एक अभ्यर्थी से संपत्ति हासिल की थी और बाद में उसे हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया था। ईडी ने कहा कि कंपनियां ए के इन्फोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड 'मुखौटा' कंपनियां थीं, जिन्हें लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों के लिए अपराध की आय प्राप्त हुई थी। ईडी ने साथ ही यह भी कहा कि उक्त कंपनियों में व्यक्तियों द्वारा अचल संपत्तियां अर्जित की गई थीं। बाद में, ईडी ने दावा किया, नाममात्र राशि के बदले शेयर लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित कर दिए गए। लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्यों के लिए कात्याल इन कंपनियों का 'प्रबंधन' करता था।

### मस्जिद के सर्वे...

तर्क दिया था कि शाही ईदगाह मस्जिद के एक हिंदू मंदिर होने के स्पष्ट संकेत हैं, जिसमें कमल के आकार का स्तंभ और भगवान कृष्ण से जुड़े हिंदू देवता शेषनाग की एक छवि शामिल है। मुस्लिम पक्ष इन सबूतों को नष्ट कर रहा है। इसलिए एडवोकेट कमीशन गठित तक विवादित स्थल का सर्वे कराया जाए।

# प्रधानमंत्री परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से विद्यार्थियों का बढ़ाते हैं हौसला : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा से पूर्व बच्चों को जिस प्रकार उनके माता-पिता और परिजनों की ओर से मानसिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से देश के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हैं।

जी.जी.आई.सी कौलागढ़ में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा 2024' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से लिखित पुस्तक ' एग्जाम वॉरियर्स' भी प्रदान की।




'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जनपद की कक्षा 07 की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि हम आपकी तरह सकारात्मक कैसे हो सकते हैं? प्रधानमंत्री ने स्नेहा की जिज्ञासा का समाधान करते हुए कहा कि उनकी प्रकृति है कि वे हर चुनौती को चुनौती देते हैं। उसके कारण उन्हें नया सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि उनके भीतर आत्मविश्वास है कि देश के 140 करोड़ देशवासी उनके साथ हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी, सारगर्भित और व्यावहारिकता से परिपूर्ण उद्बोधन सुनने का अवसर मिला। हमारा सम्पूर्ण जीवन एक परीक्षा है और इस परीक्षा में हार और जीत उतनी महत्वपूर्ण नहीं है, जितना कि हमारी सकारात्मक सोच, क्योंकि एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति जीवन की किसी भी परीक्षा में असफल नहीं हो सकता। 'मन की बात' हो या 'परीक्षा पे चर्चा' इन दोनों कार्यक्रमों के माध्यम से

### कक्षा 07 की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रधानमंत्री से पूछा प्रश्न

प्रधानमंत्री ने लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक स्तर पर मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। उन्होंने परीक्षा में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से अपील की कि परीक्षा के समय बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि अपने जीवन में कार्य करने के लिए जो भी क्षेत्र चुनें, उसमें लीडर की भूमिका में कार्य करें। जीवन में जो भी लक्ष्य निर्धारित करना है, उसको प्राप्त करने के लिए पूरी तन्मयता से जुट जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बच्चे की प्रतिभा का आंकलन किसी भी एक परीक्षा में सफल या असफल होने पर नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रतिभा तथा बौद्धिक क्षमता किसी भी परीक्षा से ऊपर है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि महान लोगों की जीवनी जरूर पढ़ें। इससे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। समाज में बड़े कार्य करने वाले अधिकांश लोग सामान्य परिस्थितियों से आगे बढ़े हैं। जब मेहनत के साथ सकारात्मक सोच का मिश्रण हो जाता है तो व्यक्ति को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक सविता कपूर, उत्तराखंड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं राज्य के विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राएं, अभिभावक और शिक्षकगण जुड़े थे।

## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत 15 फरवरी को गौचर में आयोजित होगा नंदा गौरा महोत्सव

गोपेश्वर। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीएम और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण। महिला सशक्तिकरण को लेकर चमोली जिला प्रशासन की ओर से गौचर में 15 फरवरी को नंदा गौरा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शिरकत करेंगे। गौचर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना और पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने संयुक्त रूप से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने समय से सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौचर हवाई पट्टी से लेकर मेला मैदान तक सुरक्षा व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं सीटिंग अरेंजमेंट, स्टॉल, यातायात, वाहन पार्किंग, पेयजल, शौचालय, सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, एसडीएम संतोष कुमार पांडेय, परियोजना निदेशक आनंद सिंह, सहायक परियोजना निदेशक केके पंत, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला, अधिशासी अभियंता अला दिया, जिला पर्यटन विकास अधिकारी वृजेन्द्र पांडेय, अधिशासी अभियंता जल संस्थान मुकेश कुमार, नगर पालिका गौचर के अधिशासी अधिकारी ज्योति प्रसाद उनियाल, एआरटीओ ज्योति शंकर मिश्र आदि मौजूद थे। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन चमोली में नंदा-गौरा महोत्सव मनाने जा रहा है। मां नंदा देवी की चमोली जिले के साथ ही गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में अधिष्ठात्री देवी के रूप में पूजा की जाती है और ध्यांण (विवाहित बेटी) की भांति स्नेह किया जाता है। जबकि गौरा पर्वतीय क्षेत्र की मातृशक्ति की चिपको आंदोलन में अगुवा रही है, जिसके चलते गौरा देवी को संघर्षशील पर्वतीय नारी के प्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन की ओर से गौचर में नंदा-गौरा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जनपद चमोली के सभी विकासखंडों से हजारों की संख्या में महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।

# संक्षिप्त समाचार

## अश्लील हरकत करते एक महिला समेत चार आरोपित गिरफ्तार

हरिद्वार। सार्वजनिक स्थल पर अश्लील हरकतें करते हुए सिडकुल पुलिस ने एक महिला समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। सिडकल थाना पुलिस चैकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान राजा बिस्कुट के समीप गणेश धर्म कांटे के पास रोड पर एक सफ़ेद रंग की इनोवा कार में बैठकर आरोपित अश्लील हरकतें कर रहे थे। पुलिस ने चारों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम पते महिला निवासी गोपालपुर जनपद गोरखपुर उत्तर प्रदेश, संदीप पुत्र राजेंद्र निवासी तारानगर ककरोला बदरपुर दक्षिण पूर्व दिल्ली, नितिन सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी पथरी बाग थाना पथरी जनपद हरिद्वार व विजय कुमार पुत्र श्याम सिंह निवासी पथरी रेलवे स्टेशन थाना पथरी जनपद हरिद्वार बताए।

## नगर निगम का बुलडोजर मलिक के बगीचे में गरजा

हल्द्वानी। नगर में मलिक के बगीचे में अतिक्रमण पर नगर निगम ने जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण को तोड़ा और एक एकड़ से अधिक जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह एवं थाना बनभूलपुरा प्रभारी नीरज भाकुनी ने संयुक्त रूप यह कार्रवाई की। अतिक्रमण मुक्त इस जमीन पर नगर निगम ने अपना कब्जा ले लिया है। जमीन के बगल में एक मदरसा और मस्जिद भी बनी हुई है, जिसके पेपर चेक किए जा रहे हैं। यदि दस्तावेज गलत पाएंगे तो मदरसे और मस्जिद पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया मलिक का बगीचा जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था, जिसे आज तोड़ा गया है और नगर निगम ने इस पर कब्जा ले लिया है। जिसको नगर निगम अपने कामकाज में लाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने कहा शासन से सख्त निर्देश हैं जो भी अतिक्रमण शहर में हो रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ऐसे में आज यह कार्रवाई की गई है।

## ऋषिकेश के 32 राम भक्तों को अयोध्या दर्शन के लिए संघ के कार्यकर्ताओं ने किया रवाना

ऋषिकेश। अयोध्या में विगत 22 जनवरी को स्थापित भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत उत्तराखंड के 1500 राम भक्तों की श्रृंखला में ऋषिकेश से 32 लोगों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर और तिलक कर हरिद्वार स्टेशन के लिए रवाना किया गया। सोमवार की सुबह आदर्श ग्राम स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में अयोध्या जाने वाले सभी राम भक्त एकत्रित हुए जहां उनका स्वामी हृयग्रिवा आचार्य ने तिलक लगाकर उनके साथ अपने अयोध्या दर्शन के अनुभव साझा किये। सभी राम भक्त अक्षत पूजित कार्यक्रम के संयोजक दीपक तायल, नगर संघ चालक भारत भूषण, जिला व्यवस्था प्रमुख संदीप मल्होत्रा, घनश्याम अरोड़ा, सह जिला कार्यवाह राकेश शर्मा ,सुदामा सिंगल ,जिला कार्यवाह हरीश ने माल्यार्पण कर सभी राम भक्तों को स्कूली बैण्ड की धुन पर रवाना किया।

## देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा : विनोद

ऋषिकेश। नगर निगम ऋषिकेश के स्वच्छता ब्राण्ड अम्बेसडर और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास प्रान्त पर्यावरण संयोजक पर्यावरणविद विनोद जुगलान ने कहा कि देश की दशा और दिशा को को बदलने के लिए न्यास की ओर से प्रयासों को धरातल पर सुसंगठित प्रबन्धन पर जोर दिया जा रहा है। पर्यावरणविद विनोद ने कहा बीते तीन दिनों में न्यास के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र (पांच प्रान्तों) के संयोजक डॉ. जगराम भाई के नेतृत्व में उत्तराखंड प्रान्त न्यास संचालन समिति ने सूरजमल विश्व विद्यालय किच्छा, एमबी पीजी कालेज हल्द्वानी सहित जीबी पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के भिन्न भिन्न विषयों के महाविद्यालयों में गोष्ठी, कार्यशालाएं आयोजित की गईं। इसमें बताया गया कि देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा। इसके लिए न्यास की ओर से गढ़वाल एवं कुमाऊं मण्डल में न्यास के नए केंद्र विकसित किये जा रहे हैं। जुगलान ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य शिक्षकों के मध्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के साथ ही स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए युवाओं के व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का मतलब स्वच्छ व्यक्ति,स्वच्छ परिवार,स्वच्छ समाज,स्वच्छ मन,स्वच्छ संस्कृति, स्वच्छ प्रकृति से ही देश में स्वच्छता और स्वस्थता आएगी। बीते तीन दिन की शैक्षणिक यात्रा का जिक्र करते हुए न्यास के उत्तराखंड प्रान्त संयोजक डॉ.अशोक मैंदोला बताया कि प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों से लेकर उच्च प्रबन्धन के छात्र छात्राओं,शोधकर्ताओं और शिक्षकों, शिक्षाविदों के साथ संवाद के कार्यक्रमों के आयोजन से नई उम्मीद जगी है। न्यास के प्रांत अध्यक्ष जीबी पन्त विश्व विद्यालय के प्रोफ़ेसर डॉ विनोद कुमार ने कहा देवभूमि उत्तराखंड ऋषि और कृषि की धरती है इसके संरक्षण संवर्धन के लिए युवाओं को आगे आने की सख्त जरूरत है। कृषि प्रबन्धन कालेज के अधिष्ठाता डॉ. आर एस जादौन और कृषि विश्व विद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. शिवेंद्र कश्यप ने संयुक्त रूप से सभी का आभार जताया। यात्रा में न्यास के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के संयोजक डॉ जगराम भाई जी,देवभूमि विश्व विद्यालय के डीन डॉ संदीप शर्मा, श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय ऋषिकेश परिसर के डॉ अशोक कुमार, जीबी पन्त वि.वि.के डॉ सूरजभान सिंह, पर्यावरण विद विनोद जुगलान प्रमुख सम्मिलित रहे।

## कृषि मंत्री ने ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम के 07वें संस्करण को देखा

देहरादून। मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को कैंप कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के '' परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम के 07 वें संस्करण को सुना और देखा। इस अवसर पर मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से संवाद किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्र छात्राओं को तनाव मुक्त परीक्षा और ज्ञानवर्धक सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चाहे मन की बात कार्यक्रम हो या परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हो उनके प्रत्येक कार्यक्रम में कई रोचक जानकारी मिलने के साथ साथ प्रेरणादायक बातें जानने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी से इस प्रकार के कार्यक्रमों को अवश्य सुनने की अपील भी की। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने प्रदेश के समस्त विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दी।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम परीक्षाओं को एक नई दृष्टि देखने का नजरिया विकसित करता है : राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल ने कहा कि 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम परीक्षाओं को एक नई दृष्टि देखने का नजरिया विकसित करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावक और शिक्षक परीक्षाओं के तनावयुक्त वातावरण से मुक्ति पा सकेंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने सोमवार को दून इंटरनेशनल स्कूल, पौंधा में 'परीक्षा पे चर्चा-2024' कार्यक्रम में शामिल होते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान 'परीक्षा पे चर्चा' के 7वें संस्करण में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन करने के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री मोदी की ओर से शुरू किये गए इस कार्यक्रम से बच्चों को



लाभ मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बच्चों की उत्सुकता, शिक्षकों और अभिभावकों की चिंता को अपने उद्बोधन से उमंग और समाधान में बदलने का काम किया है। प्रधानमंत्री के उद्बोधन ने छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों की शंकाओं का समाधान ही नहीं किया है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाया है।राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के वक्तव्य में परीक्षाओं को बोझ के तरह न लेते हुए बच्चे परीक्षाओं को आंनद, उत्सव के रूप में लें प्रधानमंत्री ने छोटी-छोटी बातें बताई हैं लेकिन यह जीवन में बड़ा महत्व रखती हैं और यह छोटी-छोटी बातें ही हैं जो हमारे जीवन का रुख बदल देती हैं। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ अलग प्रतिभा होती है उसे पहचानने की जरूरत है। आप दूसरों को अपना प्रतिस्पर्धी न मानें बल्कि, आपकी प्रतिस्पर्धा अपने आप से होनी चाहिए। जीवन में जो लक्ष्य तय किया है उसे पूरा करने में अपना सामर्थ्य लगाएं। जीवन में कठिन परिश्रम का कोई प्रतिस्थान नहीं है, बच्चे हर कार्य में हमेशा अतिरिक्त प्रयास करें। राज्यपाल ने बच्चों से कहा कि आप सभी देश के बड़े संसाधन हैं, आपके बूते ही भारत विकसित भारत और विश्वगुरु भारत के लक्ष्य को पूरा कर सकते हैं। आप सभी अपने योगदान से राष्ट्र और समाज में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। हमेशा सर्वश्रेष्ठ बनने की कोशिश करें। इस कार्यक्रम में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रामन, अपर निदेशक समग्र शिक्षा मुकुल कुमार सती, स्कूल के चेयरमैन डी. एस. मान, वाइस चेयरमैन एच. एस. मान, स्कूल की फाउंडर प्रिंसिपल श्रीमती एन. के. मान, निदेशक सोनिका मान सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजूद रहे।

## हरिशंकर-चोपड़ा मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तहसील पर किया प्रदर्शन

गोपेश्वर। चमोली जिले के पोखरी नगर पंचायत के हरिशंकर-चोपड़ा मोटर मार्ग की मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी स्वीकृति न मिलने से गुस्साये ग्रामीणों ने सोमवार को तहसील में विरोध प्रदर्शन करते हुए नायब तहसीलदार के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है। क्षेत्र के ग्रामीण संतोष चैधरी, कुंवर सिंह चौधरी ने कहा हरिशंकर-चोपड़ा मोटर मार्ग जिसकी लंबाई चार किलोमीटर है को तीन मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बाद भी अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है जबकि ग्रामीण लगातार शासन-प्रशासन से पत्राचार करते आ रहे हैं। सड़क की स्वीकृति न मिलने से क्षेत्रीय जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि चोपड़ा, किमगैर, नखोलियाणा, चरकोटी, खडकी, क्षेत्रपाल, धार, गोदी, पोखरी के ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि सड़क नहीं तो वोट नहीं। सड़क की स्वीकृति नहीं मिली तो सभी गांव के लोग ने लोकसभा और निकाय चुनाव का बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में कुंवर सिंह चैधरी, सिताब सिंह, संतोष चौधरी, मयंक वैष्णव, महिंधर पन्त, मंदोदरी पन्त, राजेंद्र कोटियाल, संतोष टम्टा, मधुसूदन चौधरी आदि मौजूद थे।

# स्वयं से प्रतिस्पर्धा का मोदी का सूत्र आत्मसात करें युवा : रविन्द्र पुरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। एसएमजेएन कॉलेज में आज परीक्षा के तनाव से बचने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लाइव छात्र-छात्राओं के सम्मुख प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा के तनाव से बचने के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किये। प्रधानमंत्री ने बच्चों को सुझाव दिया कि हमारा लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए। विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की परीक्षा की तरह ही लेना चाहिए न कि जीवन की परीक्षा की तरह। उन्होंने बच्चों को अहम सुझाव दिया कि लक्ष्य हमारी पहुंच में हो।




हमें अपना मूल्यांकन स्वयं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के पीछे भागना नहीं होना चाहिए अपितु कुछ ज्ञान अर्जित करना होना चाहिए। संगीत में वह सामर्थ्य है कि वह सभी प्रकार के तनाव को दूर सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का मुख्य कार्य छात्रों के भविष्य को संवारना है और उनको अपने कार्य को केवल व्यावसायिक नजरिये से न देखकर छात्र-छात्राओं से एक आत्मीय सम्बन्ध स्थापित करने के रूप में देखना चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों से भी बातचीत की। प्राचार्य डॉ. सुनील बत्रा ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये सुझावों को अमल में लाकर अवश्य ही कामयाबी प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में कॉलेज के अनेक छात्र-छात्राओं ने मा. प्रधानमंत्री के परीक्षा में तनाव से मुक्ति के सम्बन्ध में सुझावों का लाभ उठाया। इस अवसर पर डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, विनय थपलियाल, डॉ. शिव कुमार चौहान, वैभव बत्रा, डॉ. पूर्णिमा सुन्दरियाल, श्रीमती रिंकल गोयल, श्रीमती

# उत्तराखंड : लिवर रोगों में गिलोय की उपयोगिता को अब ब्रिटिश फार्मा ने भी माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। गिलोय के हेपटोप्रोटेक्टिव (लिवर को स्वस्थ रखने की क्षमता) और अन्य लाभकारी प्रभाव को अब यूनाइटिड किंगडम ने भी स्वीकार किया है, जिसे रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल 'जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने प्रकाशित किया है। यह जानकारी उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित पतंजलि योग पीठ की ओर से दी है। यूके के जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी ने स्वीकार किया है कि गिलोय पर अनुसंधान में पाया कि यह लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर की कोशिकाओं का क्षरण रोकने तथा लिवर को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक है। साथ ही गिलोय शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि करता है। गिलोय के प्रयोग को दैनन्दिन (खाद्य के रूप में) प्रयोग करके अनेक रोगों में लाभ प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गिलोय का प्रयोग लिवर को सुरक्षा प्रदान करने वाले पूरक खाद्य के रूप में किया जा सकता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि गिलोय को परंपरागत रूप से रक्त शोधन व रोग प्रतिरोधक क्षमता की वृद्धि के लिए प्राचीनकाल से ही गिलोय प्रयोग किया जाता था। गिलोय एक हेपेटोप्रोटेक्टिव एजेंट है। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आयुर्वेद को कुलचने का भरसक प्रयास किया गया किन्तु पतंजलि ने सदैव आयुर्वेद को गौरव प्रदान किया है। कोरोना काल में गिलोय को लेकर भ्रांति पैदा करने का प्रयास किया गया कि गिलोय के अधिक सेवन से लिवर पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

## कब्जा करने की नीयत से बनाए जा रहे मंदिर को नगर निगम प्रशासन ने हटाया

ऋषिकेश। आईएसबीटी स्थित चंद्रभागा नदी के निकट मंदिर की आड में कब्जा किए जाने की नीयत से बनाए जा रहे कथित मंदिर को नगर निगम प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। आईएसबीटी स्थित खोखा यूनियन के कुछ लोगों ने चंद्रभागा नदी के निकट मंदिर की आड में कब्जा किए जाने की नीयत से पहले से रखे गए शिवलिंग के बाद शनि का मंदिर बनाए जाने की शिकायत पर नगर निगम प्रशासन ने कार्रवाई को अमली जामा पहनाते हुए सोमवार की सुबह अतिक्रमण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इसका विरोध करने आए खोखा यूनियन के अध्यक्ष नंदकिशोर जाटव ,दलबीर सिंह, अरविंद सिंह को नगर निगम प्रशासन ने समझाते हुए करवाई को अंजाम दिया। नंद किशोर जाटव का कहना था कि इस संबंध में नगर निगम के मुख्य आयुक्त से मिलकर एक बार फिर मंदिर बनाए जाने के लिए आग्रह किया जाएगा, इसके बाद इस मंदिर को भव्य बनाया जाएगा। मंदिर हटाए जाने को लेकर आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में 10-15 लोगों ने विरोध भी किया।

# सोलर पैनल लगाने वाले चाहे जितनी खर्च करे बिजली बिल जीरो: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार ने दिल्लीवालों को तोहफा दिया है। सोमवार को दिल्ली की नई सोलर नीति 2024 को कैबिनट से पास कर दिया। इसमें प्रावधान किया गया है कि सोलर पैनल लगाने वाला व्यक्ति चाहे जितनी यूनिट बिजली खर्ज करे, उसका बिल जीरो ही आएगा। सोमवार को प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, ''दिल्ली सरकार ने नई सौर ऊर्जा नीति, सौर नीति 2024 जारी कर दी है। अब तक 2016 की नीति लागू थी, जो सबसे प्रगतिशील नीति थी।'

उन्होंने कहा, ''पुरानी नीति में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त, 400 तक आधी यूनिट और उससे ऊपर का पूरा बिल वसूला जाता है। नई सोलर नीति में जो लोग अपनी छत पर सोलर पैनल लगाएंगे, उनका बिजली बिल शून्य होगा, चाहे वे कितनी भी



यूनिट बिजली का उपभोग करें। साथ ही छत पर सोलर पैनल लगवाने पर हर माह 700 से 900 रुपये की कमाई होगी।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सोलर पॉलिसी 2024 के तहत दिल्ली सरकार पांच फायदे दे रही है। यदि 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगते हैं तो 3 रुपये प्रति यूनिट की दर से दिल्ली सरकार खाते में डालेगी। 3 से 10 किलोवाट तक 2 रुपये प्रति यूनिट मिलेगा। 5 साल तक लोगों को जनरेशन बेस्ड इंसेंटिव मिलेगा। इस स्कीम के तहत कैपिटल सब्सिडी भी दी जा रही है, जिसमें प्रतिकिलो वाट 2 हजार रुपये रेजिडेंशियल कंज्यूमर को मिलेंगे। अधिकतम 10000 रुपए कैपिटल सब्सिडी मिलेगी। साथ ही नेट मीटर लगेगा। इसे जितनी बिजली की खपत होगी और जितनी बिजली पैदा होगी उसके आधार पर उपभोक्ता को बिल देना होगा या सरकार से पैसे भी मिलेंगे। आगे मुख्मंत्री ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति 400 यूनिट बिजली की खपत की और 100 यूनिट बिजली सोलर पैनल से पैदा की तो 300 यूनिट का ही बिजली का बिल उपभोक्ता को जमा करना पड़ेगा। यदि कोई उपभोक्ता पूरे साल ज्यादा बिजली पैदा करता है और खपत कम करता है तो ज्यादा पैदा की गई बिजली का भी पैसा मिलेगा। इस योजना से लोगों के बिजली का बिल आधा हो जाएगा। रेजिडेंशियल के सभी लोगों का बिजली का बिल सोलर पैनल लगवाने पर माफ हो जाएगा। कॉमर्शियल और इंडस्ट्रियल का बिल आधा हो जाएगा। जिनके पास छत नहीं है। पैसा नहीं है, वह थर्ड पार्टी से जमीन लेकर सोलर लगा सकते हैं। इसके लिए कम्युनिटी सोलर का कॉन्सेप्ट निकल गया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय     कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063